हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
रांची, शनिवार, 21 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 129 www.koylanchalsamvad.com
रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe Koylanchal sambad news



## खुसरूपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से एक युवक मौत

पटना. पटना के खुसरूपुर थाना क्षेत्र में बाढ़ के पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से युवक गहरे पानी में चला गया। घंटों मशक्कत के बाद शव मिला। मृतक की पहचान बैकठपुर गांव निवासी अखिलेश झा के पुत्र प्रकाश झा(18) के तौर पर हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। आसपास के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। प्रकाश को तैरना नहीं आता था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मामले की सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। खुसरुपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया को पोस्टमार्टम के लिए शव को पटना भेज दिया गया है। मामले कीछानबीन की जा रही है।

## पिता ने बेटे को मोबाइल गेम खेलने से मना किया: बांका में मां ने खाया जहर, गंभीर हालत में भर्ती

बांका. बांका के शंभूगंज थाना क्षेत्र में बच्चे को मोबाइल पर गेम खेलने से पिता ने मना किया तो गुस्से में आकर मां ने खा जहर खा लिया। आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में महिला को भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर द्वारा महिला का इलाज किया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए बांका सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को परिजन ने बताया कि अजय दास ने अपने बेटे को मोबाइल पर गेम खेलने से मना किया। पत्नी से मोबाइल देने के लिए मना किया था। इसके बाद भी जबरदस्ती बच्चों ने मोबाइल लेकर गेम खेलना शुरू कर दिया। जिसे देखकर पति ने पत्नी को फटकार लगाई।इसी गुस्से में आकर पत्नी ने जहर खा लिया। शंभूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर गांव निवासी अजय दास का पुत्र मोबाइल पर हरदम गेम खेला करता था। जिसे देखकर पिता काफी परेशान था। जिसको लेकर पिता ने मोबाइल पर गेम खेलने के लिए सख्त मना किया था।साथ ही पत्नी से कहा था कि बच्चे को मोबाइल नहीं देने। कई बार मना करने के बाद भी उनका पुत्र नहीं माना। मन से मोबाइल लेकर फिर से गेम खेलना शुरू कर दिया। इसके बाद जैसे ही अजय दस घर लौटा तो देखा फिर से उनका बेटा मोबाइल पर गेम खेल रहा है। अजय दास निराश होकर पुत्र और पत्नी दोनों को डांट लगा दी। इसके बाद पत्नी ललिता देवी ने गुस्से में आकर घर में रखे जहर खा लिया। कुछ देर के बाद ललिता का जब हालत खराब होने लगा तो परिजनों ने उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बांका सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर द्वारा महिला का इलाज किया गया है।

## स्कॉर्पियो बाइक की टक्कर में 2 की मौत

जहानाबाद. जहानाबाद में स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मारी है जिसमें तीन लोग हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना शकूराबाद बभना सड़क पर आलमपुर गांव के पास की है। परस बीघा थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव निवासी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर विक्रम कुमार करण कुमार और हेमंती देवी आ रहे थी। तभी विपरीत दिशा से एक स्कॉर्पियो आ रही थी जिसने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान करण कुमार और हेमंती देवी की मौत हो गई। इस घटना की सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद मृतक शख्स के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण या घटना घटी है। जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण घटना घट रही है लेकिन वाहन चालक घटना से सीख नहीं ले रहे हैं।

## नहर में गिरा ई-रिक्शा:2 लड़की को गंभीर चोट

मोतिहारी. ई रिक्शा चालक की लापरवाही से सवारी से भरी ई रिक्शा नहर में पलट गई। ई रिक्शा में सवार एक ही परिवार के पांच लोग ई रिक्शा सहित नहर में गिर गए। अत्यधिक पानी होने के चलते सभी यात्री डूबने लगे। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने नहर में छलांग लगाकर सभी यात्रियों की जान बचाई। इस घटना में दो लड़की बुरी तरह घायल हो गई जिनका इलाज एसआरपी हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना नोनियडीह साइफन के पास की है। ई रिक्शा पर सवार यात्रियों ने बताया कि ई रिक्शा चालक तेज गति में ई रिक्शा चला रहा था। ई रिक्शा चलाने के दौरान चालक मोबाइल पर रील देख रहा था जिस कारण यह घटना घटित हुई। पांच लोग उसमें सवार थे, जिसमें रोशनी कुमारी को ज्यादा चोट आई है। बाकी सवारी को हल्की चोटें आई है। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुच ई रिक्शा चालक को अपने साथ थाना ले गई। वही ई रिक्शा को जेसीबी की मदद से निकाला गया। सभी यात्री एक ही परिवार के थे सभी नेपाल के पोखरा से लौट रहे थे। रक्सौल पहुच कर अपने गांव गम्हरिया कला ई रिक्शा से जा रहे थे तब तक ई रिक्शा चालक के लापरवाही से ई रिक्शा नहर में जा गिरा।

## महिला कॉन्स्टेबल को वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर

जमुई. जमुई की मलयपुर पुलिस लाइन से ड्यूटी करने के लिए मुख्यालय स्थित अभियोजन कोषांग जा रही एक महिला कांस्टेबल सड़क हादसे का शिकार हो गई। इनकी स्कूटी में मलयपुर मुख्य मार्ग के सतगामा से पीछे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। महिला कांस्टेबल की हालत गंभीर होते देख स्थानीय लोगों ने पूरी घटना की जानकारी डायल-112 पुलिस टीम के एसआई महेंद्र कुमार सिंह को दिया। जानकारी के बाद महेंद्र सिंह अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में पड़ी घायल कांस्टेबल को स्थानीय लोगों की मदद से डायल-112 पुलिस की टीम ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## पूर्णिया में पूर्व विधायक बीमा भारती के घर की कुर्की

पूर्णिया. पूर्णिया के हाई प्रोफाइल गोपाल यादुका मर्डर मामले में रुपौली विधानसभा से 5 बार की विधायक रहीं बीमा भारती की टेंशन अब और बढ़ गई है। राजद नेत्री और पूर्व MLA बीमा के भट्ठा स्थित घर पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की है। बीमा भारती के पति अवधेश मंडल और बेटे राजा पर गोपाल यादुका की हत्या का आरोप है। हत्याकांड में नाम आने के बाद से राजा फरार है, जबकि पति अवधेश मंडल ने बीते 5 अगस्त को ही सिविल कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया था। इसके बाद से ही कुख्यात अवधेश मंडल जेल में बंद है।

## सीएम ने मां विषहरा मंदिर का किया उद्घाटन

सहरसा. शुक्रवार को एक दिवसीय दौड़े पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहरसा पहुंचे। जहां वो कहरा प्रखंड के महंत मिट्ठु दास राजकीय उच्च विद्यालय स्थित हेलीपैड पर उतरे और सड़क मार्ग से मां विषहरा मंदिर पहुंचे। वहां पूजा अर्चना करने के बाद उन्होंने मां विषहरा मंदिर का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव,महिषी विधानसभा के जदयू विधायक गूँजेस्वर साह,मंत्री रत्नेश सादा ,मंत्री सह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल,पूर्व विधायक अरुण यादव सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। मुख्यमंत्री मंदिर के भ्रमण के बाद सड़क मार्ग से अमरपुर के लिए रवाना हो गए। जहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया फिर पटना के लिए रवाना हो गए। सुरक्षा के कारणों को लेकर मंदिर परिसर के अंदर मीडिया के जाने पर रोक लगा दिया गया गया था। जिसे लेकर जगह-जगह बेरिकेटिंग की गई थी। सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती की गई थी। वहीं मंदिर परिसर के बाहर की बात करें बाहर में टेंट लगाया गया था। जहाँ कार्यकर्ता और आम लोगों की बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। साथ ही साथ भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें प्रसिद्ध गायक आगेंद्र कुमार आगा ने एक से बढ़कर एक भजन की भी प्रस्तुति दी। जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

# प्रेमिका के भाई की गर्लफ्रेंड पर भी नजर, मिली मौत:साइकिल पर शव रख फेंकने गया, कीचड़ में फंसने पर छोड़कर भागा; मैसेज से खुलासा



मोतिहारी. पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन में 27 अगस्त को साइकिल पर लदी बोरे में बंद युवक की लाश मिली थी। हत्या के इस मामले का आज खुलासा हो गया है। मृतक विक्की (18) को उसकी प्रेमिका के भाई विकास ने ही मारा था। इसमें प्रेमिका के परिवार वालों ने भी पूरा सहयोग किया था। पुलिस ने हत्या में शामिल पिता-पुत्र को अरेस्ट कर लिया है। वहीं, उनके परिवार के बाकी लोग फरार हैं। मृतक और आरोपी परिवार एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। मामले में एक बड़ा खुलासा यह भी हुआ कि विक्की का प्रेमिका के भाई विकास की गर्लफ्रेंड से भी नजदीकी थी। शादीशुदा बहन का प्रेमी होने की वजह से विकास वैसे ही विक्की से चिढ़ा रहता था। ऊपर से विक्की ने विकास की गर्लफ्रेंड पर भी बुरी नजर रखी थी। इन्हीं बातों से गुस्साए विकास ने परिवार का सहयोग लेकर विक्की की निर्मम हत्या कर दी।

सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि विक्की की हत्या के बाद उसके परिजनों ने अज्ञात बदमाशों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद हम लोगों ने टेक्निकल टीम से साक्ष्य जुटाना शुरू किया। इसी बीच विक्की के मोबाइल पर मैसेज मिला। विकास ने विक्की को मैसेज कर मिलने के लिए बुलाया था। इसी से पुलिस असली हत्यारों तक पहुंची। टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर जब उससे पूछताछ की गई तो पूरे कांड का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार 26 अगस्त की रात विक्की जब विकास से मिलने के लिए गया, उसी वक्त घटना को अंजाम दिया गया। विक्की को चाकू मारने के दौरान विकास का हाथ कट गया था। वह विक्की के शव को बोरे में डालकर उसे फेंकने जा रहा था। तभी कीचड़ में साइकिल फंस गया। वह शव को वहीं छोड़कर फरार हो गया। विकास ने इसके बाद गुप्त जगह अपना इलाज कराया, फिर सीतामढ़ी जाकर अपनी मौसी के घर में छिप गया।

### शादी के बाद भी मायके में रही थी मृतक की प्रेमिका

जानकारी के अनुसार विकास की बहन की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद उसके ससुराल में कुछ विवाद हुआ। फिर वह अपने मायके में ही रह रही थी। एक साल पहले विक्की से उसकी मुलाकात हुई थी। दोनों मे प्यार बढ़ा, इसी बीच विक्की की नजर प्रेमिका के भाई विकास की गर्लफ्रेंड पर पड़ी। वह उसे भी अपने झांसे में लेने लगा। इस बात की जानकारी विकास को लग गई। जिसके बाद दोनों में विवाद शुरू हुआ था। विकास, विक्की की हत्या की योजना बनाने लगा और मौका मिलने पर 26 अगस्त की रात उसकी हत्या कर दी।

### हत्या में 4 लोग थे शामिल

पुलिस के अनुसार विकास मनचला किस्म का लड़का था। अक्सर किसी न किसी के साथ छेड़खानी करता था। कुछ दिन पहले भी उसने एक लकड़ी के साथ छेड़खानी की थी, जिसके बाद उसकी पिटाई हुई थी। विकास ने जब विक्की की हत्या की तो परिजनों ने उसकी पूरी मदद की थी। विकास के इलाज कराने से लेकर साक्ष्य छिपाने में चार लोग शामिल थे। इनमें तीन की पहचान हो गई। जिसमें दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, एक की पहचान की जा रही है।

# कटिहार पुलिस और पब्लिक के बीच तीखी नोंकझोक:बिना वैध कागजात दिखाए जमीन की जुताई रोकी, पहले से लागू है धारा-144



कटिहार. कदवा थाना क्षेत्र के कुम्हरी गांव के अखाराबारी में अपनी जमीन को ट्रैक्टर से जुताई कर रहे जमीन मालिक शिव शंकर झा व उनके कई अन्य सहयोगियों को पुलिस ने बलपूर्वक जमीन जोतने से रोक दिया। बलपूर्वक जमीन को जुताई को रोकने के कारण स्थानीय मुखिया पति, सरपंच पति व उनके कई अन्य सहयोगियों की कदवा पुलिस के साथ तीखी नोंकझोंक हुई। दर्जनों पुलिस के साथ लगभग ढाई घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

बताते चलें कि बीते कई वर्षों से उक्त जमीन का भू-स्वामी के पिता द्वारा किसी अन्य को वसीयतनामा लिखे जाने को लेकर विवाद चल रहा है। पूर्व में इसी भू-स्वामी की किसी अन्य जमीन के मालिकाना हक को लेकर उठे विवाद के कारण अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 144 लगाकर दोनो पक्षों को जमीन पर जाने से रोका गया था। वर्तमान में उक्त भूमि पर किसी प्रकार का रोक किसी न्यायालय से नही है। भू स्वामी व जनप्रतिनिधियों द्वारा कदवा थानाध्यक्ष से जमीन को जुताई से रोकने का किसी वरीय पदाधिकारी द्वारा रोकने की आदेश की कॉपी मांग की गई। जमींदार पक्ष का कहना था कि रोक का कोई भी आदेश दिखाए वे लोग स्वयं जमीन से हट जाएंगे या फिर थानाध्यक्ष लिखकर दें कि वे स्वयं भूमि को जोतने से रोक रहे है। परंतु थानाध्यक्ष द्वारा किसी प्रकार का वैद्य कागजात नही दिखाने पर जमींदार पक्ष के लोग ढाई घंटे तक अड़े रहे। पुलिस को जमींदार पक्ष का आक्रोश भी झेलना पड़ा। ढाई घंटे तक बहस चलने के बाद थानाध्यक्ष द्वारा सात दिनों के भीतर रोक से संबंधित कागजात उपलब्ध कराने की बात पर मामला शांत हो पाया। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

### लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को लेकर लगाया गया रोक-थानाध्यक्ष

कदवा थाना अध्यक्ष सुजीत कुमार का कहना था कि पूर्व में जनता दरबार में भू स्वामी व उनके पक्ष को जमीन पर जाने से रोक लगाई गई थी। परंतु इन लोगों की मनमानी के कारण लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पैदा हो सकती है, जिस वजह से उनके द्वारा रोक लगाई गई है। वहीं भू स्वामी पक्ष का कहना था कि उक्त भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई विवाद को लेकर अपोजिशन पार्टी के लोग स्थल पर मौजूद नहीं हैं। फिर ला एंड ऑर्डर की स्थिति कैसे पैदा हो सकती है? आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा विपक्षी से पैसे का लेनदेन कर जोर जबरन एक विकलांग व्यक्ति को सताते हुए उसकी भूमि से बेदखल किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई ने बताया कि घटना के बारे उन्हें पूरी जानकारी नहीं है। परंतु वे और अनुमंडल पदाधिकारी श्वेताम दीक्षित द्वारा शनिवार को बैठकर दोनों पक्षों में सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



सीवान. सीवान में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के नगवां की है। मृतक की पहचान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के हिलसर का रहने वाला राजकिशोर सिंह के बेटे संदीप कुमार सिंह के रूप में हुई (24) है। पीड़ित परिजनों ने बताया कि संदीप शुक्रवार को बाइक से किसी निजी काम को लेकर मलमलिया की तरफ जा रहा था। तभी नगवां में किसी वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे घायल अवस्था में भगवानपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सीवान रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने ही परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। परिजन दौड़े-दौड़े अस्पताल पहुंचे और संदीप को सीवान सदर अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इधर मृत्यु के बाद सभी परिजन दहाड़ मार कर रो रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया है और परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी रमाशंकर साह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस वाहन चालक को पकड़ने में जुटी है। जल्दी ही आरोपी वाहन चालक को पकड़ लिया जाएगा। परिजन के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर स्थानीय लोगों ने वाहन चालक को पकड़ उसके विरुद्ध कार्रवाई करने के मांग किया है। साथ में पीड़ित परिजन को आपदा के तहत मुआवजा देने की मांग किया है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप: गोपालगंज में मायकेवालों ने ससुराल के लोगों पर लगाया आरोप, 2023 में हुई थी शादी

गोपालगंज. गोपालगंज के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के धर्म परसा गांव में एक नवविवाहिता का शव पुलिस ने उसके घर से बरामद किया है। बरामद शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान धर्म परसा गांव निवासी मुकेश यादव की 20 वर्षीय पत्नी लता देवी के रूप में की गई। बताया जाता है कि कुतुब छपरा गांव निवासी स्व रामेश्वर यादव की बेटी लता की शादी मांझागढ़ थाना क्षेत्र के धर्मपरसा गांव निवासी बंका यादव के बेटा मुकेश यादव से पिछले साल जून महीने में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद मृतक महिला के पति दहेज में बाइक की मांग करने लगा। अपनी पत्नी लता पर मायके से मांगने का दबाव बनाने लगा, लेकिन विवाहिता द्वारा मायके से नहीं मांगने पर उसके साथ मारपीट करता था। जिससे तंग आकर वह अपने मैके चली गई थी। भाई हरेंद्र यादव ने बताया कि शादी में बार-बार उसका पति दहेज की मांग करता था। इसके बाद मेरी बहन मायके आ गई। करीब पिछले डेढ़ माह पहले उसका पति घर आया। उसे अपने साथ लेकर चला गया। कुछ दिन तक ठीक से रखा इसके बाद फिर उसके साथ प्रताड़ना शुरू कर दिया गया। पति ने उसके मैके में फोन कर बताया कि आप अपनी बहन को लेकर जाइए जिसके बाद आज हम लोग जाने वाले थे। तभी आस पास के लोगो ने सूचना दी कि उसकी मौत हो गई जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो उसका शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के ससुर को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। वही इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संग्राम सिंह ने बताया की अभी तक परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वही मृतका के ससुर को डिटेन किया गया है।

## नाथनगर में लोगों से भरी नाव पलटी:बाढ़ प्रभावितों ने किया प्रदर्शन, सुल्तानगंज-मुंगेर मुख्य मार्ग जाम किया; सामाग्री नहीं मिलने से नाराज लोग



भागलपुर. भागलपुर में शुक्रवार को सुल्तानगंज के गंगनिया पंचायत में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री नहीं मिली। इससे नाराज लोगों ने सुलतानगंज-मुंगेर मुख्य मार्ग NH-80 गंगानिया पुल के पास जाम कर घंटों जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं, नाथनगर प्रखंड क्षेत्र के बैरिया घाट के पास बाढ़ पीड़ितों को लेकर आ रही एक नाव पलट गई। नाव पर मवेशी और एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। जिसमें बच्चे और महिला शामिल थी। नाव पलटते ही कुछ लोग तैर कर नदी से बाहर निकल आए। वहीं, नाव की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मवेशी और सारा सामान पानी में बह गया का कुछ पता नहीं चल पाया। बताया जाता है कि सभी बैरिया गांव के हैं। अपने परिवार के साथ बाढ़ का पानी अधिक हो जाने के कारण घर का सामान और बच्चों को लेकर सुरक्षित स्थान पर जा रहे थे। तभी बैरिया घाट के समीप नाव पलट गया। इधर, जाम की घटना की जानकारी मिलने पर अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना अध्यक्ष समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर लोगों को समझा बूझकर मामले को शांत करवाया गया। सड़क से जाम हटवाया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने पर 4 दिनों से हमारा घर खेत खलियान सब डूब गया है। अब तक हम लोगों को जिला प्रशासन की तरफ से कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। हम लोग काफी परेशानियों में गुजर-बसर कर रहे हैं।

## गैंग रेप के मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर: दरभंगा में 3 अगस्त को नशीली पदार्थ पिलाकर हुई थी वारदात; 2 बदमाश फरार

दरभंगा. दरभंगा के बड़गांव थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 साल की नाबालिग के साथ नशीली पदार्थ पिलाकर 3 अगस्त को गैंग रेप किया गया था। इस मामले में पुलिस की दबिश बढ़ता देख मुख्य आरोपी नदीम ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। दरअसल, पुलिस ने आरोपी के घर कुर्की जब्ती को लेकर इश्तहार चिपकाया था। इसके बाद इसने सरेंडर कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी समालित कलीमुद्दीन को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। घटना में संलिप्त दो आरोपी नौसाद और रफीउल्लाह अभी भी फरार चल रहे है। गैंग रेप की घटना को लेकर पीड़िता की मां ने बड़गांव थाने में सात जुलाई को एफआईआर दर्ज करवाई थी। 3 अगस्त की शाम 6:30 बजे की घटना बताई गई थी। दर्ज एफआईआर के मुताबिक 3 अगस्त की शाम नाबालिग लड़की घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर घास काटने के लिए गई थी। कनहई गांव के नदीम सहित चार युवकों ने मिलकर बच्ची को मुंह में गमछा बांध कर पास के बगीचा में ले गया। वहां उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीली पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। फिर उसके साथ गैंग रेप किया। घटना के बाद बदमाशों ने लड़की को मोटरसाइकिल से सड़क किनारे लाकर छोड़ दिया। उसे होश आया, तो वह घर की ओर आ रही थी। उसको बदहवास देखकर स्थानीय लोगों ने घर पहुंचाया। बड़ागांव थाना अध्यक्ष कल्पना कुमारी ने एक की गिरफ्तारी की पुष्टि और कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की बात बताई है। बता दें कि कुछ दिन पहले मुख्य आरोपी नदीम के घर पर कुर्की जब्ती को लेकर पुलिस ने इश्तहार चिपकाया था। कुर्की जब्ती के लिए कोर्ट से आदेश लेने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच नदीम ने आज आत्मसमर्पण कर दिया है।

# विजयदशमी के लिए 80 फीट का रावण हो रहा तैयार:राजस्थानी-मैथिली परिधान में दिखेगा रावण, वृंदावन से आएंगे रामलीला के 30 कलाकार

पटना. पटना में दशहरा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। श्री दशहरा कमेटी ट्रस्ट की ओर से इस बार भी रावण दहन का कार्यक्रम गांधी मैदान में ही होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि इस बार रावण राजस्थानी और मैथिली परिधान में नजर आएगा। रावण की ऊंचाई 80 फीट होगी, जो पिछले साल से 10 फीट ज्यादा है। पिछले साल रावण 70 फीट का था। वहीं, 75 फीट का कुंभकरण और 70 फिट का मेघनाद का पुतला बनाया जा रहा है। 12 अक्टूबर को पुतला दहन कार्यक्रम होगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि अगर मौसम खराब हुआ या बारिश हुई तो भी रावण का पुतला गलेगा नहीं। वह जलते रहेगा। पिछले साल से इस बार बहुत अलग हटकर बनाया गया। इस बार स्मार्ट रावण और बहुत खूबसूरत बना है। पुतलों को बारिश से बचाने के लिए पतली पॉलीथिन का कवर भी बनाया जा रहा है। रावण दहन के साथ आतिशबाजी का नजारा दिखेगा।

### वृंदावन से आएंगे रामलीला के 30 कलाकार

इस रावण दहन से पहले पटना के ठाकुरबाड़ी में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए वृंदावन से 30 कलाकार आ रहे हैं। 11 दिन तक यह रामलीला चलेगी। विजय दशमी को दोपहर 2 बजे श्रीराम अपनी वानर सेना के साथ लंका विजय के लिए निकलेंगे। उनके साथ लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी भी रहेंगे। श्रीराम अपनी सेना के साथ पटना के अलग-अलग रास्तों से होते हुए गांधी मैदान पहुंचेंगे। फिर श्रीराम के हाथों रावण का वध किया जाएगा। उसके बाद तीनों पुतलों को अग्नि के हवाले किया जाएगा।

## 2 लाख देकर फर्जी आईपीएस बना, ड्रेस पहनकर गांव में घुमा:पुलिस से बोला- ड्यूटी कहां है पता नहीं

जमुई. जमुई पुलिस ने फर्जी आईपीएस को गिरफ्तार किया है। इसके पास से नकली पिस्टल और कई दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पकड़े गए शख्स की पहचान भगलू मांझी के बेटे मिथलेश मांझी(18) के रूप में हुई है। उसका कहना है 2 लाख रुपए देकर में आईपीएस बना हूं। खैरा थाना इलाके के रहने वाले मनोज सिंह ने मुझे ये वर्दी दी थी। पिस्टल देते वक्त यह भी कहा था कि इसे संभाल कर रखना। गोली चली तो किसी की मौत भी हो सकती है। बाइक पर आईपीएस की वर्दी पहनकर मिथलेश सिकंदरा थाना इलाके के चौक पर खड़ा था। उधर से गुजर रही पुलिस की टीम को शक हुआ। उसने मिथलेश मांझी से पूछताछ की तो उसने खुद को आईपीएस बताया। जांच के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। मिथलेश से जब पूछा गया कि ड्यूटी कहां लगी है तो उसका कहना है कि पता नहीं। फर्जी अधिकारी मिथिलेश मांझी ने बताया कि कुछ महीने पहले उसकी मुलाकात खैरा थाना इलाके के रहने वाले मनोज सिंह से हुई थी। उसने कहा था कि वो 2 लाख में उसे पुलिस वाला बना देगा। मैंने उसे 4 अगस्त को 2 लाख रुपए दिए थे। मिथलेश मांझी ने बताया कि खैरा चौक स्थित सरकारी स्कूल के पास उसने मुझे ये वर्दी दी थी फिर मुझे घर जाने के लिए कहा था। वो 30 हजार रूपया मांग रहा था। मैंने उसे पहले 2 लाख रुपया दे चुका था। मैं आज सुबह चौक पर रसगुल्ला खाने के बाद लिट्टी खाने जा रहा था। तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

# कबाड़ी कारोबारी की प्लानिंग के साथ की गई हत्या: दोस्तों संग मिलकर घटना को दिया अंजाम

समस्तीपुर. समस्तीपुर के नीम गली मोहल्ला में 2 दिन पहले कबाड़ी कारोबारी बैजू सेठ हत्याकांड का शुक्रवार को खुलासा हुआ। फूल दुकानदार के स्टाफ के साथ विवाद के कारण हत्या की गई थी। फूल दुकानदार का स्टाफ विशाल कुमार ने अपने सहयोगी मित्र के साथ मिलकर इस कांड को अंजाम दिया। पुलिस हत्याकांड के दौरान बाइक चला रहे मथुरापुर थाना क्षेत्र के झिल्ली चौक निवासी सनी कुमार को गिरफ्तार की है। जबकि इस मामले में विशाल और उसका दोस्त राकेश उर्फ महाकाल की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।



### बच्चे के विवाद में बात हत्या तक पहुंची

SSP संजय पांडे ने बताया कि घटना से एक दिन पहले बैजू सेठ का पड़ोसी से विवाद हुआ था। फूल दुकानदार के स्टाफ विशाल कुमार के परिवार का मृतक के बच्चे से विवाद हुआ था। बच्चा रोता हुआ आकर बैजू सेठ को घटना की जानकारी दिया। इसके बाद बैजू सेठ के अलावा उनके परिवार के लोगों ने फूल दुकानदार के स्टाफ विशाल कुमार के साथ मारपीट की थी। इसी को लेकर विशाल अपने दोस्त राकेश कुमार के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। राकेश पहले से ही आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहा है। वह मथुरापुर थाना क्षेत्र से जेल भी जा चुका है। विशाल ने उससे संपर्क कर उसने इस हत्याकांड की योजना बना डाली। 18 सितंबर की शाम राकेश कुमार उर्फ महाकाल अपने सहयोगी सन्नी कुमार ,जो उसकी बाइक चला रहा था के साथ बैजू सेठ की दुकान पर पहुंचता है। सन्नी बाइक पर ही बैठा रहता है, जबकि राकेश बैजू सेठ के दुकान के अंदर जाकर करीब 10 से 15 मिनट तक उससे बातचीत करता है। इसी दौरान बैजू सेठ को नजदीक से सीने में गोली मार कर फरार हो जाता है। पुलिस ने मौके से खोखा भी बरामद किया था। एसपी संजय पांडे ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद विशाल और उसका दोस्त राकेश अंडरग्राउंड हो गया है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। पकड़ने के लिए वैज्ञानिक तौर तरीकों का भी उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राकेश उर्फ महाकाल का पूर्व से अपराधी के इतिहास रहा है। वह मथुरापुर थाना क्षेत्र से जेल भी जा चुका है। बता दें कि 18 सितंबर की देर शाम बैजू सेठ जब अपनी दुकान पर बैठे हुए थे, इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों में से एक बदमाश उतार कर उनके दुकान में गया। कुछ देर बातचीत की फिर उसे गोली मार दी। सदर अस्पताल लाने के दौरान बैजू सेठ की मौत हो गई।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

रांची, शनिवार, 21 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 129

www.koylanchalsamvad.com

मोदी बोले- कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी:इन्हें गणपति... | सारी दुनिया, इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों से भयभीत | खूबसूरती का खजाना आपके रसोईघर में ही उपलब्ध है

मूल्य : 2 रुपए

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज पर दिया जोर, बोलीं आज भी गरीबी में जी रहे किसान

# राष्ट्रपति बोलीं- वेस्ट मैटेरियल का सही इस्तेमाल करें किसान: बढ़ेगी आमदनी, पर्यावरण भी संरक्षित होगा

### राजभवन में मूर्ति गार्डन का उद्घाटन किया

**रांची:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिनों के झारखंड दौरे पर गुरुवार शाम रांची पहुंचीं। शुक्रवार को वे आईसीएआर के शताब्दी समारोह में शामिल हुईं। इसके साथ ही राजभवन में मूर्ति गार्डन का उद्घाटन भी किया। आईसीएआर के शताब्दी समारोह में शामिल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कृषि का काम काफी चुनौती भरा है। 21वीं सदी में भी किसानों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। किसान के सामने खाद्य और पोषण सुरक्षा को बनाए रखना, संसाधनों का सतत इस्तेमाल और जलवायु परिवर्तन जैसी तीन अहम चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के दौरान जो अपशिष्ट बच जाते हैं, हम उनका भी इस्तेमाल कर सकते हैं। उसे प्रोसेस कर उपयोगी तथा मूल्यवान वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। इससे पर्यावरण का संरक्षण होगा। साथ ही किसानों की आय भी बढ़ेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परिकल्पित झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं से सुसज्जित 'मूर्ति गार्डेन' का भी उद्घाटन किया। इस दौरान राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईसीएआर-एनआईएसए के शताब्दी समारोह में बोलते हुए कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं. इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मधुमक्खी और पशुपालन पर भी जोर दिया और बोला कि इससे छोटे किसानों को लाभ मिलेगा. इस दौरान मंच पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन,केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ , कृषि मंत्री दिपिका सिंह पांडेय भी मौजूद रहे. इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पौधरोपण किया.



### पीपुल गवर्नर के रूप में राष्ट्रपति की झारखंड में पहचान: राज्यपाल

राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम को राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि मैं जिन इलाकों में अभी तक गया हूं, हर जगह एक बात कॉमन है कि राज्य की राज्यपाल के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वालीं द्रौपदी मुर्मू ने पीपुल गवर्नर के रूप में पहचान बनाई. वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज किसानों के लिए सिर्फ बड़ी बड़ी बातें होती हैं, कागजों पर खुशहाल किसान का आंकड़ा भी दिखा देते हैं लेकिन हकीकत उससे काफी अलग है. आज किसानों की स्थिति और समस्याएं जस की तस हैं. आज हम इस बात पर गौरवांवित हो रहे हैं कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55% झारखंड में उत्पादन होता है. लेकिन इस पर कोई चिंतन नहीं करता कि हम कुल 70% उत्पादन से 55% पर कैसे आ गए.

### झारखंड से है विशेष लगाव

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के जयकारे के साथ किया. उन्होंने कहा कि झारखंड से उनका विशेष लगाव है. 2017 में इस संस्थान के साथ मिलकर कृषि मेले का उद्घाटन किया था. संस्थान ने लाख, रेजिन जैसे कई उत्पादों में विशेष योगदान दिया.लाख के उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित करने का मौका मिला.

### अपने राज्यपाल के कार्यकाल को किया याद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने राज्यपाल के दिनों को याद करते हुए बोला कि जब मैं पलामू गई थी तो वहां मुझे बताया गया कि पलाश ,लाख एवं महुवा के नाम पर पलामू का काम रखा गया है. लाख का 55 प्रतिशत उत्पादन होता है जो जनजातीय समुदाय के द्वारा जाता है. लाख आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाता है. जीवन यापन को सुधारने में लाभकारी है. किसानों एवं उद्यमियों के समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है.

### कोल्ड स्टेरेज बनाने पर दिया जोर

राष्ट्रपति ने कहा कि जो सब्जी उत्पादन करते हैं लेकिन उसके बाद सब्जी खराब हो जाती है. इस लिए अधिकारियों से निवेदन है कि कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जाए. आज का दौर विश्व रुपी का है परंतु दुष्परिणाम से बचना है. अभी भी कई क्षेत्र है जहां हम आगे जा सकते हैं.

### सप्लाई चेन बेहतर करने से मिलेगा किसानों को बेहतर मूल्य

राष्ट्रपति ने कहा कि सप्लाई चेन, बाजार की व्यवस्था करने से किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है. कृषि के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं. सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण की व्यवस्था की है. पीएम किसान निधि से लाभ दिया जा रहा है.

### पशुपालन से होगा छोटे किसानों को लाभ

उन्होंने कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं. उन्होंने मधुमक्खी, पशुपालन से विकास, गांवों में छोटे उद्योगों से किसानों को लाभ होगा. कई वेस्ट चीजें फेंक देते हैं जिससे भी हम प्रसंस्करण कर लाभ ले सकते हैं. देश के साथ विदेशों में भी कृषि उत्पादन में पैंठ होनी चाहिए. संस्थान को अन्य संस्थानों से मिलकर काम करना चाहिए.

### महिला किसान लखपति दीदी ही क्यों, करोड़पति दीदी क्यों नहीं: सीएम



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हम लखपति दीदी बनाने की बात कर रहे हैं. मेरा सवाल है कि लखपति दीदी की बात क्यों करोड़पति दीदी की बात क्यों नहीं. सदियों से हमारी संवेदनाएं किसानों के प्रति रही है आगे भी रहेगा. आंकड़े देखें तो पिछले सौ साल में किसान खेतिहर मजदूर होते गए, ऐसा क्यों हुआ. इसपर केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर चिंतन करने की जरूरत है. मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में बिचौलिये शक्तिशाली हो गए हैं. किसानों को भी उसका नुकसान हो रहा है. उनकी उपज का लाभ बिचौलियों को मिल रहा है. मौसमी फसल के साथ-साथ वैकल्पिक खेती को भी राज सरकार बढ़ावा दी है जबकि हमारी सरकार ने लाख की खेती को कृषि का दर्जा भी दे दिया है.

### भारत का इतिहास जितना पुराना है लाह- शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत का इतिहास जितना पुराना है उतना ही पुराना इतिहास लाख का है महाभारत काल में भी लाक्षागृह से ही बना था. कृषि को बढ़ाने में लाह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और आने वाला दिन विविधीकरण और कृषि वानिकी का ही है. लाह की प्रोसेसिंग और सेकेंडरी उत्पाद बनाकर इसकी कीमत बढ़ाई जा सकती है. लाह की खेती से लखपति दीदी बनाने की महत्वाकांक्षी योजना में भी सहायता मिल सकती है. उन्होंने कहा कि रांची को कृषि शिक्षा और शोध में बेहतरीन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा.

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार 'विवाद से विश्वास 2.0' योजना की शुरुआत एक अक्टूबर से करेगी

सरकार प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास 2.0' की शुरूआत एक अक्टूबर से करेगी। 'विवाद से विश्वास' योजना 2.0 की घोषणा मूल रूप से जुलाई में प्रस्तुत बजट 2024-25 में लंबित कुछ आयकर विवादों के समाधान के लिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा, केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 को लागू करने की तारीख एक अक्टूबर 2024 तय करती है। करीब 35 लाख करोड़ रुपये की 2.7 करोड़ प्रत्यक्ष कर मांगों पर विभिन्न कानूनी मंचों पर विवाद जारी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ मुकदमेबाजी को कम करने के अपने प्रयास जारी रखेगी। सरकार प्रत्यक्ष करों के तहत मामलों के लिए 'विवाद से विश्वास' योजना का पहला चरण 2020 में लाई थी।

### सरकार ने पीएफ निकालने की सीमा 50 हजार से एक लाख की

नई दिल्ली (ईएमएस)। भविष्य निधि (पीएफ) के खाताधारकों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल केंद्र सरकार ने पीएफ निकालने की लिमिट को बढ़ा दिया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने घोषणा की है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के ग्राहक अब व्यक्तिगत जरूरतों के लिए एक बार में 1 लाख रुपए तक निकाल सकते हैं, जो पहले 50,000 रुपए की सीमा थी। श्रम मंत्रालय ने ईपीएफओ के कामकाज में कई बदलाव किए हैं। इनमें लचीलापन बढ़ाने, ग्राहकों के लिए असुविधाएं कम करने के लिए नया डिजिटल ढांचा और नए दिशानिर्देश शामिल हैं। इसके साथ ही अब नए कर्मचारी जिन्होंने अपनी वर्तमान नौकरी में केवल छह महीने पूरे किए हैं, वे भी धन निकालने के पात्र होंगे, जो कि पहले संभव नहीं था। मंत्री मंडाविया ने कहा कि लोग अक्सर शादी और चिकित्सा जैसी जरूरतों के लिए ईपीएफओ की बचत का इस्तेमाल करते हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जलसहिया बहनों को दी बड़ी सौगात 12 हजार रुपए मिलेंगे प्रोत्साहन राशि, कैबिनेट में 36 प्रस्ताव पर लगी मुहर

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जल सहिया बहनों को बड़ी सौगात देते हुए 12000 प्रोत्साहन राशि और स्मार्टफोन देने की कैबिनेट में मुहर लगा दी है। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कुल 36 प्रस्ताव पर मोहर लगी है जिसमें ज्ञानोदय स्कूल में स्मार्ट क्लास की स्वीकृति, चाईबासा में बालंडिया मंझगांव पथ 44.48 केएम के लिए 31 करोड़ की स्वीकृति, शहरी स्थानीय निकाय में संविदा के आधार पर 107 इंजीनियरों की बहाली होगी दुमका के सुम्बेश्वर नाथ मंदिर में पहुंच पथ के लिए 38.27 करोड़ की स्वीकृति, केंद्र के रिकंस्ट्रक्शन ऑफ मोहम्मदगंज टू हैदरनगर के 17.37 केएम सड़क के लिए 92 करोड़ की स्वीकृति, इसमें 23.36 करोड़ राज्यांश के तहत वहां बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर तक फोर लेन सड़क, गोलचक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग तक राइडिंग क्वालिटी सुधार के लिए 47 करोड़ की स्वीकृति। दुमका जिला के पोरैयाहाट में डिग्री कॉलेज महाविद्यालय निर्माण के लिए 39.51 करोड़ की स्वीकृति,आरएसपी कॉलेज झरिया के नए भवन निर्माण के लिए 67.12 करोड़ की स्वीकृति। राजकीय पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता 2030 प्रतिशत से बढ़कर 2023 2031 कर दिया गया। राजकीय फार्मेसी संस्थान बरियातू रांची में बी फार्मा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 35 पदों पर होना सृजन,किसानों को धन प्राप्ति के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावे राज्य सरकार अपने तरफ से 100 प्रति क्विंटल बोनस देगी,इसके लिए 60 करोड़ स्वीकृत शामिल है।

## लालू यादव के खिलाफ सीबीआई केस की मंजूरी:लैंड फॉर जॉब मामले में केन्द्र सरकार ने मुकदमा चलाने की इजाजत दी

**पटना :** केन्द्र सरकार ने सीबीआई को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने यह जानकारी राउज एवेन्यू कोर्ट को दी है। इससे पहले 18 सितंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि 'तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे।'



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। इस मामले में अब 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। सभी को कोर्ट में पेश होना होगा, जिस किरण देवी को कोर्ट ने समन जारी किया है वो पटना की रहने वाली हैं। किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन लालू यादव की बेटी मीसा भारती को बेच दी थी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई।

## आज इटखोरी में परिवर्तन संकल्प का हुंकार करेंगे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

अखिलेश पांडेय

चतरा: जिले के इटखोरी प्रखंड के हाई स्कूल मैदान से परिवर्तन संकल्प यात्रा का आगाज करेंगे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। केंद्रीय रक्षा मंत्री हेलीकॉप्टर के द्वारा 10:00 बजे भद्रकाली परिसर स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे साथ में होंगे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।

10 से 11:00 तक ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर 11 से 12:00 तक उत्पाद सिपाही प्रतियोगी प्रतिभागियों से मिलेंगे उसके बाद सड़क मार्ग से होते हुए सभा स्थल के बी प्लस टू हाई स्कूल मैदान पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 12 से 1:00 बजे तक केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित जन समुदाय एवं सभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ-साथ प्रदेश नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी शिरकत करेंगे ।संबोधन के उपरांत केंद्रीय रक्षा मंत्री अपने कर कमलों से परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर मयूरहंड के लिए रवाना करेंगे।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर सभा स्थल पर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। सभा स्थल पर जिले के सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधानसभा के विधायक किशन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुजीत भारती, भाजपा नेता जीतन राम, भाजपा नेता उज्जवल कुमार दास रतन शर्मा, कैलाश सिंह, वसंत नारायण सिंह कमलेश सिंह समेत भाजपा के जिला और प्रखंड स्तर के सभी कार्यकर्ता गण कार्यक्रम को सफल बनाने की मुहिम में जुटे हुए हैं।

## झामुमो का कोल्हान और पलामू प्रमंडल पर फोकस, सीएम के साथ पार्टी पदाधिकारियों की बैठक

**रांची:** पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेताओं में से एक रहे चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपना पूरा ध्यान कोल्हान पर लगा दिया है. यही वजह है कि पिछले दिनों अपने आवास पर सरायकेला खरसावां के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने वाले पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सोहराई भवन में कोल्हान और पलामू प्रमंडल के सभी जिलों के प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारी के साथ बैठक की.

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को केंद्र में रखकर बुलाई गयी इस बैठक में मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, समीर मोहंती भी शामिल हुए. वैसे तो बैठक दो प्रमंडलों की थी लेकिन सर्वाधिक उपस्थिति कोल्हान प्रमंडल की ही दिखी. इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तो मीडिया से बात नहीं की लेकिन उनके कैबिनेट सहयोगी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी को विधानसभा चुनाव की तैयारियों में युद्ध स्तर पर जुट जाने का आह्वान किया है.

## गिरिडीह में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कहा- भाजपा की परिवर्तन यात्रा का मकसद 'महान झारखंड, विकसित झारखंड'

**गिरिडीह :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड की वर्तमान सरकार पर जमकर हमला बोला. गिरिडीह जिले के जमुआ में आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन सभा में उन्होंने जनता से अपील की कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की इस सरकार को उखाड़ फेंकें. उन्होंने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य है- महान झारखंड, विकसित झारखंड.



### झारखंड धाम के शिव मंदिर में अमित शाह ने की पूजा-अर्चना

अमित शाह साहिबगंज में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परिवर्तन सभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचे. यहां झारखंड धाम में शिव मंदिर में जाकर दर्शन एवं पूजा की. यहां से वह जमुआ के झारखंडी धाम मैदान पहुंचे. झारखंडी धाम मैदान में अमित शाह ने धनबाद प्रमंडल के लिए भाजपा के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

### जमुआ के झारखंडी धाम मैदान में खूब गरजे अमित शाह

परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद जमुआ के झारखंडी धाम मैदान में अमित शाह खूब गरजे. उन्होंने लोगों से अपील की कि इस बार हेमंत सोरेन की सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकिए. हम मोदी जी के सपनों का 'महान झारखंड, विकसित झारखंड' बनाएंगे. उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने जन कल्याण की बजाय घुसपैठिया कल्याण अपनाया है.

### साहिबगंज : एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर निकालेंगे: अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि झारखंड से एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिये के चुन-चुनकर निकालेंगे. उन्होंने कहा कि यह काम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार कर सकती है. शुक्रवार को साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद अमित शाह साहिबगंज पहुंचे. यहां पुलिस लाइन मैदान में विशाल परिवर्तन सभा को संबोधित किया. इस अवसर पर उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से कई तीखे सवाल पूछे और लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार बनाएं. अमित शाह ने कहा कि आपलोग 5 साल के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं. हमारी सरकार संताल परगना में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशियों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी. अमित शाह ने पूछा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे. लोगों को नौकरी मिली क्या. उन्होंने कहा कि नौकरी देने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को दौड़ा रही है. ऐसा दौड़ा रहे हैं कि युवा दौड़ते-दौड़ते मर जाएं.

### झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं

अमित शाह ने कहा कि झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे लेकर नौकरियां बांटी जा रहीं हैं. शेष पेज 3 पर

## इजराइल की लेबनान पर सबसे बड़ी एयरस्ट्राइक: 70 से ज्यादा हमले

### हिजबुल्लाह के 1000 रॉकेट बैरल तबाह; हथियार डिपो भी बर्बाद हुआ

**बेरूत:** लेबनान में पिछले तीन दिन से पेजर, वॉकी-टॉकी और फिर सोलर एनर्जी सिस्टम में धमाकों के बाद इजराइल ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में 70 हवाई हमले किए। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक गाजा युद्ध शुरू होने के बाद इजराइल का लेबनान पर यह सबसे बड़ा हमला है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि उन्होंने लेबनान में हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा रॉकेट लॉन्चर्स पर हमला कर उन्हें बर्बाद कर दिया है। इनमें 1000 रॉकेट बैरल तबाह हो गए। आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह इन हथियारों से इजराइल पर हमले की तैयारी में था। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह की कई इमारतों और एक हथियार डिपो को भी तबाह करने का दावा किया। इससे पहले लेबनान में 17-18 सितंबर को पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके हुए थे। इनमें 37 लोगों की मौत हो गई थी और 2300 लोग घायल हुए थे। लेबनान और हिजबुल्लाह ने इन हमलों के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

**आईडीएफ की सलाह- बम शेल्टरों के करीब रहें इजराइली नागरिक**

हमले के बाद आईडीएफ ने नॉर्थ इजराइल में रह रहे नागरिकों के लिए गाइडलाइन भी जारी की है। इसमें उनसे बम शेल्टरों के करीब रहने के लिए कहा गया है। इसके अलावा इजराइली नागरिकों को बिना जरूरत सार्वजनिक जगहों पर इकट्ठा न होने की सलाह दी गई है। उन्हें हर कस्बे, इलाके और समुदायों की सही तरह से सुरक्षा करने के लिए कहा गया है। लेबनान पर हमले की शुरुआत तब हुई जब हिजबुल्लाह के चीफ हसन नसरल्लाह पेजर और वॉकी-टॉकी ब्लास्ट के बाद अपना पहला भाषण दे रहे थे। उनके भाषण के बाद भी देर रात तक इजराइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए। अपने भाषण में नसरल्लाह ने धमाके में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया था।

हमारी टीम के प्रत्याशियों का सदस्यों के साथ *परिचय समारोह* शुक्रवार(आज), दिनांक 20/09/2024 को रात्रि 7 बजे से 'स्वर्णिभूमि बैंक्वेट हॉल' में आयोजित किया गया है। एफजेसीसीआई के आप सभी सम्मान्नित सदस्यों, प्रियजनों, साथियों और अभिभावकगण से निवेदन है कि इस अवसर पर उपस्थित होकर हमें अनुगृहित करें तथा हमें अपने आतिथ्य का अवसर प्रदान करें। भवदीय,शैलेश अग्रवाल* (Sl. No. *24*) टीम परेश गट्टानी




## चौपारण मे सैकड़ों बाइक रैली से परिवर्तन रथ का स्वागत को तैयार भाजपाई




अखिलेश पांडेय

चौपारण(हजारीबाग):भाजपा प्रखण्ड कार्यालय में पार्टी द्वारा प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अगुवाई मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा व संचालन राजेन्द्र चंद्रवंशी ने किया। बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और पूर्वी व पश्चमी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में पूर्व विधायक ने आगामी भाजपा परिवर्तन यात्रा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बरही विधानसभा की दशा और दिशा को 'तय करेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे 21 सितंबर दिन शनिवार से शुरू होने वाली इस यात्रा को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाए। कार्यकर्ता चुनावी रणक्षेत्र में उतरने को तैयार हो जाये। बैठक में विधानसभा विस्तारक भरत दीक्षित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू,मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा व राजेन्द्र चंद्रवंशी,भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान,सुनील सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, सीताराम साव, सुनील शेखर, जन्मजेय सिंह, अरविंद सिंह,युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन सिंह, भगहर मुखिया कृष्णा रविदास,भुनेश्वर यादव, विजय साव, गुलाब रजक, मनोज साव, गिरजा साव,अशोक ठाकुर, महेंद्र सोनी, मंटु सिंह, मुन्ना केशरी, रामाधीन पांडेय, लखन प्रसाद, संजय यादव, अर्जुन राणा, अशोक यादव, सुखदेव साव, जहांगीर अली, अशोक प्रजापति, संजय गुप्ता, रंजीत भुइयाँ, परमेश्वर यादव, बिनोद यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

पुलिस ने पोक्सो एक्ट मामले के फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तिहार

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।पोक्सो एक्ट मामले के फरार आरोपी के घर बरकट्ठा थाना पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया है।बरकट्ठा थाना के एसआई रतन शर्मा एवं सुभाष राम के नेतृत्व में आरोपी के घर इश्तिहार चिपकाने की करवाई की गई।पुलिस ने बताया कि बरकट्ठा थाना कांड संख्या 139/24 में ग्राम कोनहराखुर्द निवासी समीर अंसारी पिता जुबेर अंसारी (आजाद) नामजद आरोपी हैं। जिसके फरार रहने के कारण न्यायालय के आदेश पर डुगडुगी बजाकर इश्तिहार का नोटिस साटा गया है।

## भाजपा की बुथ सशक्तिकरण को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव के नेतृत्व में भाजपा कि बुथ सशक्तिकरण को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। झुरझुरी पंचायत भवन के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने बैठक किया।मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव ने बुथ अध्यक्षों को दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को घर घर तक पहुंचायें।साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे मन की बात कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें।इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, उपाध्यक्ष राजकुमार मंडल, किसान मोर्चा अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद, युवा मोर्चा महामंत्री महेंद्र प्रसाद, मंत्री चंदन भारती, दिलीप प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## बरकट्ठा में दुर्गा पूज़ा मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

सहबाज़ खान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बरकट्ठा दुर्गा मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में पर्व शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पूजा समिति एवं शोभा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से पूजा समिति के अध्यक्ष रामखेलावन यादव, सचिव रामेश्वर यादव ,कोषाध्यक्ष महादेव साव, उपाध्यक्ष जीबलाल नायक को चुना गया।वहीं शोभा समिति के अध्यक्ष सुरज मोदी, सचिव सुरेश राम, कोषाध्यक्ष दीपक राणा, उपाध्यक्ष दीपक सोनी को बनाया गया।मौके पर बैठक में पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता पूर्व पंसस प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, इंद्रजीत प्रसाद, दिलीप दास, काली मंडल मिथिलेश भारती, इंद्रदेव मोदी, बलदेव यादव, अजय मोदी, विश्वनाथ दास, परमेश्वर यादव, संजय साव, दुर्गा साव, उपेंद्र यादव, महेश मंडल, चंदन मोदी, धीरज गुप्ता, मनोज ठाकुर, विजय यादव, सुमन गुप्ता समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा पूज़ा का आयोजन

रांचीः हटिया के ओबेरिया बस्ती स्थित नायक परिवार 150 वर्षो से भगवान विश्वकर्मा का पूजन करते आ रही है। परिवार के वर्तमान पीढ़ी के दीपांकर नायक पूजा की जिम्मेदारी लिए हुए हैं। दीपांकर ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए बताया कि यह पूजन 150 वर्षो का इतिहास बताता है। पुराने समय में इनके पूर्वज नदी से मिट्टी लाकर उससे हाथी बनाते थे और बांस के छाता पर धोती पहनकर भगवान विश्वकर्मा का आवाहन करते थे। जिसे छाता पूजन कहा जाता था। वर्तमान के आधुनिक समय में यह परंपरा आज भी कायम है। सिर्फ इसमें मॉर्डनाइजेशन के टच में एक मूर्ति पूजन का नया विधान शुरू किया गया। दीपांकर नायक बताते हैं कि यह पूजन उनके कुल देवता भगवान विश्वकर्मा के आवाहन के लिए किया जाता है। इस पूरे पूजन का खर्च नायक परिवार उठाती है। भव्य जागरण का भी आयोजन किया जाता है।

## संवाद आपके साथ" कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संबोधित किया

रांचीः गोड्डा ज़िला में आयोजित "संवाद आपके साथ" कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संबोधित किया। इसके पूर्व ज़िला पदाधिकारी, प्रखंड /मण्डल अध्यक्ष, अग्रणी संगठन विभाग के ज़िला अध्यक्षों ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष संवाद किया, मौक़े पर पूर्व सांसद डॉ प्रदीप बलमुचू , विधायक प्रदीप यादव, सुल्तान अहमद, मदन महतो, श्यामल किशोर सिंह, मुन्नम संजय, अनुकूल मिश्रा, रवींद्र वर्मा, डॉ सुशील मरांडी, राजेश रंजन, एनुल हक़, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रवेज़ आलम, सुधीर चंद्रवंशी, सुरजीत नागवाला, दीपक गुप्ता, रवि केशरी, देव शर्मा, ज़िला अध्यक्ष दिनेश यादव, ज़िला पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड अध्यक्ष, अग्रणी संगठन ज़िला अध्यक्ष सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल थे।

## जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय खतरे को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन ने चलाया सप्ताहिक मेगा कम्पेन

जमशेदपुर । नेशनल हॉकर फेडरेशन के तत्वाधान में एशिया भर में लाखों लोगों ने स्थायी ऊर्जा का उपयोग करके और कोयले को पूरी तरह से समाप्त करने एवम जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरणीय खतरे को रोकने के लिए प्रदर्शन द्वारा मांग की है । साथ ही वैश्विक कार्रवाई दिवस के रूप में कोयले के त्वरित और निष्पक्ष चरणबद्ध तरीके से आह्वान करने के लिए रैलियां भी आयोजित की गई। इसी कड़ी में जमशेदपुर में भी उक्त कार्यक्रम सप्ताहिक मेगा काम्पेन के रुप में चलाया गया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती के नेतृत्व में जमशेदपुर शहर के मानगो , डीमना रोड, ओल्ड पुरुलिया रोड, एन एच 33 , साकची, भुईयाडीह , काशीडीह, बर्मामाइंस आदि जगहों में सघन रूप से यह कम्पेनिंग कार्यक्रम चलाया गया , जिसमें पांच सौ से अधिक पथ विक्रेता एवम समाजसेवियों ने भाग लिया । वहीं उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि यह अभियान 13 सितंबर से 20 सितंबर तक चलाया जा रहा है । जिसके तहत सभी पथ विक्रेताओ ने हाथ में तख्ती और बैनर लेकर निम्नलिखित मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया । उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सीधा असर पथ विक्रेता पर पड़ता है क्योंकि वे लोग जाड़ा , गर्मी, बरसात तीनों मौसम में भी खुले आकाश में रहकर अपनी जीविका चलाते हैं और इनकी दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं है । इनके समस्याओं को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन चरणबद्ध तरीके से संघर्षरत है।




### निम्नलिखित मांगे इस प्रकार हैं :

1. कोयला समाप्त करे , अभी 100% नवीकरणीय ऊर्जा पर जाए।
2. कोयले से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर न की कोयले से एल. एन. जी की ओर ।
3. तेज और न्यायसंगत कोयला चरणबद्ध समाप्त करे ।
4. कोयले को पूर्ण रूप से अब समाप्त करे
5. 2035 तक एशिया में कोयले का उपयोग समाप्त करे।
6. जीवाश्म ईंधन के लिए वित्त देना बंद करो।
7. 100 % नवीकरणीय ऊर्जा का वित्त , जलवायु के लिए हो।
8. जी 7 भुगतान करे जलवायु वित्त आपकी जिम्मेदारी है।
9. अनुकूलन के लिए अधिक वित्त शमन के लिए नहीं ।
10. अब जलवायु की ऋण की भरपाई हो ।

श्री चक्रवर्ती ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण हमारी भूमि, पानी और हवा को जहरीला बना रही है और कोयला एशिया में बढ़ती मांग का जवाब नहीं है। नवीकरणीय ऊर्जा हर जगह बिजली का सबसे सस्ता स्रोत बन गई है। हम जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने और वित्त को स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की ओर पुनर्निर्देशित करने का आह्वान करते हैं। इससे स्वच्छ नवीकरणीय ऊर्जा अधिक सुलभ हो जायेगी । ग्लोबल साउथ चक्र के महासचिव शक्तिमान घोष के नेतृत्व में यह वैश्विक सप्ताहिक मेगा कम्पेन पूरे देश में जागरूकता कार्यक्रम और विरोध प्रदर्शन आयोजित किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती, सुनीता पोयडा, समाजसेवी नागेन्द्र कुमार, खालिद इकबाल, डॉक्टर ताहिर हुसैन, तथा नमिता पात्रो , निर्मला दास,प्रियंका कुमारी, बिट्टू पांडा, प्रतिमा, राजू एवम सैंकड़ों पथ विक्रेताओ और सहयोगियों का अहम योगदान रहा।

## नगर परिषद ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकली जागरूकता रैली,कई स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत इन दिनो स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत गांधी चौक से हुआ। नगर भ्रमण के बाद एसबीआई चौक पर रैली का समापन किया गया। इसके अलावा जानता उच्च विधालय,राजकीय मध्य विद्यालय,बालिका मध्य विद्यालय व रेड रोज पब्लिक स्कूल में कई तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने रैली में शामिल सभी लोगों को स्वच्छता का शपथ भी दिलवाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र स्वच्छता ही है। इसलिए स्वच्छता को जीवन शैली मे शुमार करना होगा। सप्ताह में दो घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान जरूर करें। न खुद गंदगी करें और न ही दूसरों को करने दें। ताकि आपका शहर,वार्ड,गांव व घर साफ सुथरा रह सके। और यहां के लोग भी स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि वैसे तो क्षेत्र के साफ सफाई के लिए नगर परिषद प्रतिबद्ध है। लेकिन इस देशव्यापी अभियान की सफलता हेतु सामूहिक प्रयास की जरूरत है। उन्होंने स्वच्छता से होने वाले कई अन्य फायदे भी बच्चों को बताया। नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने बताया कि 17 सितंबर से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा आगामी दो अक्तूबर तक चलेगा। इस दौरान प्रत्येक दिन कई तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को गांधी जयंती के अवसर पर पुरुष्कृत किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,एसआई प्रदीप शर्मा,शिक्षक अनिल गुप्ता,सुबोध केशरी,दीपक कुमार,राजेश प्रसाद,आनंद कुमार,संदीप कुमार मौर्या,रमेश कुमार,रवि कुमार,प्रवीन कुमार,कमलेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।




## आउटसोर्स हटाने व अपनी अन्य मांगो को लेकर श्रमिक संघ 23 सितंबर को प्रोजेक्ट भवन का करेगा घेराव : अजय राय

रांची : झारखंड ऊर्जा विकास संघ की बैठक सूर्यमंदिर बुंडू के समक्ष हुई जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । इस अवसर पर अजय राय ने बताया कि अपने छःसूत्री मांगों को लेकर 23 तारीख को श्रमिक संघ मुख्यमंत्री कार्यालय प्रोजेक्ट भवन का घेराव करेगी। संघ की ओर से निम्नलिखित मांग रखी गई है जिसमें एजेंसी व्यवस्था रद्द करो,पारा शिक्षकों के तर्ज पर 60 वर्षों का अनुबंध करते हुए दस वर्ष वाले को नियमित करो, होमगार्ड के समान वेतन दो, ऐरियर घोटाले बाजों के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाओ, समान कार्य का समान वेतन दो आदी है। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के केंद्रीय अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया वादा याद करना चाहिए जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में आते ही वह आउटसोर्स व अनुबंध खत्म कर सभी को नियमित करेंगे,मगर उनका वादा अधूरा ही रह गया और अब सरकार का कार्यकाल कुछ ही दिन का बच गया है ऐसे में ऊर्जा विकास श्रमिक संघ चुपचाप नहीं बैठेगी बल्कि इसके खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ेगी।

अजय राय ने बताया कि 23 सितंबर को पूरे राज्य से हजारों की संख्या में विद्युत कर्मी प्रोजेक्ट भवन घेराव के लिए रांची पहुंच रहे हैं और अब सरकार को देखना है कि वह राज्य को ब्लैकआउट कराने की ओर बढ़ेगी या मुख्यमंत्री का किया गया वादा पूरा करेगी। आज की बैठक में अमित कुमार नीलकमल गौतम, गौतम कुमार प्रजापति करमचंद मुंडा शत्रुघ्न प्रमाणिक परमेश्वर महतो जितेंद्र प्रमाणिक नरेश महतो राकेश कुमार महतो कमलकांत महतो कृष्ण प्रमाणिक मंटू कुमार महतो रोहित मुंडा सुपरलाहिर ईश्वर दयाल मुंडा लंबोदर महतो मनीष कुमार महतो श्रीकांत महतो लखिंदर मुंडा राजकुमार महतो घासीराम महतो श्रीपाद मुंडा प्रकाश चंद्र महतो चंदन कुमार महतो मनोज कुमार महतो हरिपाठ महतो सुरेश चंद्र महतो धनेश्वर महतो विष्णु लोहार महेश्वर महतो सुनील कुमार गुप्ता मुकेश यादव पुरोहित मुंडा मनोज कुमार महतो सूरज यादव दिनेश उरांव कृष्णामुंडा दशरथ महतो एनल लकड़ा प्रदीप कुमार मुंडा अक्षय अहीर राजेंद्र महतो रविंद्र मुंडा आनंद लोहार प्रियांशु प्रमाणिक अरुण कुमार महतो राजेश मुंडा सदानंद कुमार गौतम कुमार दिनेश मुंडा अक्षय अहीर निर्मल महतो राजेंद्र महतो आदि मौजूद रहे।



## सोनारी में श्री श्री विश्वकर्मा पूजा की धूम, मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे



जमशेदपुर । श्री श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन सोनारी स्थित एरोड्रम टैक्सी टेम्पो स्टैंड में सप्ताहिक कार्यक्रम किया जाता है । यह पूजा सोनारी में 1964 से किया जा रहा है। इस वर्ष इस पूजा का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा किया गया। यह पूजा जमशेदपुर का एक विशेष पूजा है, जो सोनारी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है। विश्वकर्मा पूजा का आयोजन स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें लोग एकत्रित होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं, जो कि कारीगरों और श्रमिकों के देवता माने जाते हैं। इस पूजा को सफल बनाने में कई लोगों का योगदान रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से श्यामलाल साहू ,लालू शर्मा ,नारायण साहू, गणेश सिंह ,दीपक कुमार ,सौरभ गोप, रितिक सिंह समेत अन्य व्यक्तियों ने पूजा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । श्री श्री विश्वकर्मा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और समुदाय की एकता को भी दर्शाता है। इस पूजा के माध्यम से लोग अपने कारीगरों और श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं और एकजुटता का संदेश देते हैं।

## 30 को हजारों आंदोलनकारी मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना- प्रदर्शन करेंगे - पुष्कर महतो

रांचीः झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महत्व ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के मान- सम्मान, अलग झारखंडी पहचान , बेटा बेटियों के लिए रोजी- रोजगार, नियोजन के अधिकार की गारंटी 100 प्रतिशत देने एवं जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने,अलग राज्य के मूल्यों एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के सवाल को लेकर 30 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष सुबह,8 बजे से ही धरना- प्रदर्शन -घेराव शांतिपूर्ण तरीके किया जाएगा। राज्य भर के हजारों की संख्या में झारखंड आंदोलनकारी अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को बचाने के लिए मुख्यमंत्री आवास के समक्ष घेराव धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री महतो आज अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री मुख्य सचिव एवं गृह सचिव को मांग पत्र सौपने के बाद उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन भ्रष्टाचार से मुक्ति ,अनियमिता से मुक्ति, शोषण ,दमन अन्याय, अत्याचार से मुक्ति व विकास तथा जन कल्याण के लिए हुआ है। राज्य बनने के 23 वर्षों के पश्चात भी झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान -सम्मान ,अलग झारखंडी पहचान , बेटा बेटियों के लिए रोजी -रोजगार ,नियोजन के अधिकारों की 100% गारंटी एवं सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया नहीं दिए जाने से उनकी सामाजिक , आर्थिक ,शारीरिक, सांस्कृतिक,स्थितियां नाजुक है। वर्ष 2020 अक्टूबर माह से 2024 अबतक झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा आंदोलन के माध्यम से तथा पत्र प्रेषित कर अपनी मांगों से अवगत कराते रहे हैं। इसके बावजूद आंदोलनकारियों की मांगों के प्रति सरकार के द्वारा समुचित कदम नहीं उठाए गए हैं। पुनः एक आंदोलन के लिए आंदोलनकारी बाध्य हुए हैं ।

## एसडीडीएस के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियाँ, सक्षम बच्चों की शिक्षा पर जोर




जमशेदपुर। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट और रोटरी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित सिद्धेश्वर डेफ एंड डम्ब स्कूल (एसडीडीएस) ने अपने वार्षिक उत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने अद्वितीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। दीप प्रज्वलन के साथ ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक मानकर समारोह का शुभारंभ हुआ। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुब्रजीत बसु ने अपने स्वागत भाषण से उपस्थित छात्रों, अभिभावकों, रोटरी के विशिष्ट अतिथियों और अन्य आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान रोटरी क्लब और रोटरी सेवा ट्रस्ट के द्वारा विशेष रूप से सक्षम बच्चों की शिक्षा और समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभिजीत नानोटी ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए, विशेष रूप से सक्षम बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। रोटरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जौहर बनर्जी ने विद्यालय के इतिहास और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर छात्रों ने आदिवासी नृत्य, रवींद्र संगीत नृत्य, योग प्रदर्शन और एक नाटक प्रस्तुत किया।

**झारखण्ड सरकार**
**वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालयः– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खूँटी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन के विरूद्ध भिन्न–भिन्न वन अपराध के क्रम में जप्त वन पदार्थों पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के तहत राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 27.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जाएगा। भिन्न–भिन्न वन अपराध के क्रम में जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 34/2024 | मिश्रित प्रजाति का चिरान लकड़ी–35 अदद | अज्ञात |
| 2 | 48/2024 | साल चौखट–25 अदद एवं जलावन–20 बंडल | अज्ञात |
| 3 | 31/2024 | साल बोटा–15 अदद | अज्ञात |
| 4 | 25/2024 | साईकिल–2 अदद एवं साल चिरान–12 अदद | अज्ञात |
| 5 | 70/2024 | साल बोटा–12 अदद | अज्ञात |
| 6 | 52/2024 | साल बोटा–46 अदद | अज्ञात |
| 7 | 53/2024 | 1. साल चौखट–15 अदद, 2. पटरा–26 अदद एवं 3. अर्धनिर्मित टेबल–1 अदद | अज्ञात |
| 8 | 59/2024 | साल बल्ली–20 अदद | अज्ञात |
| 9 | 62/2024 | साल बोटा–08 अदद | अज्ञात |
| 10 | 63/2024 | साल बोटा–32 अदद | अज्ञात |
| 11 | 71/2024 | 1. सिल्वर रंग की ओमनी भान संख्या–BR-14J-0693 एवं 2. साल चिरान–10 अदद | अज्ञात |
| 12 | 72/2024 | साल बोटा–50 अदद | अज्ञात |
| 13 | 22/2024 | साल बल्ली–02 अदद एवं टांगी–01 अदद | अज्ञात |
| 14 | 19/2024 | साल बोटा–54 अदद | अज्ञात |
| 15 | 06/2023 | साल चौखट–42 अदद | अज्ञात |
| 16 | 09/2023 | साल बोटा–16 अदद | अज्ञात |
| 17 | 12/2023 | जलावन–45 बंडल | अज्ञात |

ह0/–
प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी

PR 336031 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 12/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–19-09-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 12/ 2024-25 | आर0सी0डी0 पथ बरंदा से लोंगा तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–3.050 कि0मी0) | 267.088 | दो करोड़ सरसठ लाख आठ हजार आठ सौ रुपया मात्र। | 12माह | प्रथम |
| 2 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 13/ 2024-25 | दुआरसीनी से धरनापुर तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.350 कि0मी0) | 123.613 | एक करोड़ तेईस लाख इकसठ हजार तीन सौ रुपया मात्र। | 09माह | प्रथम |
| 3 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 14/ 2024-25 | कोनसकेली स्कूल से ईचागुटु पी0डब्लु0डी0 तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.850 कि0मी0) | 267.176 | दो करोड़ सरसठ लाख सतरह हजार छः सौ रुपया मात्र। | 12माह | प्रथम |
| 4 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 15/ 2024-25 | एन0एच0–143 बी0 से पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ भाया भागीटोली तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.000 कि0मी0) | 122.396 | एक करोड़ बाईस लाख उनचालीस हजार छः सौ रुपया मात्र। | 09माह | प्रथम |
| 5 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 16/ 2024-25 | एन0एच0–143 बी0 से सुग्गासरवा भाया बागमरिया, सोनाटोली, हर्राडीपा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–6.800 कि0मी0) | 755.339 | सात करोड़ पचपन लाख तैंतीस हजार नौ सौ रुपया मात्र। | 18माह | प्रथम |
| 6 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 17/ 2024-25 | कोबजा मेन रोड़ से चिरोडांड़ टोंकाटोली शंख पुल तक पथ निर्माण कार्य । (लं0–3.100 कि0मी0) | 380.657 | तीन करोड़ अस्सी लाख पैंसठ हजार सात सौ रुपया मात्र। | 18माह | प्रथम |
| 7 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 18/ 2024-25 | करंज से मालादोन होते हुए नरसिंहपुर तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–5.100 कि0मी0) | 560.038 | पाँच करोड़ साठ लाख तीन हजार आठ सौ रुपया मात्र। | 18माह | प्रथम |

2वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 25.09.2024
3ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–04.10.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 05.10.2024 अपराहन 05.05 बजे।
5निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 336185 (Rural Work Department)24-25*D

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक 1502 खूँटी, दिनांक 20.10.2024

**E-Tender Notice**
**(Through E-Procurement mode only www.jharkhandtenders.gov.in)**
**very short E-Tender Reference No. KNP/05/2024-25 2nd Call**

**1. Details of the work:**

| Sl. | Name of work | BOQ (Estimated) Cost (Rs.) | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Scientific dumpsite land reclamation through Bio-mining at Belahathi dumpsite, Khunti. | 1,43,72,553/- | 10,000/- | 2% of Estimated amount | 03 Months |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : दिनांक 21.09.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 28.09.2024 को 3:00 बजे अपराहन।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 30.09.2024 को 3:00 बजे अपराहन, कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रण करने वाले कार्यालय का नाम एवं पताः कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. ई–मेल पता : npkhunti2006@gmail.com
7. विज्ञापनदाता दूरभाष संख्या : 9931406816

नोटः– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरणी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि में या वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.336378 Urban Development(24-25):D ह0/– प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।

## कोर्ट ऑर्डर से खिलवाड़ न करें, गृह सचिव से पूछा – क्यों नहीं हुआ आदेश का पालन

रांचीः जेपीएससी के द्वितीय बेच की सेवा संपुष्टि और प्रमोशन के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका दायर पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने गृह सचिव को यह बताने को कहा है कि अदालत के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया. कोर्ट ने गृह सचिव को निर्देश दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कोर्ट को जानकारी दें. इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के साथ खिलवाड़ न किया जाए. दरअसल शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी. शिवेंद्र का अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा. वर्ष 2008 में 2nd JPSC परीक्षा पास कर शिवेंद्र डीएसपी बने थे. बाद में द्वितीय झारखंड पब्लिक सर्विस नियुक्ति की CBI के द्वारा जांच किया गया था.

### सेना भूमि घोटालाः सौरव को बेल देने से सिविल कोर्ट का इंकार

रांचीः रांची सिविल कोर्ट ने सेना के कब्जेवाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े बरियातू थाना में दर्ज केस के चार्जशीटेड आरोपी सौरव कुमार उर्फ सौरव बर्नवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया है. सौरव ने जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है. प्राथमिकी की जांच पूरी करते हुए पुलिस ने पिछले सप्ताह सौरव कुमार समेत पांच के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी. चार्जशीट दाखिल होने के बाद सौरव ने जमानत याचिका दाखिल की थी. पुलिस ने अफसर अली के साथ मो. सद्दाम हुसैन, इम्तियाज खान उर्फ इम्तियाज अहमद, फैयाज खान एवं सौरव कुमार उर्फ सौरव बर्नवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है.

### पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

रांची : निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. ईडी और बचाव पक्ष दोनों ओर से बहस पूरी हो गयी है. इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की. पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल सहित अन्य के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ कैश बरामद किया गया था. छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनो से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी.

### 250 करोड़ में बनेगा पंडरा से कांके रोड तक फोरलेन रोड, निविदा फाइनल

रांचीः 250 करोड़ में पंडरा से कांके रोड तक फोरलेन रोड का निर्माण कराया जायेगा. पथ निर्माण विभाग ने इसके निर्माण के लिए निविदा फाइनल कर दिया है. श्रीराम कंस्ट्रक्शन को इसका काम दिया गया है. करीब 91 करोड़ सड़क निर्माण में व शेष राशि भू-अर्जन व यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य में खर्च किया जायेगा. करीब 5.50 किमी रोड का निर्माण होगा जो पूरी तरह से नयी होगी. इसके निर्माण से पंडरा से कांके रोड आने के लिए रातू रोड नहीं आना होगा. अंदर ही अंदर डैम के बगल से यह रोड निकाली जायेगी. जमीन अधिग्रहण के लिए पहले ही रैयतों को नोटिस दिया जा चुका है. सारी कार्यवाही पूरी करके इस पर काम भी प्रारंभ किया जायेगा.

### सचिवालय में एक का तबादला, एक का स्थगित

रांचीः झारखंड सविवालय सेवा के अवर सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिक एवं ई-गवर्नेंस विभाग सुनील कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक खेलकूद निदेशालय पर्यटन विभाग में अवर सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है. वहीं, एक जुलाई 2024 की तिथि से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में स्थांतरित उप सचिव फिलिप लकड़ा का तबादला आदेश रद्द करते हुए उन्हें पेयजल विभाग में उप सचिव के पद पर बनाये रखा गया है. इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है.

### हाईकोर्ट ने कहा- गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए ये सुनिश्चित करे निगम

रांचीः जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. शुक्रवार को हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी भवन का गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए. इसके साथ ही अदालत को निगम ने यह जानकारी दी कि हिनू नदी के किनारों से अतिक्रमण हटाने की दिशा में सिंगल बेंच से आदेश आने के बाद कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि रांची के बड़ा तालाब व जिले के आसपास के जल स्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम एवं धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों द्वारा हड़प ली गई है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है. जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है.

पेज एक का शेष

### गिरिडीह में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कहा- भाजपा की परिवर्तन यात्रा का मकसद 'महान झारखंड, विकसित झारखंड'

गरीब, युवा आदिवासी को नौकरी नहीं मिलती. उन्होंने कहा कि चुनावों में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, महिलाओं को 2500 रुपए पेंशन का वादा किया, नवविवाहित बहनों को सोने का सिक्का देने का वादा किया, सरकार बनने के बाद सारे वादे भुला दिये.

**बड़े-बड़े वादे करने वाली झारखंड सरकार ने सिर्फ भ्रष्टाचार दिया**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव के पहले जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली इस सरकार ने झारखंड को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया. 1000 करोड़ का खनन घोटाल किया, सेना की जमीन खा गए. इस सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया.

**मोदी सरकार ने आदिवासी कल्याण के लिए दिए 1.20 लाख करोड़**

अमित शाह ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस आदिवासी कल्याण की बात करती है. उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी, तो उसने आदिवासी कल्याण के लिए 20 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया था. वर्ष 2013-14 में. केंद्र में मोदी की सरकार बनने के बाद अब उसी विभाग का बजट 1.20 लाख करोड़ रुपए हो गया है. मोदी की सरकार ने आदिवासियों के लिए डीएमएफटी फंड दिया. 63,000 गांवों के विकास के लिए 50 हजार करोड़ रुपए खर्च करने की व्यवस्था की है.

**75 साल के लोगों को 10 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देंगे**

अमित शाह ने संताल परगना की जनता को संबोधित करते हुए कहा- मैं कहकर जाता हूं कि हमारा घोषणा पत्र आएगा. हम 75 साल से ज्यादा आयु के गरीब परिवारों को 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करेंगे. आपके धान को उचित दाम पर खरीदेंगे. गांवों को सड़क, एंबुलेंस, अस्पताल और डॉक्टर की सुविधा मिलेगी.

**आदिवासी बहनों के बलात्कार पर चुप है झारखंड की सरकार**

अमित शाह ने हेमंत सोरेन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मदद करने वाली सरकार है. दूसरी ओर भाजपा है, जो आदिवासियों की चिंता करने वाली पार्टी है. झारखंड में 37 आदिवासी बहनों का बलात्कार हुआ. साहिबगंज और दुमका की बेटी की हत्या कर दी गई, लेकिन यह सरकार कुछ नहीं बोलती.

# सेकेंडरी एग्रीकल्चर से ही किसानों का पलायन रूक सकता है : राष्ट्रपति

रांचीः मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड से मेरा विशेष लगाव है. यह भगवान बिरसा मुंडा की धरती मेरे लिए तीर्थ स्थल है. अपने राज्यपाल के दौरान हमने यहां का भ्रमण किया. कई कार्य किए. मैं 2017 में इस संस्थान में यहां आ चुकी हैं. अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़े, इसके लिए काम करने जरूरत है. मगर आज भी हमारे किसानों गरीबी में जीने को विवश हैं. इस दिशा में काम करने की जरूरत है. सेकेंडरी कृषि इसका विकल्प हो सकता है. इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. और वे गांव में नहीं छोड़ेंगे. सेंकेंडरी कृषि उत्पाद हम बेहतर दिशा में बढ़ सकते हैं. वेस्टेज वस्तुओं को हम रीसाइकलिंग करके उपयोगी एवं मूल्यवान वस्तुएं बनाए जा सकते हैं. एक बदाम के छिलके से कैसे वे लाभान्वित हो सकते हैं. इस संस्थान का लाभ अन्य संस्थानों को मिलना चाहिए. यह संस्थान प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं.



### प्रधानमंत्री किसानों के लिए कई काम कर रहे हैं : राज्यपाल

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति का राज्यपाल रहने के दौरान कस्तुरबा गांधी विद्यालय का भ्रमण का असर वहां दिख रही हैं. मेरा प्रयास रहता है कि कोई भी व्यक्ति केंद्र और राज्य कही योजनाओं से वंचित न रह जाए. आज हम सभी के लिए गर्व की बात है कि इसके शताब्दी समारोह में हिस्सा ले रहे हैं. इन सौ वर्षों में अनेकों उपलब्धियां हासिल की. यह प्रसन्नता की बात है कि हमारा यह संस्थान लाह उत्पादन में अव्वल है. हम किसानों के आय को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है. हमारे देश के प्रधानमंत्री करोड़पति बनाने की दिशा में ही काम कर रहे हैं. कई योजनाएं किसानों के लिए चला रहे हैं. किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के लिए बुहत लाभकारी साबित हो रहा है. हम कृषि का आधुनिक बनाने का काम करेंगे.

### हमारे किसान खेतीहर मजदूर बनने को विवश हैं, इस पर केंद्र और राज्य को मिलकर सोचने की जरूरत : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी विगत छह वर्षों तक राज्य का मागदर्शन किया. अब देश को मार्गदर्शन करने का काम रही हैं. हम किसानों के लिए बातें बहुत बड़ी बड़ी करते हैं. आज हम लाह की खेती 50-55 नहीं बल्कि 70 प्रतिशत करते थे.हमारे दीदियों लखपति क्यों, करोड़पति क्यों नहीं बन सकती हैं. बन सकती है बशर्ते किसानों की नीति-निर्धारण हो. ऐसा सिस्टम हो जहां बिचौलियों को कोई जगह नही हो. आज बिचौलियों का जमात इतना शक्तिशाली हो चुका है कि आपके मेहनत की गाढ़ी कमाई ले जाता है. सदियों से किसानों को सरआंखो पर रखा. आगे भी हम इन्हें रख पाएं. ग्रामीणों का परिवर्तन गांव में जाकर देखें. आज मौसम बदलाव की ओर है. कहीं सुखा, कहीं बाढ़. आज किसान हमारे खेतीहर मजदूर बनने की ओर अग्रसर है. इस पर केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर सोचने की जरूरत है. मौसमी फसल के अलावे वैक्लिप खेती की ओर कैसे आगे बढ़े. हमने लाह को खेती का दर्जा दे दिया है. आज के इस भौतिकवादी युग में जीवित रखना. कैसे कृषि के साथ-साथ पशुपालन की दिशा में आगे बढ़ाएं.

### रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र और न्यूनत्तम उत्पादन मूल्य बढ़ाने का प्रयास करेंगे : शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे राष्ट्रपति का झारखंड से पहले से ही लगाव रहा है. वे राज्यपाल रहते हुए कई काम झारखंड के लिए किया है. कृषि बनने के बाद मैं झारखंड आया था. यह पहला संस्थान था जहां मैं यहां विजिट किया था. तब मैं किसी होटल में नहीं यहीं ठहरा था. जहां मैने सारी चीजों जानकारी ली. लाह का इतिहास भारत के इतिहास जैसा पुराना है. कौरवों ने पांडवों को मारने के लिए लाक्षागृह बनाया था. प्रधानमंत्री किसानों की आय दुगुनी करना चाहते हैं. कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान, गेंहू से काम नहीं चलेगा. हमें दुसरे खेती में जाना होगा. आज भी हम लाह में 400 करोड़ का निर्यात करते हैं. आज ऐसी महिलाएं है जो लाख-लाख रूपए कमा रही हैं. हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है. पलास्टिक से बचने के लिए भी इसका उत्पादन जरूरी है. लाह की खेती हमारे बहनें और बहने कर सकते हैं. हमाारे प्रधानमंत्री का सपना है, इसलिए लखपति दीदी योजना बनायी. लाह के माध्यम से भी लखपति दीदी बनायी जा सकती है. हमारा लक्ष्य है कि लाह का उत्पादन दुगुनी हो जाए. यह वनोत्पाद है. इसलिए कृषि विभाग के अधीन में आता है. मेरा प्रयास होगा कि लाह का खेती कृषि विभाग के तहत आ जाए. ताकि कृषि विभाग का योजनाओं का लाभ इस खेती को मिल सके. कलस्टर आधारित प्रोसेसिंग का प्रयास करेंगे. न्यूनत्तम मूल्य भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे. जितनी लागत आता है, उसमें 50 प्रतिशत जोड़कर ही न्यूनत्तम प्रोडक्शन मूल्य दिया जाएगा. इस साल से 1500 से नहीं 5 हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे.

### 40 लाख आदिवासी परिवार लाह की खेती से जुड़कर आर्थिक सबल बन रहे हैं : कृषि राज्य मंत्री

इस मौके पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि हर क्षेत्र में अन्नदाता रात-दिन मेहनत करता है. जब अन्नदाता के घर में खुशहाली आता है तब हमें खुशी होती है. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों में खुशी लाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं. चाहे एमएसपी बढ़ाने का मसला हो या फिर आय दुगुनी करने का. हमारे प्रधानमंत्री इसमें लगे हुए हैं. यह गौरव की बात है कि यह संस्थान शताब्दी वर्ष मना रहा है. पहले यह लाह संस्थान ही था. मगर हमारे प्रधानमंत्री इस संस्थान को और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं. लाह का पेड़ कार्बन डाईअक्साईड को कम करता है. आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाह की खेती भरण-पोषण करते हैं. करीब 40 लाख परिवार इस खेती से जुड़े हैं.

### लाह खेती से हमने बिचौलिए को खत्म किया : संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी संस्था का सौ साल होना. इस पावर अवसर पर भारत की राष्ट्रपति का शामिल होना, गौरव की बात है. यह किसानों को हौसला देना है. प्रकृति ने हमें हरा-भरा संपदा दिया. लाह पलास्टिक का विकल्प है. यह गौरव की बात है कि देश का 55 प्रतिशत लाह की खेती झारखंड में होता है. 400 करोड़ का एक्सपोर्ट होता है. लाह पहले 100 में बिकता था, वही लाह बड़े-बड़े व्यापरी उसे 700, 800 रूपए में बेचता है. हमने खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए बिचौलियो को खत्म किया. लाह से हम लखपतिया दीदी बना रहे हैं. पत्तल में लाह का कोटिक कर दिया जाए तो वह नुकसान देह नहीं होगा.

### देश में कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत लाह का उत्पान झारखंड से होता है : महानिदेशक

संस्थान महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है. इसके बाद ही अन्य राज्य का योगदान है. इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपना आय बढ़ाया. लाह के उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है. हमारा संस्थान सेंकेडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है. 27 में यह देश न केवल विकाशील बल्कि विकसित देश रहेगा. इसमें हमारे संस्थान को जो सहयोग रहेगा, जरूर करेगा. निदेशक डा. श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है. समय-समय पर इस संस्थान का नाम बदला गया. कुल चार बार इस संस्थान का नाम बदला गया है. जिसका मुख्य कारण रहा इसके जरिए कृषि में उत्तोतर विकास.

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा कदाचारमुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद

रांचीः झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 21 और 22 सितंबर को सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 आयोजित की जा रही है. रांची जिला के विभिन्न 131 केन्द्रों में तीन पालियों में परीक्षा आयोजित की जायेगी. सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा भी जारी की गयी और पुलिस-मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी की गई है. इसी कड़ी में रांची जिला प्रशासन कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर मुस्तैद है. जिला प्रशासन ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों, होटल, लॉज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित प्रमुख स्थानों पर माइकिंग कर इसकी जानकारी दी, यदि कोई परीक्षार्थी ऑनलाइन या ऑफलाइन स्वयं या किसी दूसरे को नकल करते हुए पकड़े जाते हैं तो उन्हें न्यूनतम 3 वर्ष की कारावास और 5 लाख का जुर्माना के साथ दंडित किया जाएगा. साथ ही यदि वह पूर्व में ऐसे कार्य के लिए दंडित हो चुके हैं तो कारावास की अवधि कम से कम 7 वर्ष एवं जुर्माने की राशि 10 लाख से कम नहीं होगी.

### होटल एवं लॉज मालिकों को भी चेतावनी

सभी होटल एवं लॉज मालिकों को भी इस संबंध में चेतावनी दी गयी है. उनके परिसर में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है तो संबंधित होटल या लॉज मालिक की संपूर्ण जिम्मेदारी होगी और उनके विरुद्ध नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी. जिला प्रशासन ने आमजनों से भी अपील की है कि परीक्षा के संबंध में फैलाए गए किसी भी भ्रांति या बहकावे में न आएं. किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना जिला प्रशासन को देने का निवेदन किया गया है.

### आज और कल रांची में 131 सेंटर पर होगी जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योगयताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रांची में 131 सेंटर पर ली जा रही है. 21 और 22 सितंबर को तीन पालियों में परीक्षा आयोजित है. रांची जिला में लगभग 1 लाख 22 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे. परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 11:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक तथा तृतीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई है. जिला प्रशासन ने परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की है. सदर एसडीओ ने सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में धारा-163 के अंतर्गत केन्द्रों पर निषेधाज्ञा जारी की गयी है. यह निषेधाज्ञा 21 और 22 सितंबर को सुबह 5 बजे से शाम 8:30 बजे तक प्रभावी रहेगा.

## बंगाल सीमा पर वाहनों को रोकने पर भड़के बाबूलाल, असंवैधानिक कार्रवाई बताया



रांची : पश्चिम बंगाल में आये बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराते हुए झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही को अगले तीन दिनों तक रोक दिया है. इसकी वजह से धनबाद के निरसा और रांची से सटे पुरुलिया बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर इस कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिया है. उन्होंने झारखंड सरकार पर भी सवाल उठाया है. कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप क्यों हैं? बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जब ज्यादा बारिश होती है, तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ता है, यह एक सामान्य प्रक्रिया है. इसे लेकर वाहनों को रोका जाना कहीं से भी जायज नहीं है.
मरांडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तानाशाही से झारखंड का जन-जीवन तो अस्त-व्यस्त हो ही रहा है, साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है. क्या नेशनल परमिट वाले वाहनों को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के लिए अलग से परमिट लेना पड़ेगा. बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार ने आज तक झारखंड में जितने भी डैम बनाये हैं, उनमें झारखंड की जमीन गयी है. झारखंड के लोग विस्थापन का शिकार हुए, लेकिन बिजली-पानी का लाभ पश्चिम बंगाल के लोगों को मिल रहा है. इन सबके बाद भी ममता बनर्जी असंवैधानिक तरीका अपनाकर वाहनों को रोक रही हैं.

## रांची में तेजी से बढ़ रहा अपार्टमेंट कल्चर, लेकिन ड्रेनज नहीं, हरमू नदी से क्यों नहीं हटाया गया अतिक्रमणः हाई कोर्ट

रांचीः झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि हिनू नदी का अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब तक क्यों करवाई नहीं की गई, 3 साल का समय बीतने के बाद भी इनके खिलाफ क्यों नहीं एक्शन हुआ है? उनके मामले में अपने आदेश पारित क्यों नहीं किया? जब तक नगर निगम अतिक्रमण जैसे विषय पर सख्त नहीं होगी तब तक वह अपनी संपत्ति नहीं बचा सकती हैं. इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ अदालत से स्टे लगा था, उनके मामले में प्रोसिडिंग चल रही है जल्द उनके मामले में सुनवाई पूरी कर ली जाएगी, अगर इनका अतिक्रमण है तो उसे हटाया जाएगा. रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बड़ा तालाब के आसपास के घरों के गंदे पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने की प्रकिया की जा रही है. कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में अपार्टमेंट तो तेजी से बन रहे हैं, लेकिन अपार्टमेंट के गंदे पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है. ऐसे में पूरे रांची में वर्षा होने पर गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है रांची नगर निगम को इस पर गंभीरता से विचार करनी चाहिए. रांची शहर में नालियों का निर्माण प्रॉपर तरीके से होना चाहिए. इससे पहले एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्षा होने पर बड़ा तालाब के आसपास अपर बाजार में लोगों के घरों में गंदा पानी घुस जा रहा है. कांके रोड के विद्यापति नगर के एक तालाब को कूड़ा से भर दिए जाने क्या संबंध में कोर्ट ने रांची नगर निगम से जवाब मांगा है. कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा कि जिन अपार्टमेंट में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है या खराब है उनके खिलाफ क्या एक्शन लिया गया. इसपर भी कोर्ट ने रांची नगर निगम से जवाब मांगा है. अगली सुनवाई 4 अक्टूबर को होगी.शुक्रवार को कोर्ट ने रांची में जल स्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ -सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की.

### मोरहाबादी से जिन्हें हटाया गया, उन्हें दुकान कब तक देंगे

मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर निगम से पूछा कि फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए अब तक क्या किया गया. जिसपर नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिस जगह पर दुकानदारों को बसाया जाना था, वहां पर टाना भगतों का कब्जा है. इसपर कोर्ट ने यह जानना चाहा कि जिनका कब्जा है उसे हटाने के लिए निगम ने अब तक क्या किया. अदालत ने इन बिन्दुओं पर नगर निगम से 18 अक्टूबर तक जवाब मांगा है. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत की अदालत में हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

## वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का निधन, सीएम ने जताया दुख

रांची : वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का आज (शुक्रवार) निधन हो गया है. वे करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित है. रवि प्रकाश के करीबी अविनाश दास ने उनके निधन की पुष्टि की है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस संबंध में जानकारी दी है. उन्होंने लिखा कि हमारे पुराने मित्र, सहकर्मी और साहस से भरे हुए पत्रकार रवि प्रकाश नहीं रहे. वह कैंसर से लड़ रहे थे. जिंदगी कैसे जी जाती है, हमने उनसे सीखा है. आप हमारी जिंदगी में हमेशा शामिल रहेंगे दोस्त... अलविदा मेरे प्यारे भाई!



### जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं : हेमंत

रवि प्रकाश के निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं.

## 15 सूत्री मांगों को लेकर रसोईया संघ ने बापू वाटिका के सामने दिया धरना

रांची : झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ ने मोरहाबादी के बापू वाटिका के सामने एक दिवसीय धरना दिया. संघ की महिलाओं ने 10 हजार मासिक वेतन सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. धरने पर बैठी अनिता देवी, रीना देवी, भुंडा बासकी ने कहा कि झारखंड में लगभग 80 हजार रसोईया काम कर रही हैं. रसोईया संघ की महिलाएं राज्य के 30-32 हजार सरकारी स्कूलों में बच्चों (कक्षा 6 से 8) को खाना बनाकर खिलाती हैं. 12 महीने सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक काम करना पड़ता है. लेकिन इसके एवज में हर माह सिर्फ दो हजार ही मिलते हैं. वह भी चार-पांच महीना बाद वेतन दिया जाता है. उनका कहना है कि इस काम में न्यूनतम



मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है. महिलाओं का कहना है कि एक तरफ सरकार मंईयां योजना ते तहत बिना किसी काम के महिलाओं को एक हजार महीना दे रही है. वहीं दूसरी तरफ काम करने के बाद भी रसोइयां का मानदेय नहीं बढ़ाया जा रहा है.

### ये हैं मांगें

– रसोइयां बहनों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाये.
– हर माह 10 हजार मासिक वेतन दिया जाये.
– रसोईयों को हर माह समय पर मानदेय का भुगतान किया जाये.
– न्यूनतम मानदेय 21 हजार किया जाये.
– ड्रेस कोड लागू कर साल में दो सेट कॉर्टन साड़ी दिया जाये.
– दुर्घटना बीमा सुनिश्चित की जाये.
– रिटारमेंट के बाद पेंशन लागू किया जाये.
– मध्याह्न भोजन बनाने में परेशानी को हल करने के लिए हेल्प डेस्क बनाया जाये.
– मध्याह्न भोजन बनाने और सुरक्षित रखने के लिए जरुरत के अनुसार बर्तन और पानी की व्यवस्था किया जाये.

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "मयुरहण्ड में निर्मित दुकान के उपरी तल्ले पर 01 (एक) अद्द (अवशेष) दुकान" निर्माण कराते हुए किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए दिनांक 22/09/2024 से दिनांक .30/09/2024 (कार्यालय कार्य अवधि में) आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–
1. दिनांक 17.01.2023 को सम्पन्न बोर्ड–सह–समीक्षात्मक बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आलोक में दुकान का आवंटन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।
2. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा।
3. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकता है एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिस पर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदनकर्ता को दुकान लागत राशि का मो0 98,410.00 (अट्ठानबे हजार चार सौ दस रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
7. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
PR.NO.336435 District(24-25):D मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, चतरा।

## सारी दुनिया, इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों से भयभीत

सारी दुनिया के देशों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार व्यवस्था को लेकर एक अज्ञात भय समा गया है। लेबनान में जिस तरह से हजारों पेजरों,इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, वॉयरलैस आधारित वॉकी-टॉकी इत्यादि के माध्यम से सामूहिक विस्फोट किए गए हैं। इन विस्फोटों में हजारों लोगों घायल हुए हैं। सैकड़ो लोग मौत का शिकार हो गए हैं। कई स्थानों पर मोबाइल डिवाइस पर भी इसी तरह के धमाके किए गए हैं। सेना के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सों के पेजर और मोबाइल फोन पर भी हुए हैं। जिसके बड़ी संख्या में डॉक्टर नर्स और मरीज घायल हुए हैं। उसके कारण अब लोगों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों के उपयोग को लेकर भय फैल गया है। पिछले तीन दशक में दुनिया के सभी देशों में इंटरनेट का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। पिछले दो दशक में ऑनलाइन सेवाओं का जाल बिछाया गया है। कम्युनिकेशन के सभी संसाधन इंटरनेट के माध्यम से आपस में जुड़ गए हैं। टेलीविजन भी अब इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इंटरनेट के माध्यम से सारी दुनिया में सेवाएं दे रहे हैं। मोबाइल फोन गरीब से गरीब के व्यक्ति के पास उपलब्ध है। घरों में जो टीवी लगी हैं। वह भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं इंटरनेट के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहे हैं। सभी माध्यमों में कुछ ही लोगों का एकाधिकार है। विशेष रूप से सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर तैयार करने वाली संस्थाओं कुछ ही कंपनियों पर एकाधिकार है। इस तकनीकी पर घुसपैठ करने वालों की संख्या भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। हैकिंग सिस्टम के माध्यम से हैकर तकनीकी को ध्वस्त करते हुए कमाई के नए-नए आयाम खोजने में लगे हैं। युद्ध लड़ने के जो नए तरीके अब विकसित हो रहे हैं। वह बहुत विनाशकारी हैं। पहले जो युद्ध हुए हैं, उसमें उतना बड़ा नुकसान नहीं हुआ। जितना बड़ा नुकसान अब सारी दुनिया के देशों को हो सकता है। पहले रासायनिक हथियारों का एक भय था। अब जिस तरह से व्यक्ति को लक्ष्य करके हमले किए जा रहे हैं। उसने सारी दुनिया को हैरानी और परेशानी में डाल दिया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट की आशंका को देखते हुए, सभी देशों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की विश्वसनीयता और उपयोग को लेकर बड़ा संशय पैदा हो गया है। सारी दुनिया एक ही नेटवर्क से जुड़ी हुई है। सभी संचार माध्यम आपस में जुड़े हुए होने के कारण कम समय में सारी दुनिया के देशों को लक्ष्य किया जा सकता है। यह आशंका अब बलवती होने लगी है। पिछले एक दशक में जिस तरह से इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन नेटवर्किंग से दुनिया की 70 फ़ीसदी से ज्यादा आबादी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नेटवर्क के माध्यम से जुड़ चुके है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग युद्ध मैं हथियार के रूप में किया गया है। उसके कारण लोगों के बीच में यह चर्चा होने लगी है। पेजर तकनीकी जो वायरलेस के माध्यम से एक सीमित क्षेत्र में वन वे कम्युनिकेशन के रूप में काम करती है। यदि वह सुरक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों की सुरक्षा किस तरह संभव होगी, यह समझना मुश्किल हो गया है। भारत सहित दुनिया के अन्य देशों के संचार माध्यम इंटरनेट से संचालित हो रहे हैं। घरों की टीवी मैं जो प्रसारण आ रहा है। वह भी इंटरनेट के माध्यम से आ रहा है। एंड्राइड तकनीकी के टेलीविजन दुनिया भर के अरबों टेलीविजन और मोबाइल एक ही सिस्टम से संचालित हो रहे हैं। सारे सिस्टम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कब इस सिस्टम के अंदर कौन घुसकर क्या करके निकल जाएगा, कहना मुश्किल है। इजराइल ने जिस तरह से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों से घातक तकनीकी विकसित करते हुए इस तकनीकी का इस्तेमाल युद्ध के लिए किया है। इजरायल के अलावा आतंकी संगठनों के पास इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा युद्ध में काम आने वाले हथियार जिस तरीके से विकसित किए गए हैं। वह पूरी दुनिया की मानव आबादी को कुछ ही क्षणों में तबाह करने की क्षमता रखते हैं। अभी मिसाइल से किसी स्थान पर लक्ष्य पर निशाना साधा जाता था। अब निशाने पर वह हर व्यक्ति आ गया है। जो व्यक्ति मोबाइल ,पेजर ,टेलीविजन एवं उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर रहा है। वह नेटवर्किंग में जुड़े हुए नहीं हैं।उसके बाद भी जिस तरह से हाल ही में इजरायली लडाकूओं ने पेजर और वाकी-टाकी के माध्यम से हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया है। जिनके पास इलेक्ट्रॉनिक उपकरण थे। वह बुरी तरह से घायल हुए, या मारे गए। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि इस हमले में अस्पतालों, नसों और डॉक्टरों को भी निशाना बनाया गया है। इजरायल ने जिस तरह से पेजर और वाकी टाकी में विस्फोटक पदार्थ का उपयोग करते हुए विभिन्न माध्यमों से दुश्मन देश के पास उन उपकरणों की सप्लाई कराई। उसने दुनिया में एक नए अविश्वास को जन्म दिया है। अब किसी भी देश को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को लेकर एक दूसरे के ऊपर वह विश्वास नहीं होगा। सारी दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में चीन का बोलबाला है। पिछले दो दशक में दुनिया के प्रत्येक देश के अधिकांश नागरिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के ऊपर आश्रित होकर रह गए हैं। चीन, अमेरिका, इजरायल जैसे देश इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर को लेकर विशेष तकनीकी दक्षता रखते हैं। विशेष रूप से मोबाइल फोन और टीवी के रूप में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस हर घर में और हर व्यक्ति के द्वारा उपयोग में लाई जा रही है। अभी तक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग जासूसी एवं अन्य जानकारी को एकत्रित करने के लिए किया जाता था। अब एक बड़े विध्वंश के रूप में नया स्वरूप सामने आया है। जिसका मुकाबला कर पाना शायद ही किसी के लिए संभव हो। पहली बार दुनिया की सोच इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को लेकर, चिंता में बदलना शुरू हो गई है। इजराइल के साथ-साथ इस तरह की तकनीकी अन्य देशों और आतंकी संगठनों के पास भी उपलब्ध है। जो कम या ज्यादा नुकसान करने में सक्षम है। विभिन्न देशों द्वारा यदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से युद्ध लड़ना शुरू कर दिया, तो बहुत बड़े विनाशकारी परिणाम सारी दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। पहली बार दुनिया के देशों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों को लेकर चिंता और भय देखने को मिल रहा है।

## विचार-निर्विचार, चिंतन-अचिंतन

पूरा विश्व, विचारों पर चलता है, सारे आविष्कार, युध्द, आतंकवाद, साहित्य सृजन, भाषण, प्रवचन, तू-तू, मैं-मैं सब विचारों की देन है। विचार ही सब कार्यों को अंजाम देता है। भक्ति, प्रार्थना, व्यवहार, सेवा सब विचारों की देन है। हम सोचते हैं तो करते हैं होता है। अब प्रश्न यह है कि विचार कैसे हो, दो श्रेणियों में बांटा गया है उन्हें, सकारात्मक, नकारात्मक, सकारात्मकता निर्माण करती है, नकारात्मकता विध्वंस, मनुष्य ने सभ्यता को ऊंचाई तक पहुंचाया है एक तरफ तो दूसरी तरफ नृशंसता के गर्त में भी। जैसे विचार वैसा वातावरण और वृत्त। विचार करना सुविचार करना कोई किसी को जबरदस्ती नहीं सीखा सकता क्योंकि संस्कार, लालन-पालन, शिक्षा, मनन-चिंतन, संगति, वातावरण से विचारों में परिवर्तन होता है। पता नहीं यह दुनिया कब से बनी है, मनुष्य ने सोचना कब से शुरू किया, उसमें कैसे-कैसे परिवर्तन होते गया यह एक बड़ा गूढ़ विषय है। इस पर शास्त्र रचे जा सकते हैं। विचारों ने ही तो इतना ज्ञान इस विश्व को दिया है विज्ञान, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, धर्म, कानून, जैसे-जैसे आवश्यकताएं होती गई या बढ़ती गई सब आविष्कार या रचना होती गई। आतंकवाद, विस्तारवाद, युध्द भी विचारों का खेल है। नेतृत्व के गलत विचारों का खामियाजा पूरे देश को देना होता है, कौम हो देना होता है। धार्मिक उन्माद भी कुछ गलत विचारों की देन है। बुध्दिहीन या कम बुध्दि वाले लोगों को बुध्दिमान चालाक लोग भेड़ों की तरह हांक कर अपने ढंग से उपयोग या दुरुपयोग करते हैं। इन्सान का अपना वजूद जब कमजोर होता है तो वह हिप्मोटाइज हो जाता है दूसरों से और पीछे-पीछे चलने लगता है, उसे पता नहीं होता कि वह कुएं में जाएगा या खाई में। हर कर्म के पीछे विचार होता है। सत्कर्म और बुरे कर्म। बिना विचारे कोई कुछ नहीं करता, यह अलग बात है कि कितनी गहराई और गंभीरता से विचार किया जाता है। आदमी हमेशा विचारों के हिंडोले में हिचकोले खाता रहता है, कभी आनंददायक कभी दुख देने वाले विचारों से स्वास्थ्य, विचार से रोग, वीरोचित कार्य कायराना कार्य। इसलिए विचारों को सुधार लीजिए सब कुछ ठीक हो जाएगा। मेडिकल इंसान और रिसर्च में भी यही पाया गया है कि रोग विचारों की देन है नकारात्मक विचारों की। सकारात्मक विचारों से, आशा, विश्वास से लोग निरोग होते देखे गए हैं। गीता में कहा गया है चित्त वृध्दि निरोध की स्थिति में आना याने सब दृष्टि से संतुलन, शांति, आनंद, निर्भयता में जीना। अति प्रसन्न और अति दुखी होना भी गलत है। हमेशा समस्थिति में रहना। भगवान विष्णु की तरह जो शेष नाग की शैया पर (विषमता) में भी शांत और प्रसन्न रहते हैं हमें हमारे पौराणिक दृष्टांतों से बहुत कुछ हासिल हो सकता है पर हम पढ़े सोचे और चलें तब। सोचिए आपको कैसे जीना है।

## झारखंड में मोदी का चुनावी शंखनाद


“आदिवासी बहुल दूसरे राज्यों की तरह ही झारखंड के चुनावी नतीजे भी इसके राजनीतिक भूगोल पर निर्भर करता है। भौगोलिक तौर पर पांच बड़े इलाकों में बांटे जाने वाले झारखंड का राजनीतिक समीकरण भी बेहद जटिल है। विधानसभा सीटों की संख्या की बहुतायात के आधार पर देखें तो पलामू में 9, कोल्हान में 14, दक्षिण छोटानागपुर में 15, संथाल परगना में 18 और उत्तरी छोटानागपुर में 25 सीट है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनका परिवार संथाल परगना इलाके से आता है और चंपई सोरेन कोल्हान इलाके से आते हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक, कोल्हान इलाके में राज्य की अनुसूचित जनजाति आबादी का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा (41.96 फीसदी) रहता है।”


कुमार कृष्णन

झारखंड विधानसभा चुनाव में अब महज कुछ दिनों का समय शेष है। वहीं विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में मिशन 2024 के लिए सभी दलों ने तैयारी तेज कर दी है। भारतीय जनता पाटी। झारखंड के कोल्हान में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए लगातार नए-नए दांव खेल रही है। भाजपा ने जहां बीते दिनों जेएमएम के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन को भाजपा में शामिल कराया वहीं उनके शामिल होने के महज कुछ दिनों बाद ही झारखंड के जमशेदपुर में प्रधान नरेंद्र मोदी का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया।चंपई सोरेन का भाजपा में शामिल होना पार्टी के लिए एक बड़ी सफलता है। उनके बहाने भाजपा झारखंड में प्रभाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी ने जमशेदपुर से झारखंड चुनावी प्रचार का शंखनाद कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी चुनावी सभा के दौरान चंपाई सोरेन और सीता सोरेन का जिक्र करते हुए कोल्हान और संथाल के आदिवासियों को बड़ा संदेश देने की कोशिश की है।

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सरकार पर हमला बोलने के साथ-साथ झारखंड में सरकार बनने के बाद के नजरिये को भी सबके सामने रखने का काम किया। हमलावर अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल झारखंड का बड़ा दुश्मन करार दिया तो झारखंड का सबसे बड़ा मुद्दा घुसपैठ बताया। साथ ही कहा कि ये तीनों घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से घट रही है। झारखण्ड के शहर हो या गांव रोहिंग्या और बांग्लादेशी लगातार घुसपैठ कर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस मजहब के नाम पर वोट बैंक बना रहे हैं। यही समय है इस खतरे को रोकना होगा। आदिवासी भावना को उभारते हुए प्रधानमंत्री ने सवालिया लहजे में पूछा— क्या चंपाई सोरेन जी आदिवासी नहीं थें ? क्या वे गरीब परिवार से नहीं आतें? उन्हें किस तरीके से सीएम की कुर्सी से हटाया गया? सीता सोरेन को अपने परिवार ने ही बेदखल किया। इसका जवाब झारखंड का हर आदिवासी देगा। हर माता देंगी। कांग्रेस देश की सबसे भ्रष्ट और बेईमान पार्टी है। झारखण्ड में जमीन की लूट मची हुई है। अब लोग अपनी जमीन पर बोर्ड लगाकर लिखने लगे हैं कि यह जमीन बिकाऊ नहीं है।

इस दौरान पीएम मोदी ने झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती में अभ्यर्थियों की मौत पर कहा कि झारखंड में परीक्षाओं के नाम पर उत्पाद सिपाही भर्ती में 15 लोगों की जान चली गई। यह सब सरकार की गलत व्यवस्था के कारण हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों की जिंदगी गई है, उन्हे श्रद्धांजलि दी और यह यकीन दिलाया कि जब कुछ ही महीनों बाद झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी तो पूरे मामले की जांच होगी और हर जिम्मेवार पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 के दौरान कोल्हान प्रमंडल में भाजपा बुरी तरह पिछड़ गई थी। यहां की 14 सीटों पर पार्टी का खाता तक नहीं खुल पाया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास भी अपनी परंपरागत सीट पर पराजित हो गए थे। इस बार इस प्रमंडल में बढ़त लेने के लिए भाजपा मजबूत किलाबंदी में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। संपर्क बढ़ाने के लिए छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।32,000 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए और 32 करोड़ रुपये की सहायता की पहली किस्त जारी की।46,000 लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री के बाद अब गृह मंत्री अमित शाह भी 21 सितंबर को झारखंड पहुंचने वाले हैं।

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बाद भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जैसे अनुभवी राष्ट्रीय नेता रणनीतिक समर्थन दे रहे हैं। झारखंड में होने वाले इस विधानसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उनके पाले में राज्य के कई दिग्गज नेताओं का होना है। बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, अर्जुन मुंडा, बिद्युत बरन महतो, दीपक प्रकाश, मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो जैसे कई दिग्गज और प्रभावशाली नेता चुनावी तैयारी में लगे हैं।भाजपा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन सरकार से सत्ता छीनने की जिम्मेदारी हिमंता बिस्वा सरमा के कंधों पर है। वे ही तय कर रहे हैं कि किन नेताओं को भाजपा में शामिल किया जाए और किन्हें नहीं। चंपाई सोरेन का भाजपा में प्रवेश हो या लोबिन हेम्ब्रम का पार्टी में शामिल होना, इन सभी फैसलों के पीछे हिमंता बिस्वा सरमा का ही हाथ है।

यदि भाजपा इस दिशा में सफल होती है तो उसकी एक बड़ी व्यापारिक जीत भी कही जा सकती है। क्योंकि पूंजीपतियों के हितों को साधने में प्राकृतिक संपदा के धनी राज्यों पर सत्ता काबिज करना पहली शर्त है,ताकि मनमाने दोहन में कोई अड़चन न आए।

पिछले विधानसभा में भाजपा के हाथों से पिछली बार झारखंड की सत्ता फिसल गई थी। आदिवासी बहुल दूसरे राज्यों की तरह ही झारखंड के चुनावी नतीजे भी इसके राजनीतिक भूगोल पर निर्भर करता है। भौगोलिक तौर पर पांच बड़े इलाकों में बांटे जाने वाले झारखंड का राजनीतिक समीकरण भी बेहद जटिल है। विधानसभा सीटों की संख्या की बहुतायात के आधार पर देखें तो पलामू में 9, कोल्हान में 14, दक्षिण छोटानागपुर में 15, संथाल परगना में 18 और उत्तरी छोटानागपुर में 25 सीट है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनका परिवार संथाल परगना इलाके से आता है और चंपई सोरेन कोल्हान इलाके से आते हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक, कोल्हान इलाके में राज्य की अनुसूचित जनजाति आबादी का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा (41.96 फीसदी) रहता है। दूसरे इलाके में जनजातियों की आबादी का हिस्सा देखें तो दक्षिण छोटानागपुर में सबसे अधिक 51.1 फीसदी हिस्सा है। झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में जेएमएम और उसके सहयोगियों ने कोल्हान इलाके में 14 विधानसभा सीटों में से 13 जीते थे। चंपई सोरेन पूरी कोल्हान डिवीजन के तीन जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां अकेले प्रभावशाली नेता हैं। कोल्हान इलाके में 1980 के बाद हुए नौ विधानसभा चुनावों में से चार में भाजपा ने आरक्षित सीटों में अधिकतम सीटें जीती हैं। हालांकि, 2019 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत हासिल का सबसे बड़ा कारण इन्हीं 28 आरक्षित सीटों में 89.3 फीसदी जीत का स्ट्राइक रेट था। राज्य की बाकी 53 सीटों में भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन 23 और 22 सीटों पर जीत के साथ सियासी तौर पर लगभग बराबर पर थे। बाकी आठ सीटों पर दूसरे दलों को जीत मिली थी। इसलिए भाजपा की रणनीति इस बार हर हाल में आरक्षित सीटों पर वापसी की है।

## आपने भी खाये होंगे प्रसादम के चर्बी वाले लड्डू


“लाभ कमाने कि लिए हम भारतीय किस हद तक गिर सकते हैं ,ये तिरुपति कि प्रसादम में मिलावट की इस घटना से जाहिर होता ह। हम मुनाफे कि लिए न पाकीजगी देखते हैं और न भगवान से डरते है। इंसान से तो डरने का सवाल ही नहीं उठता। अब यदि आपने भी ये प्रसादम खाया हो तो जाइये किसी पंडित से मिलिए और प्रायश्चित कीजिये,क्योंकि सरकारें तो प्रायश्चित करतीं नहीं हैं फिर चाहे वो जगन की सरकार हो या चंद्र बाबू की। सरकारों का काम तो सिर्फ मुनाफा कामना होता है। भगवान वैंकटेश्वर सबकी रक्षा करें । आप भी प्रसादम पाकर अपने कल्याण का भाव छोड़ दें तो इस जाने-अनजाने पाप से बच सकते है। वैसे इस देश में खाद्य पदार्थों में देशी घी के नाम पर चर्बी परोसे जाने का काम युगों से चल रहा है।”


राकेश अचल

देश की सियासत में ही गिरावट नहीं आयी है बल्कि कारोबार में भी गिरावट आ गयी है । भारत के सबसे अमीर माने जाने वाले तिरुपति मंदिर के प्रसादम हेतु बनाये जाने वाले लड्डू भी इस गिरावट के शिकार हो गए है । लड्डू बनाने वाले इनके निर्माण में देशी घी के बजाय चर्बी का इस्तेमाल करते आये हैं। अब इसकी पुष्टि भी हो गयी है,लेकिन न भगवान तिरुपति इन अधम लोगों का कुछ बिगाड़ पाए हैं और न आंध्र प्रदेश की सरकार इनका कुछ बिगाड़ पायेगी । हाँ प्रसादम के लड्डुओं की अपवित्रता को लेकर राजनीति अवश्य होने लगी है। आपको बता दूँ कि तिरुपति मंदिर में शुद्ध देसी घी के रोज 3.50 लाख लड्डू बनते हैं।आंध्र के मुख्यमंत्री और टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार, दो दिन पहले जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली वायएसआरसीपी सरकार पर तिरुपति प्रसाद में पशु चर्बी मिलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि जगन मोहन सरकार ने प्रसादम की पवित्रता खंडित कर दी है। तेलुगु देशम पार्टी ने तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम बनाने के लिए भेजे गए गाय के घी के सैंपल की लैब रिपोर्ट दिखाई। टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमना रेड्डी ने दावा किया कि इसमें गोमांस और सुअर की चर्बी के अलावा फिश ऑयल की पुष्टि की गई है।वेंकट रमना रेड्डी ने गुरुवार, 19 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की। उन्होंने बताया कि गुजरात स्थित लाइवस्टॉक लेबोरेटरी, एनडीडीबी लिमिटेड को 9 जुलाई, 2024 को सैंपल भेजा गया था। लैब रिपोर्ट 16 जुलाई को मिली।सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड गुजरात के आनंद में स्थित (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड बोर्ड) की लेबोरेटरी है।

चंद्रबाबू नायडू कहते हैं कि पिछले 5 साल में वायएसआरसीपी के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया। तिरुमाला के पवित्र लड्डू में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। हालांकि, अब हम प्रसादम में शुद्ध घी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि जिस कंपनी से घी लिया जा रहा था, उससे करार खत्म कर ब्लैक लिस्ट कर रहे हैं। मामले की जांच विजिलेंस को सौंप दी गई है। एक साल पहले ही कंपनी को सप्लाई का टेंडर मिला था।लड्डू में चर्बी कांड उजागर होने कि बाद कांग्रेस नेता और जगन मोहन की बहन शर्मिला नेसीबीआई जांच कराने की मांग की है। एक जानकारी कि मुताबिक मंदिर में प्रसादम कि लड्डू बनाने कि लिए हर छह महीने में 1400 टन घी मंदिर में लगता है। सरकार बीते 50 साल से कर्नाटक कॉपरेटिव मिल्क फेडरेशन रियायती दरों पर ट्रस्ट को घी दे रहा था। जुलाई 2023 में कंपनी ने कम रेट में सप्लाई देने से मना कर दिया, जिसके बाद पिछली जगन सरकार ने 5 दूसरी फर्मों को सप्लाई का काम दिया। इसी साल 17 जुलाई को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की फूड लैब काल्फ ने बताया कि तिरुमाला के लड्डुओं में पशु चर्बी, मछली तेल से बने घी का इस्तेमाल हो रहा है। जांच में एक फर्म का घी मिलावटी मिला था।

इसके बाद जुलाई में तिरुमाला ट्रस्ट के ईओ जे. श्यामला राव ने बैठक कर लडडुओं के नमूने फिर जांच कि लिए प्रयोगशाला भेजे। अब इसकी रिपोर्ट नायडू ने उजागर किया। इसमें पता चला कि घी में बीफ, फिश ऑयल और सुअर की चर्बी मिलाई गई थी तिरुपति मंदिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय और अमीर धर्मस्थलों में से है। यहां हर दिन करीब 70 हजार श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करते हैं। इसका प्रशासन तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम संभालता है।

मै कोई दो दशक पहले इस मंदिर में गया था। मै भी प्रसादम कि कुछ लड्डुओं कि पैकेट लेकर आया था । उस समय कि लड्डुयों में चर्बी थी या नहीं ये मुझे ज्ञात नहीं है । मैंने उन लड्डुओं को खुद खाया और अपने नाते-रिश्तेदारों को भी खिलाया था। इस मंदिर परिसर में बनी रसोई कोई आज की नहीं बल्कि तीन सौ साल पुरानी है। इसे 'पोटू' कहते है। यहां रोज 3.50 लाख लड्डू बनते हैं,वो भी शुद्ध देसी घी के। यह मंदिर का मुख्य प्रसाद है, जिसे करीब दो सैकड़ा ब्राह्मण बनाते हैं। लड्डू में शुद्ध बेसन, बूंदी, चीनी, काजू और शुद्ध घी होता है। मजे की बात ये है कि तिरुपति ट्रस्ट ने करीब एक लाख लड्डू राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त अयोध्या भेजे थे।अब ये लड्डू किस-किसने खाये, राम ही जानें ? खबर है की आंध्र में भी दूसरे राज्यों की तरह लागत कम करने के लिए चर्बी मिलाकर देशी घी बनाया जाता है। मजे की बात ये है कि आंध्र प्रदेश की टीडीपी सरकार ने घी सप्लाई का काम 29 अगस्त को केएमएफ़ को फिर से दे दिया है। केएमएफ़ नंदिनी ब्रांड का देसी घी सप्लाई करता है।

उधर, न्यास ने घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है।अब गौर करने की बात ये है की एनएबीएल घी में चर्बी कि मिलावट की बात मैंने को राजी नहीं है । उसके अधिकारियों का दावा है कि शुद्ध घी में कभी भी चर्बी का इस्तेमाल नहीं होता। हालांकि, कई बार उत्पादन लागत कम करने के लिए इनका उपयोग हो रहा है।पिछले साल जब केएमएफ़ ने सप्लाई रोकी थी, तब उसने दावा किया था कि यदि कोई भी कंपनी इससे कम कीमत पर ट्रस्ट को बोली हासिल करती है तो वह निश्चित तौर पर लड्डू की गुणवत्ता से समझौता करेगी। इसका प्रभाव प्रसादम पर देखने को मिलेगा।

लाभ कमाने कि लिए हम भारतीय किस हद तक गिर सकते हैं ,ये तिरुपति कि प्रसादम में मिलावट की इस घटना से जाहिर होता ह। हम मुनाफे कि लिए न पाकीजगी देखते हैं और न भगवान से डरते है। इंसान से तो डरने का सवाल ही नहीं उठता। अब यदि आपने भी ये प्रसादम खाया हो तो जाइये किसी पंडित से मिलिए और प्रायश्चित कीजिये,क्योंकि सरकारें तो प्रायश्चित करतीं नहीं हैं फिर चाहे वो जगन की सरकार हो या चंद्र बाबू की। सरकारों का काम तो सिर्फ मुनाफा कामना होता है। भगवान वैंकटेश्वर सबकी रक्षा करें । आप भी प्रसादम पाकर अपने कल्याण का भाव छोड़ दें तो इस जाने-अनजाने पाप से बच सकते है। वैसे इस देश में खाद्य पदार्थों में देशी घी के नाम पर चर्बी परोसे जाने का काम युगों से चल रहा है।चॉकलेट हो या बिस्कुट,केक हो या आइसक्रीम ,नमकीन हो या मिठाई सभी में देशी घी के नाम पर चर्बी धड़ल्ले से मिलाई जा रही है ,क्योंकि इस देश में भगवान के नाम पर राजनीति सब करते हैं,लेकिन भगवान से डरता कोई नहीं है। सिवाय गरीबों के ।

## एक राष्ट्र एक चुनाव देश व लोकतंत्र के हित में

डॉ. भरत मिश्र प्राची

एक राष्ट्र एक चुनाव इस देश के लिये कोई नई पहल नहीं हैए आजादी के बाद 1951-52 से लेकर 1967 तक के लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते रहे लेकिन जब से सत्ता के प्रति राजनीति में मोह ज्यादा पनप गयाए देश में छोटे . छोटे दल ज्यादा पनप गये जिससे आया राम गया राम की कहानी शुरू हो गई। सत्ता के लिये कौन किधर चला जायेगाए कब चला जायेगा किसी को पता नहीं। इस तरह के बदले हालात एवं असुरक्षित माहौल ने देश में लोकतंत्र की तस्वीर ही बदल डाली। विधान सभाए लोकसभा के परिवेश समय से पहले हीं डगमगाने लगे। मध्यावधि चुनाव की स्थितियां बनने लगी। एक देश एक चुनाव की जगह अब सुरक्षा की दृष्टि से देश में कई चरणों में कई बार लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव होने लगे। जिसने देश पर अनावश्यक खर्च भी बढ़ा दिया। अब फिर से एक राष्ट्र एक चुनाव कराये जाने की संवैधानिक बात सामने आ रही है जिसके तहत इस दिशा में देश के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविद के नेतृत्व में गठित समिति की सिफारिस स्वीकार करते हुए वर्तमान केन्द्र सरकार ने वर्ष 2029 में एक राष्ट्र एक चुनाव कराये जाने की पहल शुरू कर दी है। केन्द्र सरकार की यह पहल देश एवं लोकतंत्र के हित में अवश्य है जहां चुनाव पर होने वाले अनावश्यक खर्च रोका जा सकता। पर देश में बदली राजनीतिक पृष्ठिभूमि जहां लाभतंत्र के साथ-साथ माफिया वर्ग हावी हैए इस तरह के परिवेश को कब तक स्थाईत्व प्रदान कर सकेगाए कुछ कहा नहीं जा सकता। इस पहल पर जहां सत्ता पक्ष सकरात्मक नजर आ रहा है वहीं विपक्ष अपने-अपने तरीके से विरोध जता रहा है। फिर भी इस पहल पर कुछ राजनीतिकए कुछ संवैधानिक अड़चनें अवश्य नजर आ रही हैए जिसका समाधान सभी को मिलकर तलाशना होगा।

फिलहाल वर्ष 2025 एवं 2026 में देश के 17 राज्यों के होने वाले विधान सभा चुनाव के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की समिति ने सिफारिस की है जहां कुछ राज्यों में केन्द्र की सत्ता पक्ष राजनीतिक दल की सरकार तो कुछ राज्यों में विपक्ष की सरकार सत्ता में है। जो कि टेढ़ी खीर है। जब देश में एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव करा लिये जाय तो इस बात की कोई ग्रांटी नहीं कि देश में मध्यावधि चुनाव की स्थिति न बनेए यहीं तर्क विपक्ष की ओर से आ रहा है।

एक राष्ट्र एक चुनाव को सफल बनाने के लिये देश में मध्यावधि चुनाव की स्थिति को टालने के मार्ग तलाशने होगे। इस दिशा में संविधान में एक कानून यह भी परित किया जाना चाहिए जो परिवेश मध्यावधि चुनाव के कारण बनते हैए उसपर अकुंश लगाया जाय। बहुमत के आधार पर सरकार गिराने के वजाय अल्पमत की सरकार चलते रहने का कानून बने जिससे आया राम गया राम की कहानी खत्म हो। लोकसभा एवं विधान सभा परिवेश पर आया राम गया राम प्रभावहीन रहेंगे एवं देश में बहुदलीय की जगह राजनीतिक दलों की संख्या सीमित रहे तो एक राष्ट्र एक चुनाव सफल हो सकता है।

## ऑनलाइन सामान मंगाना होगा सस्ता, लाजिस्टिक लागत कम करेगी सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार अगले 5 सालों में लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो ऑनलाइन मंगाए जाने वाले सामान के साथ खाने-पीने और दूसरी चीजों की कीमत में कमी आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की बात कही। उन्होंने डेलॉयट गवर्नमेंट समिट में कहा कि मिनिस्ट्री कई हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है। इससे भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में हमारी लॉजिस्टिक्स लागत सिंगल डिजिट में आ जाएगी। हालांकि इकनॉमिक रिसर्च संस्थान टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमान के अनुसार भारत में लॉजिस्टिक्स लागत 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 7.8 फीसदी से 8.9 फीसदी के बीच थी। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को दुनिया में नंबर वन बनाना है। भारत पिछले साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोटर वाहन बाजार बन गया था। भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन थे। गडकरी ने कहा कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 2014 में 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 22 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अगर हम किसानों की क्रय शक्ति बढ़ा सकें तो इसका हमारी अर्थव्यवस्था पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। गडकरी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को अपना निर्यात बढ़ाने और आयात कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए स्मार्ट शहरों की तरह स्मार्ट गांव भी जरूरी हैं।

## कॉलेजियम के दोबारा सिफारिश करने के बावजूद नियुक्ति न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जानकारी मांगी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से यह जानकारी देने को कहा कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने किन नामों की दोबारा सिफारिश की और उनकी संख्या कितनी है। न्यायालय ने केंद्र से इस बात का कारण भी बताने को कहा है कि इन नामों पर अब तक विचार क्यों नहीं किया गया और यह स्वीकृति किस स्तर पर लंबित है। यह निर्देश प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए केंद्र के लिए एक समय सीमा तय की जाए। पीठ ने कहा, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम (न्यायाधीशों के लिए) कोई खोजबीन समिति नहीं है जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि वह उसे कॉलेजियम द्वारा दोबारा अनुशंसित किए गए नामों की एक सूची मुहैया कराएं और बताएं कि इन पर स्वीकृति क्यों और किस स्तर पर लंबित है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कृपया, आप दोबारा अनुशंसित नामों की एक सूची बनाएं और बताएं कि ये क्यों और किस स्तर पर लंबित हैं...।

## 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में लोजपा उतारेगी अपने उम्मीदवार

लखनऊ,(ईएमएस)। लोक जनशक्ति पार्टी-राम विलास (लोजपा-आरवी) 2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी। लोजपा की राज्य सह-प्रभारी और सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम तय करने पर मंथन कर रही है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी नेता चिराग पासवान बिहार की तरह यूपी में भी राजनीतिक भूमिका निभाना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य राज्य में पार्टी को एक नई पहचान देना है। हम किसी पार्टी को तोड़ने के लिए नहीं बल्कि अपनी पहचान बनाने और लोगों से जुड़ने के लिए यहां आए हैं। चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी यूपी में कार्यकर्ताओं का मजबूत आधार तैयार करेगी और राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। पार्टी राज्य में युवाओं को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगी।

## भक्तों की आस्था के साथ खिलबाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली,(ईएमएस)। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर बवाल मचा हुआ है। अब इसको लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा है कि अगर प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाए जाने की बात सच है, तो इसकी निष्पक्ष जांच की जाना चाहिए और इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने इस मसले के तार ध्रुवीकरण की साजिश संग जुड़े होने की आशंका जताई है। खेड़ा ने एक्स पर आगे लिखा-अगर तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस होने के संबंध में किए गए दावे गलत साबित हुए, तो मैं एक बात साफ कह देना चाहता हूं कि श्रद्धालु और भक्तगण कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसा करके भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधाते हुए कहा कि बीजेपी चुनावी मौसम के बीच ध्रुवीकरण की साजिश के सिद्धांतों को हवा देने में माहिर है। बता दें लैब की रिपोर्ट में हुए खुलासे में यह बात सामने आई है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए गए प्रसाद में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस खुलासे ने देश में नई बहस छिड़ गई है।

## महाराष्ट्र में बस-ट्रक में टक्कर, 5 लोगों की मौत कई गंभीर

जालना,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के जालना में ट्रक और बस की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब गेवराई से अंबाड़ जा रही बस और मौसंबी से आ रहे ट्रक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। बस में 25 से 30 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को चालू करवाया। बताया जा रहा है कि गेवराई से जालना की अंबाड़ जा रही बस और अंबाड से संतरे से भरा आयशर ट्रक वडिगोदरी जालना मार्ग पर शाहपुर के पास आमने-सामने टकरा गए। घटना के बाद चीख पुकार मची गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को बस की खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला। दुर्घटना का सही कारण पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। यह पहली बार है कि जालना बीड रोड पर इस तरह की दुर्घटनाएं हुई हैं, सड़क पर बीच में कोई डिवाइडर भी नहीं है।

# टीडीपी का दावा-तिरुपति लड्डू में एनिमल फैट, फिश ऑयल था:केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी; मंदिर ने जांच कमेटी बनाई

**अमरावती:** तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलने का विवाद दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा, मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है। मंदिर के प्रसाद (लड्डू) की जांच कराई जाएगी।' यह विवाद तब शुरू हुआ जब राज्य के सीएम नायडू की पार्टी टीडीपी ने बुधवार को यह आरोप लगाया कि राज्य में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम्) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था।

इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। इसके खिलाफ वाईएसआर कांग्रेस ने हाईकोर्ट से नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की। कोर्ट इस पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगा। तिरुपति मंदिर के 300 साल पुराने किचन में रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। तिरुमाला ट्रस्ट हर साल प्रसादम से सालाना 500 करोड़ रुपए कमाता है।



### जगन मोहन सरकार ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया

18 सितंबर को आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि पिछले 5 साल में जगन मोहन सरकार और वाईएसआरसीपी के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया।

### मंदिर प्रशासन ने चार सदस्यों की विशेष समिति बनाई

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने मंदिर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि, घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है। लैब रिपोर्ट 17 जुलाई को मिली थी। तभी से ही यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में ना तो जारी करने वाली संस्था का नाम लिखा है और ना ही किस जगह के सैंपल की जांच की गई है, उसका जिक्र है। सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने इस मामले में जगन मोहन रेड्डी, ठेकेदार और टीटीडी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की है। इसमें कहा कि इन्होंने प्रसादम में जानवरों की चर्बी वाला घी मिलाकर लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और सख्त कार्रवाई हो। उधर केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

### 3 दिन में टीडीपी के आरोप, लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की

19 सितंबर: टीडीपी के प्रवक्ता अनम वेंकट रमना रेड्डी ने 19 सितंबर, गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की। उन्होंने बताया कि गुजरात स्थित लाइवस्टॉक लैबोरेटरी, एनडीडीबी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड) सीएएलएफ लिमिटेड (सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड) को 9 जुलाई, 2024 को सैंपल भेजा गया था।

18 सितंबर: आंध्र के मुख्यमंत्री और टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू बोले प्रसाद में चर्बी मिलाई जा रही थी। नायडू ने कहा कि जिस कंपनी से घी लिया जा रहा था, उससे करार खत्म कर ब्लैक लिस्ट कर रहे हैं। मामले की जांच विजिलेंस को सौंप दी गई है। एक साल पहले ही कंपनी को सप्लाई का टेंडर मिला था।

### वाईएससीआरपी सांसद बोले- प्रसादम में मिलावट के आरोप फर्जी

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पूर्व प्रधान चेयरमैन और वाईएसआर पार्टी सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कहा, 'तिरुपति लड्डू की पवित्रता पर सीएम नायडू का बयान बहुत ही अपमानजनक है। इससे दुनियाभर के हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि टीटीडी ने 2019 से 2024 तक नैवेद्यम और प्रसादम तैयार करने में उच्चतम मानकों को बनाए रखा और 2019 से पहले की तुलना में गुणवत्ता में भी सुधार किया।

### वाईएसआरसीपी ने पिछले साल घी सप्लायर बदला था, गड़बड़ी मिली थी

दरअसल पिछले 50 साल से कर्नाटक केएमएफ रियायती दरों पर ट्रस्ट को घी दे रहा था। हर छह महीने में 1400 टन घी मंदिर में लगता है। जुलाई 2023 में कंपनी ने कम रेट में सप्लाई देने से मना कर दिया, जिसके बाद जगन सरकार (वाईएसआरसीपी) ने 5 फर्म को सप्लाई का काम दिया था। इनमें से एक तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एआर डेयरी फूड्स भी है। जिसके प्रोडक्ट में इसी साल जुलाई में गड़बड़ी मिली थी।

# मोदी बोले- कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी:इन्हें गणपति से भी चिढ़; मैंने गणेश पूजा की, तो कांग्रेस बेचैन हो गई

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अंदर देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। वे विदेश से बैठकर एजेंडे चलाते हैं। इन्हें अब गणपति बप्पा से भी चिढ़ होने लगी है। मैंने गणेश पूजा की तो कांग्रेस बेचैन हो गई। मोदी ने यह बातें महाराष्ट्र के वर्धा में एक रैली को संबोधित की। वे यहां PM विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे होने पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। पीएम ने कहा- पुरानी सरकारों में कामगारों के हुनर को सम्मान नहीं मिलता था। कांग्रेस और उनके दोस्तों ने SC/ST को दबाकर रखा। उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।



हमारी सरकार ने स्किल मंत्रालय बनाया। पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। एक साल में इस योजना के तहत 8 लाख लोगों को स्किल ट्रेनिंग दी गई है।

**मोदी की स्पीच की 4 बड़ी बातें...**

**गणपति उत्सव पर** पीएम मोदी ने कहा- जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। लेकिन आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। दरअसल पीएम मोदी सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजन करने गए थे। जिसका विपक्ष ने विरोध किया था।

**किसानों को लेकर** पीएम ने कहा- महाराष्ट्र में दशकों तक कांग्रेस और बाद में महा विकास अघाड़ी सरकार ने कपास को महाराष्ट्र के किसानों की ताकत बनाने के बजाय उन्हें बदहाली में धकेला, किसानों के नाम पर राजनीति की और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। 2014 में जब देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनी तो अमरावती में टेक्सटाइल पार्क का काम शुरू हुआ।

**दलितों-पिछड़ों पर** कांग्रेस और उसके मित्रों ने जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी व्यवस्था से कांग्रेस की इस दलित-विरोधी और पिछड़ा-विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय विश्वकर्मा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

**पाकिस्तान के बयान पर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ये वो कांग्रेस हैं जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। आज देश की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कांग्रेस का शाही परिवार है। ये लोग विदेशी धरती से एजेंडे चलाते हैं। दरअसल पीएम मोदी ने हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने कहा था कि आर्टिकल 370 की बहाली पर पाकिस्तान और कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की राय एक है।

पीएम मोदी ने विश्वकर्मा योजना के एक लाख लाभार्थियों को ऑनलाइन स्किल प्रमाण पत्र बांटे। 75 हजार लाभार्थियों को लोन बांटे। पीएम ने आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना का भी शुभारंभ किया। इसके जरिए 15 से 45 साल के युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। राज्य में करीब डेढ़ लाख युवाओं को हर साल मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण मिलेगा। महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक: यूट्यूब ने चैनल बंद किया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार (20 सितंबर) को हैक हो गया है। शीर्ष अदालत के यूट्यूब चैनल पर यूएस बेस्ड क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी को बढ़ावा देने वाले वीडियो दिखाई दे रहा था, जिसे रिपल लैब्स ने डेवलप किया है। हैक किए गए चैनल पर "ब्रैड गार्लिंगहाउस: रिपल ने एसईसी के $2 बिलियन जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी! एक्सआरपी मूल्य भविष्यवाणी" शीर्षक वाला एक खाली वीडियो लाइव था। इससे पहले हैकर्स ने चैनल का नाम बदला और पहले की सुनवाई के वीडियो प्राइवेट किए। अब कम्युनिटी गाइडलाइन वायलेंस के कारण चैनल को यूट्यूब ने हटा दिया है। इस चैनल पर शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के सामने आने वाले मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई को लाइव स्ट्रीम किया जाता है। हाल ही में आरजी कर मेडिकल कॉलेज, रेप और हत्या के मामले की सुनवाई को लाइव स्ट्रीम किया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट की आईटी टीम ने एनआईसी से मदद मांगी

सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि वास्तव में क्या हुआ है। लेकिन ऐसा लगता है कि चैनल से छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आधिकारिक यूट्यूब चैनल में समस्या के बारे में शुक्रवार सुबह पता चला और सुप्रीम कोर्ट की आईटी टीम ने इसे ठीक करने के लिए नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर से मदद मांगी है। रिपल ने खुद अपने सीईओ ब्रैड गारलिंगहाउस का फर्जी अकाउंट बनाने से हैकर्स को रोकने में विफल रहने के लिए यूट्यूब पर मुकदमा दायर किया है। पूर्व सीजेआई यूयू ललित की अध्यक्षता में कोर्ट की मीटिंग में प्रमुख सुनवाइयों की लाइव स्ट्रीमिंग करने को लेकर सर्वसम्मत निर्णय लिया गया था। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में तय किया कि सभी संविधान पीठों की सुनवाई यूट्यूब चैनल पर लाइव-स्ट्रीम की जाएगी। पहली बार 27 सितंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही लाइव स्ट्रीमिंग हुई थी।

# यूपी के 450 गांव डूबे, बिहार में गंगा उफनाई; बाढ़ पर ममता बोलीं- केंद्र ने बंगाल की ओर पानी छोड़ा

**नई दिल्ली:** यूपी में लगातार बारिश से 21 जिलों के 450 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा, यमुना, घाघरा, शारदा, सरयू नदियां उफान पर हैं। कानपुर 2000 घर बाढ़ में डूब गए हैं। कई मकान ढह गए। 10 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। उधर, पटना में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वैशाली में भी गंगा के उफान पर होने से राघोपुर दियारा की सड़कों पर बाढ़ का पानी आ गया है। हिमाचल प्रदेश में बारिश के चलते एनएच-5 (भारत-तिब्बत) समेत 37 सड़कें बंद कर दी गई हैं।



पश्चिम बंगाल में भी कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। इसमें 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 2.5 लाख लोग प्रभावित हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा- यह केंद्र की साजिश है। यह बाढ़ केंद्र सरकार की लापरवाही का नतीजा है। यह पानी बंगाल का नहीं, बल्कि झारखंड का है। झारखंड बॉर्डर को 3 दिन बंद रखा जाएगा। यह पानी दामोदर घाटी निगम के डैम से छोड़ा गया है। डीवीसी का कंट्रोल केंद्र के हाथ में होता है। उन्होंने पूरा पानी बंगाल में छोड़ दिया।

ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेटर लिखकर बाढ़ से निपटने के लिए फंड जारी करने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 2009 के बाद राज्य में ऐसी बाढ़ आई है। डीवीसी ने मामला गंभीरता से नहीं लिया तो बंगाल सरकार डीवीसी से संबंध तोड़ देगी।

### बिहार के कैमूर में बाढ़, यूपी से संपर्क टूटा

बिहार के कैमूर में कर्मनासा नदी उफान पर है। इससे कैमूर को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाले रास्ते पर बाढ़ का पानी आ गया है। कैमूर का उत्तर प्रदेश से संपर्क टूट गया है। छपरा में भी NH-19 पर बाढ़ का पानी बह रहा है। सुपौल में कोसी नदी में पुल का एप्रोच बह गया, जिससे सुपौल का दरभंगा-मधुबनी के गांवों से संपर्क टूट गया।

### दिल्ली में तापमान 21.1 डिग्री तक गिरा, ये 14 साल में सितंबर में सबसे कम

दिल्ली-NCR में बीते कुछ दिनों से जारी बारिश की वजह से गुरुवार को न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ये पिछले 14 साल में सितंबर में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है।मौसम विभाग के पिछले 14 साल के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार के न्यूनतम तापमान ने 13 सितंबर को दर्ज 21.4 डिग्री सेल्सियस के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

## नक्सली हिंसा छोड़कर करें आत्मसमर्पण, मुख्यधारा में हों शामिल: गृहमंत्री शाह

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद के विचार को उखाड़ फेंकेंगे। शाह ने नई दिल्ली में अपने घर पर छत्तीसगढ़ के करीब 55 नक्सली हिंसा पीड़ितों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बस्तर के चार जिलों को छोड़कर पूरे देश में नक्सलवाद को खत्म करने में केंद्र सरकार सफल रही है। गृहमंत्री शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और आत्मसमर्पण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर नक्सली हिंसा नहीं छोड़ते हैं तो सरकार उनके खिलाफ चौतरफा अभियान चलाएगी। हम नक्सलवाद को ख़त्म करके ही रहेंगे। उन्होंने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा कि वे कानून के सामने आत्मसमर्पण कर दें, अपने हथियार छोड़ दें। उन्होंने कश्मीर का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर-पूर्व और कश्मीर में कई लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आपका भी स्वागत है लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम उनके खिलाफ अभियान चलाएंगे। शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ अपने अभियानों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है और यह समस्या अब छत्तीसगढ़ के सिर्फ चार जिलों में ही है।

# राहुल गांधी सुबह-सुबह अमेरिका में मिले युवक के घर पहुंचे

### - चुनाव के चलते बीजेपी के गढ़ में कांग्रेस की पैठ मजबूत करने का प्रयास



करनाल,(ईएमएस)। हरियाणा के करनाल जिले के घोघड़ीपुर गांव में शुक्रवार सुबह राहुल गांधी अचानक पहुंच गए जिससे वहां राजनीतिक हलचल मच गई। सुबह करीब साढ़े 5 बजे राहुल गांधी अमेरिका दौरे के दौरान मिले एक युवक के परिवार से मिलने यहां पहुंचे थे, जो उनके लिए व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक बन गया। इस दौरे को सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष दोनों के लिए एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

राहुल गांधी ने युवक के परिवार से मुलाकात कर हालचाल जाना और उनके साथ आधे घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका में रह रहे युवक से वीडियो कॉल पर बात भी की, जिससे यह संदेश दिया कि वह न केवल देश में बल्कि विदेशों में बसे भारतीयों के साथ भी संपर्क बनाए रखना चाहते हैं। राहुल गांधी के इस कदम को उनके भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों के साथ जोड़ा जा रहा है, जिसमें वह लगातार आम लोगों के साथ सीधे संवाद करने की कोशिश कर रहे हैं।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि राहुल गांधी का यह दौरा सिर्फ एक व्यक्तिगत मुलाकात नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी राजनीतिक रणनीति है। हरियाणा में आगामी चुनावों और बीजेपी के गढ़ में कांग्रेस की पैठ को मजबूत करने का प्रयास किया जा सकता है। हरियाणा में कांग्रेस की सक्रियता और राहुल गांधी के लगातार लोगों से जुड़ने के प्रयास यह संकेत देते हैं कि पार्टी राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए नई रणनीतियों पर काम कर रही है। इसके अलावा, राहुल का यह दौरा ग्रामीण भारत की समस्याओं और एनआरआई के साथ संबंधों को लेकर कांग्रेस की चिंताओं को उजागर करता है।

# महाराष्ट्र के नंदुरबार में धार्मिक जुलूस पर पथराव:उपद्रवियों ने घर-गाड़ियों में आग लगाई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे; 7 घायल

**मुंबई:** महाराष्ट्र के नंदुरबार में धार्मिक जुलूस के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। नंदुरबार पुलिस ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 3 बजे मालीवाड़ा इलाके में एक धार्मिक जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने जुलूस निकालने वाले लोगों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद दोनों गुटों में धक्का-मुक्की के बाद पथराव होने लगा। कुछ युवकों ने एक घर में आग लगा दी। उन्होंने एलपीजी सिलेंडरों को भी जलाने की कोशिश की। कुछ वाहनों में भी आग लगाई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव किया। पुलिस ने बताया कि पथराव में दो अधिकारी और पांच कांस्टेबल सहित 7 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। धुले से जवानों को बुलाया गया है। स्थिति देर रात तक नियंत्रण में आ गई है। संदिग्धों को हिरासत में लिया जा रहा है। केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।



### धार्मिक जुलूस के दौरान हिंसा की 10 दिन में 5 घटनाएं...

**18 सितंबर: कर्नाटक के दावणगेरे में 3 मिनट तक पथराव** कर्नाटक के दावणगेरे में 18 सितंबर को गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव हुआ। पत्थरबाजी करीब 3 मिनट तक चली, जिसके बाद दोनों समुदायों के कुछ लोगों ने समझाइश देकर हालात संभाले। दवणगेरे पुलिस के मुताबिक वेंकटभावी गणेश विसर्जन जुलूस जब चामराज पेट सर्कल के पास पहुंचा तब सोशल मीडिया पर हुई आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर विवाद हुआ। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पुलिस जांच कर रही है कि पत्थर किसने फेंके।

**18 सितंबर: भीलवाड़ा में गणपति पंडाल में जानवर के अंग मिलने पर प्रदर्शन** राजस्थान के भीलवाड़ा में गणपति विसर्जन के बाद पंडाल में जानवर के अंग मिले। इसके बाद लोगों ने बाजार बंद करवाकर धरना दिया। हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। तनाव के चलते बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके बाद बाद शहर के प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

**17 सितंबर: भिवंडी में गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव,** मूर्ति खंडित हुई महाराष्ट्र के भिवंडी इलाके में देर रात गणेश विसर्जन जुलूस पर कुछ लोगों ने पथराव किया। ठाणे के एडिशनल कमिश्नर ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया- एक धर्मस्थल के पास कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, इससे विसर्जन के लिए जा रही मूर्ति खंडित हो गई। पत्थरबाजी की खबर लगते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। दो गुटों में हाथापाई होने लगी, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज में कई लोग घायल हुए हैं।

**11 सितंबर: कर्नाटक के मांड्या में गणपति विसर्जन जुलूस पर पथराव** कर्नाटक के मांड्या में गणपति विसर्जन जुलूस पर पथराव हुआ था। इसके बाद एक गुट ने हिंसक प्रदर्शन किया था। इलाके की कुछ दुकानों और वहां खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी गई थी। भीड़ को तितर-बितर करने पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। कन्नड़ न्यूज चैनलों के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस पर पत्थरों के अलावा तलवार, रॉड और जूस की बॉटल से भी हमला किया गया। इस घटना में 15 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

# अफ्रीका में अकाल से हालात बिगड़े, नदी और तालाब सूखे, जमीन में पड़ गईं दरारें



लुसाका,(ईएमएस)। पिछले कुछ समय से अफ्रीका के अनेक देश सूखा और अकाल की स्थिति से जूझ रहे हैं। जिम्बॉब्वे में तो साल 1981 के बाद मौजूदा साल के फरवरी माह से ही सूखा की स्थिति बनी हुई है, जिसका असर बोत्सवाना और अंगोला के कुछ इलाकों में भी देखने को मिला है। जिम्बॉब्वे और जाम्बिया में साल के शुरु में बाढ़ आई थी, इसके बाद हैजा फैला और फिर सूखे की स्थिति बनी। अब हालात ऐसे हैं कि हाथियों को मार कर लोगों के भरण-पोषण का इंतजाम करने की बात की जा रही है। अफ्रीका में सूखा और अकाल के संबंध में रिपोर्ट में बताया गया है कि जिम्बॉब्वे में तो 1981 के बाद इस कदर सूखा देखने को मिला है। मलावी और मोजाम्बीक के इतिहास में भी 03 सबसे सूखे महीनों में से यह एक है। जाम्बिया, मलावी, जिम्बॉब्वे, माली, बोत्सवाना, अंगोला, मोजाम्बीक जैसे अफ्रीकी देशों में पिछले 04 दशक का सबसे भयानक सूखा देखा जा रहा है। मौजूदा साल के फरवरी माह से सूखा पड़ना शुरु हुआ था जो अब तक जारी है। नदी और तालाब का जल सूख चुका है, अनाज और फसलों का बुरा हाल है। लोगों का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में वर्षा ही नहीं हुई है। बारिश नहीं होने की वजह अल नीनो के प्रभाव को बताया जा रहा है। यही कारण है कि लंबे समय से सूखा की स्थिति बनी हुई है।

### लंबे सूखे का कारण अलनीनो

इस संबंध में वैज्ञानिकों का कहना है कि इस प्रकार का सूखा 10 साल में एक बार आता है, लेकिन अल-नीनो के कारण इसके आने का समय और लंबे वक्त तक रहने की आशंका दोगुनी हो जाती है।

### यूरोपियन देश भी कर चुके हैं सूखे का सामना

अल नीनो से होने वाले सूखे का सामना अफ्रीका से पहले यूरोपियन देशों ने किया था। जानकारी अनुसार ऐसे सूखे वाले मौसम का असर यूरोपियन देशों में भी पड़ा था। अल नीनो के कारण नीदरलैंड्स, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम इस साल भयानक सूखे का सामना कर चुके हैं। इसे देखते हुए ही वैज्ञानिकों ने स्टडी करना शुरू किया, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि अल नीनो से किस महाद्वीप पर किस तरह का असर हुआ है या हो रहा है और आगे क्या हो सकता है। पानी की कमी से बनी भयावह स्थिति वैज्ञानिकों का कहना है कि अफ्रीकी देशों में अल नीनो के कारण बारिश नहीं हुई है। गर्मी ज्यादा पड़ रही है। सूखे की स्थिति लगातार बनी हुई है। फसलें हुईं ही नहीं। जो किसी तरह बच रहीं थीं वो भी खत्म हो चुकी हैं। नदियां सूख चुकी हैं, अन्य जल स्रोत भी प्रायः सूख चुके हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पानी की कमी से भयावह स्थिति बनी हुई है। नदियां सूखीं, तालाब सूखे, पोखर सूखे फिर इंसान और जानवर कैसे न सूखते, वाली स्थिति निर्मित हो गई है। जमीनों में सूखे की स्थिति से दरारें पड़ गई हैं। इस प्रकार बेरहम मौसम के कारण अफ्रीका के कृषि क्षेत्र को भयानक हानि का सामना करना पड़ा है। बताया गया है कि अफ्रीकन हॉर्न और दक्षिणी अफ्रीकी देशों की हालत ज्यादा ही खराब चल रही है।

### खाद्य सुरक्षा का खतरा

संपूर्ण महाद्वीप में खाद्य पदार्थों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लग गया है। अब सभी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। जिम्बॉब्वे में फरवरी माह में अचानक पड़े सूखे के कारण पूरे देश में फसल खराब हो चुकी है। महाद्वीप में दलहन की कमी बनी हुई है। इससे खाद्यान्न के दाम दोगुने हो चुके हैं। एक अनुमान के अनुसार वैसे तो इस साल फरवरी से सितंबर माह के बीच अफ्रीकी देशों ने सामान्य से ज्यादा अनाज आयात किया, लेकिन तब भी सूखे से जन-जीवन प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका है। यहां बताते चलें कि दक्षिण अफ्रीका पहले अन्य अफ्रीकी देशों में खाद्यान्न सप्लाई करता था, लेकिन इस साल वहां भी हालत खराब हो गए है। हालात इस कदर खराब हो चले हैं कि संयुक्त राष्ट्र का वर्ल्ड फूड प्रोग्राम भी अफ्रीकी देशों की रक्षा नहीं कर पा रहा है। जानकारी अनुसार जिम्बॉब्वे और जाम्बिया में इस साल के शुरू में पहले तो बाढ़ आई थी, फिर हैजा फैल गया था। इसके बाद अब पानी की कमी और सूखे की स्थिति ने जीवन को नरक बना दिया है। अब हालात बद से बदतर हो चले हैं, इस कारण जिम्बॉब्वे में लोगों को खिलाने के लिए 200 हाथियों को मारने की तैयारी की जा रही है। यह अब तक के सूखा पड़ने की भयावह स्थिति है, जिससे बाहर निकलने के लिए आसमानी बारिश पर लोग डिपेंड हो चुके हैं।

## हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा रॉकेट लॉन्चर्स, 1000 रॉकेट बैरल सब इजराइल ने कर दिए बर्बाद

बेरूत (ईएमएस)। लेबनान में पिछले तीन दिनों में पेजर, वॉकी-टॉकी और फिर सोलर एनर्जी सिस्टम में धमाकों के बाद इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में 70 हवाई हमले किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा युद्ध शुरू होने के बाद इजराइल का लेबनान पर ये सबसे बड़ा हमला था।

इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा रॉकेट लॉन्चर्स पर हमला कर उन्हें बर्बाद कर दिया है। इसके अलावा 1000 रॉकेट बैरल भी तबाह कर दिए। आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह इन हथियारों से इजराइल पर हमले की तैयारी में था। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह की कई इमारतों और एक हथियार डिपो को भी तबाह करने का दावा किया। इसके पहले लेबनान में 17-18 सितंबर को पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके हुए थे। इसमें 37 लोगों की मौत हो गई थी और 2300 लोग घायल हुए थे। लेबनान और हिजबुल्लाह ने इन हमलों के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

लेबनान पर हमले की शुरुआत तब हुई जब हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह पेजर और वॉकी-टॉकी ब्लास्ट के बाद अपना पहला भाषण दे रहे थे। उनके भाषण के बाद भी देर रात तक इजराइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए। अपने भाषण में नसरल्लाह ने धमाके में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया था। हिजबुल्लाह प्रमुख ने कहा था कि इजराइल ने इन हमलों के साथ सारी हदें पार कर दी हैं। यह जनसंहार लेबनान के लोगों के खिलाफ इजराइल की जंग की शुरुआत है। नसरल्लाह ने इजराइल को धमकी देकर कहा कि पिछले दो दिनों में जो हमले हुए उसके लिए उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

## इजरायल ने हमास को दिया शांति का प्रस्ताव, कहा- डील पर चर्चा से निकलेगा रास्ता

येरुशलम,(ईएमएस)। एक साल से इजरायल-हमास के बीच चल रही जंग ने हजारों लोगों की जान ले ली है और हजारों के घर तबाह हुए हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि इजरायल जल्द ही एक बार फिर हमास के सामने शांति के लिए एक बड़ी डील पेश कर सकता है। इजरायली पीएम बेन्जामिन नेतन्याहू के एक सीनियर एडवाइजर ने जो बाइडेन प्रशासन के सामने हमास के साथ युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है। हमास नेता यह्या सिनवार को इसके तहत गाजा से भागने का मौका दिया जाएगा। उधर, हिजबुल्लाह चीफ नसरुल्लाह को ठिकाने लगाने की प्लानिंग भी इजरायल ने कर ली है।

इस वक्त गाजा पट्टी में बड़ी संख्या में इजरायली सुरक्षाबल मौजूद हैं। रिपोर्ट में अभी यह स्पष्ट नहीं है कि समझौते के प्रावधानों के तहत क्या गाजा से इजरायली सेनाओं की वापसी भी हो जाएगी या नहीं। गाजा और वेस्ट बैंक को लेकर इजरायल का आगे का रोडमैप क्या होगा। कहा गया कि सिनवार गाजा छोड़ देगा, इस बात से अमेरिकी अधिकारियों इत्तेफाक नहीं रखते। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस प्रस्ताव पर हमास के नेताओं में कोई आम सहमति बन पाती है या नहीं। रिपोर्ट में बताया गया कि नेतन्याहू के करीबी गैल हिर्श ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि इजरायल द्वारा पकड़े गए फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया जाएगा। बदले में हमास को सभी इजरायली बंधकों की रिहाई करनी होगी। कहा गया कि अब किश्तों में इजरायली बंधकों को नहीं छोड़ा जाएगा। हमास को एक बार में सभी को रिहा करना होगा। शांति समझौते के तहत इजरायल हमास के बड़े नेता याह्या सिनवार को गाजा से निर्वासित करने के लिए सुरक्षित रास्ता भी दे देगा। याह्या सिनवार चाहे तो किसी भी देश में शरण ले सकता है। हालांकि हमास की तरफ से अबतक इस प्रस्ताव पर कोई रिएक्शन नहीं आया है। बता दें कि जंग के बीच पिछले साल नवंबर में इजरायल और हमास में एक डील हुई थी। इसके तहत दोनों पक्षों ने एक दूसरे की कैद में मौजूद बंधकों को रिहा किया था। बीते साल 7 अक्टूबर को पहले इजरायली सीमा में घुसकर हमास के लड़ाकों ने एक हजार से ज्यादा इजरायली लोगों को बंधक बना लिया था। जिसके बाद से ही गाजा में इजरायली सुरक्षा बल अभियान चला रहे हैं। इजरायल की तरफ से किए गए जवाबी हमलों में अबतक 40 हजार से ज्यादा निर्दोष फिलिस्तीनी भी मारे जा चुके हैं।

# फिलीपींस से मिसाइलों को नहीं हटाएगा अमेरिका

मनीला (ईएमएस)। अमेरिका ने फिलीपींस में तैनात अपने मध्यम दूरी के मिसाइल सिस्टम को हटाने की चीन की मांग को ठुकरा दिया है। चीन ने हाल ही में अमेरिका से आग्रह किया था कि वह क्षेत्रीय तनाव के मद्देनजर फिलीपींस में तैनात मिसाइल सिस्टम को वापस ले। चीन का कहना है कि इस प्रणाली से क्षेत्रीय सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और भू-राजनीतिक टकराव को बढ़ावा मिल सकता है। अमेरिका ने इस पर स्पष्ट किया कि फिलीपींस में तैनात टाइफून मिसाइल सिस्टम को तत्काल हटाने की कोई योजना नहीं है। इसके उलट, अमेरिकी सेना ने इस मिसाइल सिस्टम की युद्ध की स्थिति में तैनाती का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। यह मिसाइल सिस्टम चीन के लक्ष्यों पर क्रूज मिसाइलों से हमला करने की क्षमता रखता है और फिलीपींस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान वहां लाया गया था। फिलीपींस एक रणनीतिक महत्व का देश है और दक्षिण पूर्व एशिया में अमेरिका की महत्वपूर्ण सैन्य स्थिति का हिस्सा है। यह ताइवान के नजदीक स्थित है और अमेरिका का मानना है कि चीनी हमले की स्थिति में फिलीपींस एक महत्वपूर्ण सैन्य आधार बनेगा। चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर के द्वीपों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस विवाद के चलते चीन ने फिलीपींस को मिसचीफ रीफ और स्कारबोरो शोल पर जाने से रोकने की कोशिश की है, जिससे दोनों देशों के तट रक्षक बलों के बीच छिटपुट संघर्ष भी हुए हैं। चीन और रूस ने अमेरिकी मिसाइल सिस्टम की तैनाती की आलोचना की है। दोनों देशों ने अमेरिका पर एशिया में हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि फिलीपींस में मिसाइल सिस्टम बनाए रखने की योजना से क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा है और यह भू-राजनीतिक टकराव को बढ़ावा देगा। अमेरिका का यह कदम फिलीपींस और चीन के बीच मौजूदा तनाव को और बढ़ा सकता है, खासकर जब चीन दक्षिण चीन सागर में अपने दावे को मजबूत कर रहा है और सैन्यीकरण कर रहा है। अमेरिका और फिलीपींस की संयुक्त सैन्य गतिविधियाँ इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं और भविष्य में क्षेत्रीय राजनीति को आकार दे सकती हैं।




मिशिगन में राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस और ओपराह विंफ्रे एक चुनाव अभियान में शामिल हुईं।



सेंट पीट्सबर्ग में एक ड्रोन निर्माण फैक्ट्री पहुंचे रुसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और रक्षामंत्री एंड्रेई बेलेसोव।

# बांग्लादेश को स्थिरता की जरूरत हैः राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश से बाहर रहने पर महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर शेख हसीना देश से बाहर हैं, तो उन्हें वहीं रहने देना चाहिए और बांग्लादेश को स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। विक्रमसिंघे का यह बयान उस समय आया है, जब बांग्लादेश में भारत-विरोधी भावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और कट्टरपंथी समूह इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव बढ़ने के कारण कुछ बांग्लादेशी नेता शेख हसीना को भारत से वापस लाने की मांग कर रहे हैं। इस पर विक्रमसिंघे ने कहा कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है, जिसे सावधानी से सुलझाने की जरूरत है। कई नेता अपने देश को छोड़कर विदेश में बस जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश को स्थिरता की जरूरत है और लोगों को यह तय करने देना चाहिए कि वे देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। विक्रमसिंघे ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में स्थिरता को तेजी से लाना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस दिशा में सेना की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। विक्रमसिंघे ने कहा कि बांग्लादेश को सामान्य स्थिति में लौटना चाहिए और देश के भविष्य को लेकर निर्णय जनता के हाथ में होना चाहिए। विक्रमसिंघे की यह टिप्पणी उनकी व्यक्तिगत राजनीतिक यात्रा से मेल खाती है, जब उन्होंने खुद श्रीलंका के राष्ट्रपति पद को तब संभाला था, जब पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को जनता के विरोध के चलते देश छोड़ना पड़ा था। उनके बयान से यह स्पष्ट होता है कि वह बांग्लादेश में स्थिरता और राजनीतिक संतुलन की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं।

## एयरलाइन ने उचित अंडरगारमेंट्स पहनने पर दिया जोर

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका की प्रमुख एयरलाइन डेल्टा एयरलाइंस की नई गाइडलाइन में फ्लाइट अटेंडेंट्स के लिए खासतौर पर उचित अंडरगारमेंट्स पहनने पर जोर दिया गया है और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि ये अंडरगारमेंट्स नजर न आएं।




एयरलाइन ने फ्लाइट अटेंडेंट्स से उड़ान के दौरान इन मानकों का पालन करने की अपेक्षा की है। डेल्टा एयरलाइंस के मेमो में कहा गया है, फ्लाइट अटेंडेंट हमारे ग्राहकों के साथ सबसे ज्यादा समय बिताते हैं। एक तरह से वे हमारी एयरलाइन का चेहरा होते हैं। ऐसे में उनसे उम्मीद की जाती है कि वे हमारे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करें। मेमो में कहा गया है कि अटेंडेंट की ड्रेस हमेशा एक अहम भूमिका निभाती है, इसलिए ड्रेस को बेहतर तरीके से पहनना और अच्छा व्यवहार करना अनिवार्य है। गाइडलाइन के मुताबिक, पेशेवर छवि बनाए रखने के लिए फ्लाइट अटेंडेंट्स को बालों को प्राकृतिक रंग में रंगने की सलाह दी गई है, बिना बोल्ड हाइलाइट्स या कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल किए। लंबे बालों को पीछे की ओर बांधने या पिनअप करने की आवश्यकता है। पलकें और नाखून भी प्राकृतिक रूप में रखने को कहा गया है। अगर टैटू हैं, तो उन्हें ढंकने की सलाह दी गई है। नाक छिदवाने की अनुमति है, और कानों में बालियां पहनने की भी अनुमति दी गई है। ड्रेस कोड में स्कर्ट की लंबाई घुटने की या उससे नीचे होनी चाहिए। एथलेटिक जूतों के बजाय फ्लाइट अटेंडेंट्स को बंद पैर वाले फ्लैट, ऊंची एड़ी के जूते, या स्लिंग-बैक जूते पहनने होंगे। पुरुषों के लिए बटन-कॉलर वाली ड्रेस शर्ट और टाई की आवश्यकता है।

इस मेमो की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हो रही है, जहां कुछ यूजर्स ने इसे हास्यास्पद और अप्रासंगिक बताया है। हालांकि, एयरलाइन का कहना है कि यह गाइडलाइन पेशेवर छवि बनाए रखने और ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। मालूम हो कि एयरलाइन ने अपनी फ्लाइट अटेंडेंट्स के लिए एक नया मेमो जारी किया है, जिसमें उनके अंडरगारमेंट्स, बाल बनाने के अंदाज, ज्वेलरी और कपड़ों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



हंगरी में सैनिक सैंडबैग लेकर एक डेम बनाने का प्रयास करते हुए जिससे बाढ़ के पारी को रोका जा सके।

## भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर ने क्यों कि पाकिस्तानी सैनिकों की तारीफ...गदगद हुआ पाकिस्तान

इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान दोनों की ही सेनाएं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से पीस कीपिंग मिशन में जाती हैं। इस बीच पाकिस्तानी सेना गदगद है, क्योंकि भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर ने पाकिस्तानी सैनिकों की तारीफ की है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि दक्षिणी सूडान में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए भारत के टॉप कमांडर ने पाकिस्तानी शांति सैनिकों के प्रोफेशनलिज्म को माना है। रिपोर्ट के मुताबिक आईएसपीआर ने कहा कि दक्षिण सूडान में फोर्स कमांडर यूनाइटेड मिशन भारत के लेफ्टिनेंट जनरल एस मोहन ने पाकिस्तान के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर को पत्र लिखा है। इस पत्र में पाकिस्तानी पीस कीपिंग फोर्स के सैनिकों की सराहना की गई है। भारतीय जनरल ऑफिसर ने अपने पत्र में पाकिस्तानी शांति सैनिकों के प्रोफेशनलिज्म, समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। इसके अलावा आईएसपीआर ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहन ने सेक्टर कमांडर के रूप में ब्रिगेडियर शफकत इकबाल और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल शाहबाज असलम की ओर से निभाई गई भूमिका को विशेष रूप से माना है। आईएसपीआर ने कहा, पाकिस्तानी दल ने दिन-रात काम किया और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में ढाई लाख से ज्यादा लोगों की रक्षा की। आईएसपीआर ने कहा, पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सक्रिय समर्थन के जरिए वैश्विव शांति और सुरक्षा के आदर्शों को साकार करने में मदद के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है। दुनिया के कई देशों की सेनाएं यूएन पीसकीपिंग फोर्स में होती हैं। इस दौरान वह अपने देश की बेरेट (टोपी) की जगह संयुक्त राष्ट्र के आसमानी नीले रंग की बेरेट पहनते हैं। दक्षिण सूडान का एक राष्ट्र के रूप में आधा जीवन राजनीति से प्रेरित जातीय हिंसा के प्रकोप से जूझता रहा है।

## अमेरिका जाने के लिए जान खतरे में डाल रहे भारतीय

वॉशिंगटन(ईएमएस)। भारतीय नागरिक अब उत्तरी बॉर्डर का रुख कर रहे हैं, जहां वे अमेरिका में प्रवेश के लिए जोखिम भरे रास्ते अपना रहे हैं। अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के कारण, कई लोग उत्तरी बॉर्डर की ओर बढ़ रहे हैं, जहां प्रवेश करना और भी मुश्किल होता है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) के आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका-कनाडा सीमा पर भारतीय प्रवासियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। 2023 में सीबीपी ने 97,000 बार अवैध प्रवासियों को रोकने की रिपोर्ट दी, जो 2021 के 2,200 और 2022 के 30,000 मामलों से काफी अधिक है। उत्तरी सीमा पर एंट्री करने वाले भारतीयों की संख्या अब दक्षिणी सीमा से प्रवेश करने वालों से भी अधिक हो गई है। 2023 के पहले छह महीनों में उत्तरी सीमा पर 22,399 टकराव की सूचना मिली, जबकि दक्षिणी सीमा पर 11,053 मामले दर्ज किए गए। आव्रजन अध्ययन में विशेषज्ञ पवन ढींगरा के अनुसार, भारत से कई प्रवासी आर्थिक स्थिरता की तलाश में कनाडा से अमेरिका की यात्रा करते हैं। हालांकि, इस यात्रा की भारी कीमत चुकानी पड़ती है। कई प्रवासियों को तस्करों और बिचौलियों को हजारों अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने के बावजूद अमेरिका में प्रवेश नहीं मिल पाता, और कुछ को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। विश्लेषकों का कहना है कि ये प्रवासी शरणार्थी नहीं हैं, बल्कि बेहतर जीवन की खोज में अमेरिका आना चाहते हैं। चिश्ती का कहना है कि भारत में बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है और शिक्षित लोगों के बीच नौकरी की कमी उन्हें जोखिम भरे रास्तों से अमेरिका की ओर बढ़ने को मजबूर कर रही है।

# लेबनान में दहशतः कतर एयरवेज ने पेजर, वॉकी-टॉकी ले जाने पर लगाया बैन




बेरूत,(ईएमएस)। लेबनान में पिछले दिनों पेजर में ब्लास्ट के बाद खास और आम सभी सहमे हुए हैं। सभी को डर सता रहे हैं कि कब और कहां पेजर फट जाए। इन धमाकों के बाद लेबनान में लोग मोबाइल फोन, पेजर समेत अन्य कम्युनिकेशन डिवाइस छूने से डर रहे हैं। इसको लेकर कतर एयरवेज ने लेबनान की फ्लाट्स में यात्रियों के पेजर और वॉकी-टॉकी ले जाने पर रोक लगा दी है। एयरलाइन ने यह कदम लेबनान में हुए विस्फोट के बाद उठाया है। इस घटना में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई थी और तीन हजार से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें से 450 के करीब गंभीर रूप से घायल हैं इनका इलाज जारी है।

कतर एयरवेज ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- बेरूत रफीक हारीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले सभी यात्रियों को फ्लाइट में पेजर और वॉकी-टॉकी ले जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। यह बैन अगली सूचना तक जारी रहेगा। लेबनान में 16 सितंबर को तीन हजार से ज्यादा पेजर, वॉकी-टॉकी और हैंडहेल्ड रेडियो में अचानक विस्फोट होने लगे। इस घटना में हिज्बुल्लाह के कई लड़ाकों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इस घटना में ईरान के दूत भी घायल हुए हैं। लेबनानी अधिकारियों ने कम्युनिकेशन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में धमाकों के पीछे इजरायली साजिश का आरोप लगाया है।

लेबनान ने कहा है कि इजरायल ने दूसरे देशों से मंगाए गए इन उपकरणों के साथ छेड़छाड़ की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हर पेजर में बैटरी के बगल में करीब 1 से 2 औंस विस्फोटक लगाया गया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में एक स्विच भी लगा हुआ था, जिसे दूर से बैठकर कंट्रोल किया जा रहा था। इस स्विच को एक्टिवेट करने पर पेजर में विस्फोट हुए। ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो पर आरोप लगा कि पेजर्स की मैन्युफैक्चरिंग के समय ही इनके साथ छेड़छाड़ की गई है। हालांकि, गोल्ड अपोलो ने इन आरोपों से इनकार किया है उसने कहा कि जिन उपकरणों में विस्फोट हुए हैं, उन्हें हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट की एक फर्म ने तैयार किया था। हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह ने पेजर, वॉकी-टॉकी और हैंडहेल्ड रेडियो ब्लास्ट को नरसंहार बताते हुए इसे जंग का आगाज करार दिया है और इसका बदला लेने की बात कही है।

हसन ने कहा कि पिछले दो दिनों में हुए इन हमलों की कड़ी सजा दी जाएगी, चाहे इजरायल इसकी उम्मीद करे या न करे। हिज्बुल्लाह चीफ ने कहा कि लेबनान में हुए पेजर और वॉकी-टॉकी ब्लास्ट का उसकी तरफ से गाजा में जारी मदद पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इधर इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने भी युद्ध के नए चरण की शुरुआत का ऐलान किया है। हिज्बुल्लाह ने अपने लड़ाकों को हिदायत दी है कि वे अपने फोन, पेजर, वॉकी-टॉकी, हैंडहेल्ड रेडिया की बैटरी निकालकर फेंक दें।

### पेजर विस्फोट मामले में हो रहे नए खुलासे, हैरान करने वाली थी मोसाद की प्लानिंग

लेबनान में पहले पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके हुए इसके बाद फ्रिज और टीवी के फटने की भी खबरें आई। इन धमाकों के पीछे किसकी प्लानिंग थी,इसे लेकर पूरी दुनिया में खलबली मची हुई है। वजह ये है कि अब तक साफ नहीं हो सका है कि आखिर हिजबुल्ला को ऐसे पेजर कैसे मिले। वहीं, हमले को लेकर इजरायल पर आरोप लगाए जा रहे हैं। खबरें हैं कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने शेल कंपनी की सहायता से हिजबुल्ला को छेड़छाड़ किए गए पेजर भेजे हैं। बहरहाल, इजरायल ने फिर एक बार लेबनान में कई स्थानों पर हमला किया है। इधर, हिजबुल्ला ने भी जवाबी कार्रवाई की बात कही है।फिलहाल, धमाकों को लेक इजरायल की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि तीन इजरायली खुफिया अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पेजर को बनाने वाले हंगरी की बीएसी कंसल्टिंग एक शेल कंपनी थी, जिसे मोसाद ने लेबनान भेजने से पहले डिवाइस में छेड़छाड़ के लिए तैयार किया था। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि बीएसी कंसल्टिंग ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो की तरफ से डिवाइस तैयार करने का कॉन्ट्रैक्ट मिला था। कहा जा रहा है कि पेजर बनाने वालों की असली पहचान को छिपाने के लिए कम से कम 2 अन्य शेल कंपनियां भी तैयार की गई थीं।खास बात है कि बीएसी आम क्लांट्स के लिए प्रोडक्ट तैयार नहीं करता है और हिजबुल्ला उनके लिए जरूरी था। खबर है कि बैटरी में ताकतवर पैंटेरिथ्रिटोल टेट्रानाइट्रेट मिलाया गया था। यह बहुत ही ताकतवर विस्फोटक है। इससे पहले कहा जा रहा था कि नए पेजर में 3 ग्राम विस्फोटक शामिल था, जिसका पता हिजबुल्ला को महीनों तक नहीं चला था। रिपोर्ट में कहा गया था कि इसमें इजरायल की यूनिट 8200 ने अहम भूमिका निभाई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यूनिट ही इस जांच के लिए जिम्मेदार थी कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान ही विस्फोटक सामग्री को डाला जाए। खास बात है कि यूनिट 8200 को साइबर जासूस भी कहा जाता है। यह खुफिया जानकारी जुटाने के लिए उपकरण तैयार करता है।

# फूड टेक्नोलॉजीः इस क्षेत्र को युवा अब आकर्षक कॅरियर के रूप में देख रहे हैं

**जिस तरह अलग-अलग तरह के खाने को देखकर मन खुशी बढ़ती है। ठीक उसी तरह फूड टेक्नोलॉजी में पढ़ाई जाने वाली पढ़ाई भी बहुत दिलचस्प होती है। फूड टेक्नोलॉजी तथा इससे संबंधित कोर्सेज के अंतर्गत खाद्य पदार्थों के रख-रखाव से लेकर पैकेजिंग, फ्रीजिंग आदि की तकनीकी जानकारियां शामिल होती है। इसके अंतर्गत पोषक तत्वों का अध्ययन, फल, मांस, वनस्पति व मछली प्रसंस्करण आदि से संबंधित जानकारियां भी दी जाती है।**

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र (प्रोसेस्ड फूड) तैयार करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां बड़ी तादाद में भारत का रुख कर रही हैं। ऐसे में यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। जिसको देखते हुए इस क्षेत्र में पारंगत लोगों की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में इस क्षेत्र को युवा अब आकर्षक कॅरियर के रूप में देख रहे हैं और इसके लिए जरुरी तकनीकी शिक्षा भी हासिल कर रहे हैं। कारोबार जगत के संगठन (फिक्की) की एक रिपोर्ट के मुताबिक फूड प्रोसेसिंग के कारोबार में भारत में कुशल लोगों की बेहद कमी है। आने वाले समय में फूड टेक्नोलॉजी का भविष्य बहुत ही सुनहरा होने वाला है। अगर आंकड़ों की मानें तो आने वाले कुछ सालों में यह उद्योग इस रफ्तार से बढ़ेगा कि नौकरियों की बहार होगी।



## जरुरी योग्यता

ऐसे में यदि आप इस उभरते क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी अथवा मैथमेटिक्स विषयों के साथ 10+2 में कम से कम 50 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एमएससी कोर्स करने के लिए फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री भी आवश्यक होती है।

## फूड टेक्नोलॉजिस्ट का काम

फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के तहत वे सभी कार्य शामिल हैं, जिनसे प्रोस्सेड फूड जैसे- मक्खन, सॉफ्ट ड्रिंक, जेम व जेली, फ्रूट जूस, बिस्कुट, आइसक्रीम आदि की गुणवत्ता, स्वाद और रंग-रूप बरकरार रह सके। इसके अलावा वह कच्चे और बने हुए माल की गुणवत्ता, स्टोरेज तथा हाइजिन आदि की निगरानी भी करता है। वह कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। कच्चे माल से लेकर प्रोडक्ट तैयार होने तक कंपनी को उसकी हर स्तर पर जरूरत होती है। ग्लोबल स्तर पर कंपनी का भविष्य फूड टेक्नोलॉजिस्ट की योग्यता पर ही निर्भर रहता है।

## मैनुफैक्चर्ड प्रोसेसेज

इस प्रक्रिया के जरिए कच्चे कृषि उत्पादों और मीट आदि पशु उत्पादों के भौतिक स्वरूप में बदलाव लाया जाता है। इससे यह उत्पाद खाने और बिक्री योग्य बन जाते हैं। वैल्यु एडेड प्रोसेसेज के जरिए कच्चे खाद्य उत्पादों में कई ऐसे बदलाव किए जाते हैं। जिससे वह ज्यादा समय के लिए सुरक्षित रहते हैं और कभी भी खाने लायक बन जाते हैं। उदाहरण के लिए टमाटर से बने सॉस और दूध से तैयार आईसक्रीम जैसे उत्पादों को देखा जा सकता है।

## किस लिए है जरूरत

फूड टेक्नोलॉजिस्ट की जरूरत आज सभी देशों को है। इसका उदेद्श्य लोगों को ऐसी खाद्य सामाग्री पहुंचाना है जो गुणवत्ता और स्वाद के साथ-साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर हो।

## इस क्षेत्र में किये जाने वाले प्रमुख कोर्स

- बीएससी (ऑनर्स) फूड टेक्नोलॉजी
- बीटेक फूड टेक्नोलॉजी
- एमटेक फूड टेक्नोलॉजी
- पीजी डिप्लोमा इन फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- एमबीए(एग्री बिजनेस मैनेजमेंट

## अवसर

इस कोर्स के बाद आपके पास नौकरी के कई सारे विकल्प होते हैं। आप फूड प्रोसेसिंग यूनिटों, रिटेल कंपनियों, होटल, एग्री प्रोडक्टस बनाने वाली कंपनियों से जुड़ सकते हैं। या फिर खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने, उनके निर्माण कार्य की निगरानी करने और खाद्य वस्तुओं को संरक्षित करने की तकनीकों पर काम करने वाली प्रयोगशालाओं से भी जुड़ सकते हैं।

## वेतनमान

इस क्षेत्र में आप शुरुआती स्तर पर आप 8 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकते हैं। सालों के अनुभव के बाद 30 हजार रुपये प्रतिमाह या इससे भी ज्यादा कमाया जा सकता है। यदि आप स्वरोजगार से जुड़ते हैं, तो आपकी कमाई और बढ सकती है। इस क्षेत्र में सैलरी और काम दोनों दिलचस्प होते हैं।

## किस तरह की होती है पढ़ाई

जिस तरह अलग-अलग तरह के खाने को देखकर मन खुशी बढ़ती है। ठीक उसी तरह फूड टेक्नोलॉजी में पढ़ाई जाने वाली पढ़ाई भी बहुत दिलचस्प होती है। फूड टेक्नोलॉजी तथा इससे संबंधित कोर्सेज के अंतर्गत खाद्य पदार्थों के रख-रखाव से लेकर पैकेजिंग, फ्रीजिंग आदि की तकनीकी जानकारियां शामिल होती हैं। इसके अंतर्गत पोषक तत्वों का अध्ययन, फल, मांस, वनस्पति व मछली प्रसंस्करण आदि से संबंधित जानकारियां भी दी जाती है।




# गर्भावस्था बाद बजन घटाने करें जीरे के पानी का सेवन



भारतीय मसाले न केवल अपने स्वाद के लिए, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक गुणों के कारण पूरी दुनिया में मशहूर हैं। तड़के लगाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला जीरा भी इसमें शामिल है। आयुर्वेदिक डॉक्टरों और विशेषज्ञों की मानें तो जीरा में कुछ ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिससे दिल से संबंधित बीमारियों का खतरा कम होता है और गर्भावस्था के बाद इसे पीने से कई फायदे होते हैं। बॉडी कॉलेस्ट्रॉल और बीपी ठीक करता है। इससे दिल की बीमारी का खतरा कम होता है। शरीर में ग्लूकोज का स्तर ठीक रहता है, डायबिटीज का खतरा भी कम होता है। डिलीवरी के बाद जीरे वाला पानी वजन घटाने में मददगार होता है। कहते हैं गर्भावस्था के बाद जीरा पानी पीने से जिन मांओं को दूध न बनने की समस्या होती है, वह खत्म हो जाती है. जीरा वाला पानी पीने से दूध बनने लगता है। जीरा पानी से रक्त संचार ठीक होता है. शरीर में समान रूप से रक्त का संचार होता है, जिससे मांसपेशियों के विकास में भी मदद मिलती है। मांसपेशियों में लगी चोट भी इससे ठीक होती है। जीरा पानी पीने से मेटाबोलिज्म ठीक होता है. इसकी वजह से वजन नहीं बढ़ता। जीरा पानी खून की कमी यानी कि अनीमिया से भी बचाता है। बुखार कम करने में भी जीरे का पानी कारगर है। इसे पीने से छोटा-मोटा बुखार तो ऐसे ही उतर जाता है।

# जले के निशान और घाव को ऐसे छिपाएं

**मेकअप** चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के साथ ही दाग-धब्बे छिपाता है। कई बार चोट लगने या फिर कील मुंहासों की या फिर फोड़े-फुंसियों की वजह से चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर ऐसे दाग बन जाते हैं जिन्हें हटा पाना कठिन हो जाता है। ऐसे में मेकअप से आप इन्हें छिपा सकती हैं। मेकअप के ज़रिए आप इन दाग-धब्बों को आसानी से छिपा सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं। प्राइमर आमतौर पर फाउंडेशन में इस्तेमाल होता है। यह उसका बेस होता है, जिसकी सहायता से मेकअप काफी स्मूद हो जाता है और वह लंबे समय तक टिकता है। वैसे तो प्राइमर क्रीम से लेकर जेल और पाउडर के रूप में मिलता है, लेकिन जले के निशान छिपाने के लिए क्रीम आधारित प्राइमर का ही उपयोग किया जा सकता है। दाग-धब्बे और जले के निशान छिपाने के लिए कलर करेक्टर सबसे अच्छा विकल्प है हालांकि ध्यान रहे कि कलर करेक्टर क्रीम आधारित हो जो लंबे समय तक टिके। अगर त्वचा पर पड़ा निशान लाल रंग का है, तो उसके लिए लाइट ग्रीन कलर का करेक्टर सही रहेगा। जिस हिस्से में दाग-धब्बे हैं, वहां कलर करेक्टर लगाने के बाद कंसीलर लगाएं, लेकिन ध्यान रहे कि यह स्किन से मैंच करता हुआ हो। जले के निशान छिपाने के लिए तो कंसीलर सबसे बेस्ट है। स्किन पर मौजूद निशान छिपाने के लिए एक सही फाउंडेशन का इस्तेमाल भी ज़रूरी है। प्राइमर, कलर करेक्टर और कंसीलर लगाने के बाद स्किन टोन से मैंच करता हुआ फाउंडेशन लगाना न भूलें।

# जीवन में एक विस्तृत, स्पष्ट और स्मार्ट लक्ष्य का होना आवश्यक है

हर व्यक्ति सफलता के मायने अलग-अलग होते हैं और यह मायने लक्ष्य द्वारा ही निर्धारित होते हैं। लक्ष्य एक ऐसा कार्य है जिसे हम जीवन के सार्थक उद्देश्य को पूरा करने या सही दिशा में आगे बढ़ने के लिये तैयार किया गया रोडमैप है। फुटबाल की तरह ज़िन्दगी में भी आप तब तक आगे नहीं बढ़ सकते जब तक आपको अपने लक्ष्य का पता ना हो।

यदि आपको एक शहर से दूसरे शहर जाना है, आप रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में जाकर उस शहर तक कि टिकट लेंगे, टिकट लेने के लिए शहर का नाम बताएंगे तभी आपको टिकट मिलेगी और यदि आपको यही नही पता कि मुझे कौन-सा शहर जाना है तो आपको टिकट कैसे मिल पाएगी और वहां कैसे पहुंच पाएंगे जहां आपको जाना है। आपको यह नहीं पता हो कि आप को कहाँ जाना है तो भला आप क्या करेंगे? इधर उधर भटकने में ही समय और ऊर्जा व्यर्थ गवाएंगे।

इसी तरह इस जीवन में भी यदि आपने अपने लिए लक्ष्य तय नहीं किये हैं तो आपकी ज़िन्दगी चलती रहेगी लेकिन एक दिशाहीन स्थिति में जिसका कोई मूल्य कोई वजूद नही होगा, जिसका कोई उद्देश्य कोई अर्थ नही होगा और समय गुजरने के बाद जब आप अपने अतीत में झाकेंगे तो आपके पास सिर्फ एक ही वाक्य होगा, 'काश'। काश लक्ष्य तय कर लिये होते तो आज यह दिन न देखने पड़ते, यह स्थिति न होती। आज कुछ कर रहे होते।





जीवन में एक विस्तृत और स्पष्ट लक्ष्य का होना आवश्यक है। जब हम लक्ष्य तय करते हैं तो यह लक्ष्य ही बेहतर करने और मंजिल तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है क्योंकि लक्ष्य के होने से कार्यक्षेत्र का स्पष्ट रोडमेप होता है, स्पष्ट पथ होता है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशाहीन होता है केवल भटकाव रहता है, हमारे पास काम करने की कोई योजना नही होती। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो हम उसके मुताबिक अपने आप को तैयार करते हैं। हमारा अवचेतन मन हमें उसी के अनुसार परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। स्पष्ट लक्ष्य से स्पष्ट कल्पना शक्ति होती है और कल्पना शक्ति साफ़ हो तो उसे पाने के रास्ते भी साफ़ नज़र आने लगते हैं और इंसान उसी दिशा में अपने कदम बढा देता है। लक्ष्य व्यक्ति को एक सही दिशा देता है। उसे बताता है कि कौन सा काम उसके लिए जरूरी है और कौन सा नहीं। उसको किस दिशा में बढ़ना है। अपनी ऊर्जा और समय का उपयोग कितना और कहां करना है। हमारा लक्ष्य हमेशा स्मार्ट होना चाहिए। स्मार्ट आर्थत - स्पष्ट, जिसे भापा जा सके, पूर्ण करने योग्य, वास्तविक औरसमय में बंधा हुआ।

# लिपस्टिक के रंग से जाने महिलाओं के बारे में

**लिपस्टिक** के बिना महिलाओं का श्रृंगार पूरा नहीं होता है। होंठों पर लिपस्टिक लगाने से चेहरे की खूबसूरती और ज्यादा बढ़ जाती है लेकिन क्या आप जानती हैं कि आपका पसंदीदा लिपस्टिक का रंग भी आपके बारे में कई बातें बताता हैं। लिपस्टिक के रंग से महिलाओं के बारे में जो बातें जानी जा सकती हैं वे इस प्रकार हैं।

## गुलाबी लिपस्टिक

गुलाबी रंग की लिपस्टिक तो लगभग हर महिला को पसंद होती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस रंग को पसंद करने वाली महिलाएं क्रिएटिव, रोमांटिक और इमोशनल होती है।

## लाल लिपस्टिक

लाल रंग की लिपस्टिक पसंद करने वाली महिलाएं काफी रोमांटिक अंदाज की होती हैं। इसके अलावा यह अपनी लाइफ के हर मूमेंट को खूब एंजॉय करती है। आप इस लिप कलर पसंद करने वाली महिलाओं को जिंदादिल भी कह सकते हैं।

## पर्पल लिपस्टिक

पर्पल रंग पसंद करने वाली महिलाएं काफी बेपरवाह होती हैं। यह जोखिम लेने वाली और नियमों को तोड़ने वाली होती हैं। इसके अलावा इन्हें क्रिएटिव चीजें करना भी काफी पसंद होता है।

## नारंगी लिपस्टिक

करियर को लेकर सजग रहने वाली महिलाओं को ऑरेंज लिपस्टिक काफी पसंद होता है। यह अपने अधिकारों के साथ कतई समझौता नहीं करती। इसके अलावा इनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी काफी जबरदस्त होता है।

## 5 ब्राउन लिपस्टिक

ब्राउन कलर की दीवानी महिलाएं काफी हार्डवर्किंग होती हैं। यह बेहद अच्छी दोस्त भी होती है और इनके दिल में हमेशा सोफ्ट कॉर्नर होता है। क्या आपने कभी आपने लाल रंग का कोट पहनकर कुछ अलग महसूस किया है? डेटिंग एक्सपर्ट के मुताबिक, लाल रंग का कोट पहनने से महिलाएं ज्यादा आकर्षक लगती हैं। यह भी दावा है कि लाल रंग का कोट पहनने से महिलाओं को उनका लव पार्टनर मिल सकता है।

# खूबसूरती का खजाना आपके रसोईघर में ही उपलब्ध है

खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं तरह तरह के उपाय करती है और महंगे सौंदर्य प्रसाधनों का इस्तेमाल करती हैं पर क्या आप जानती हैं खूबसूरती का खजाना आपके रसोईघर में ही उपलब्ध है। आपके घरv में ऐसे ढ़ेर सारे खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जो हमारी सुंदरता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।





## दूध

प्रतिदिन चेहरे पर रुई के फाहे से कच्चा दूध लगाने पर चेहरे पर मौजूद ध्ब्बे हल्के हो जाते हैं। बाद में चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से साफ कर लें।

## आलू कच्चे

आलू का रस निकालकर त्वचा पर लगाने से दाग-धब्बों से राहत मिलती है। आलू में मौजूद पोटैशियम सल्फर, फास्फोरस और कैल्शियम त्वचा की सफाई में मदद करता है। कच्चे आलू को काटकर आंखों के नीचे प्रतिदिन थोड़ी देर मलने से आंखों के नीचे का कालापन दूर होता है और त्वचा की रंगत भी निखरती है। शोधों से पता चला है कि आलू का रस बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में स्टार्च पाया जाता है, जिससे बालों में मौजूद अतिरिक्त तेल साफ हो जाता है। यही नहीं कच्चे आलू के रस से बालों को धोने पर बाल मजबूत होते हैं।

## संतरा

चेहरे पर प्रतिदिन संतरे का ताजा रस लगाने से निखार आता है। संतरे के छिलकों को थोड़े से पानी के साथ अच्छी तरह पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से मुहांसों की समस्या दूर होती है। अगर आपकी त्वचा रूखी है तो संतरा एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर का काम करता है। एक चम्मच संतरे के रस में आधा चम्मच शहद और एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में साफ करें।

## सेब

एक सेब लेकर उसे अच्छी तरह मसल लें। इसे चेहरे पर फेसपैक की तरह लगाएं। इससे त्वचा में निखार आता है। साथ ही कसावट भी आती है। सेब की एक स्लाइस काटकर इसे दांतों पर मलने से दांतों में चमक आती है।

## अनानास

चेहरे पर ताजा अनानास का रस लगाने से त्वचा में निखार आता है। बेहतर परिणाम के लिए इसे दिन में कई बार लगाएं।



# चेन्नई टेस्ट- भारत की बढ़त 308 रन की हुईःदूसरे दिन स्टंप्स तक दूसरी पारी में स्कोर 81/3ः बांग्लादेश पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट



चेन्नई. इंडिया वर्सेस बांग्लादेश चेन्नई टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 376 रनों पर सिमट गई है। इसके जवाब में भारतीय गेंदबाजों के आगे बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 149 रन ही बना सकी। भारत को पहली पारी के आधार पर 227 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सस्ते में पवेलियन लौट गए हैं। उन्होंने 5 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल खराब शॉट खेलकर आउट हुए। बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के पास गई। यशस्वी ने 17 गेंद में 10 रन बनाए। विराट कोहली अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 20वें ओवर में एलबीडब्ल्यू हो गए। कोहली ने 37 गेंद में 17 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल (33) और ऋषभ पंत (12) क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने 308 रनों की बढ़त बना ली है। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में शादमान इस्लाम को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई, इसके बाद आकाश दीप ने जाकिर हसन और मोमिनउल हक का शिकार एक ही ओवर में किया। लंच ब्रेक के बाद मोहम्मद सिराज ने शांतो को आउट कर बांग्लादेश को चौथा झटका दिया। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने मुशफिकुर को अपना शिकार बनाया। रविंद्र जडेजा ने दो सेट बल्लेबाज लिटन दास और शाकिब अल हसन के रूप में दो बड़ी मछलियां फंसा बांग्लादेश की कमर तोड़ दी। बुमराह ने टी-ब्रेक से पहले हसन को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके बाद तीसरे सेशन में बुमराह ने तस्कीन को क्लीन बोल्ड किया। सिराज ने नाहिद राणा को क्लीन बोल्ड करके बांग्लादेश की पहली पारी का अंत किया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 4, सिराज-जडेजा और आकाश दीप को 2-2 विकेट मिले। बांग्लादेश के लिए शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। बात भारतीय पारी की करें तो, भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 113 रनों की दमदार पारी खेली और रविंद्र जडेजा ने 86 तो यशस्वी जायसवाल ने 56 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने पंजा खोला वहीं तस्कीन अहमदन ने 3 विकेट चटकाए। पहले दिन 144 के स्कोर पर 6 विकेट खोने के बाद भारत के लिए यह शानदार स्कोर है। टीम इंडिया को इस स्कोर तक पहुंचाने में अहम रोल अश्विन-जडेजा का रहा जिन्होंने 7वें विकेट के लिए 199 रन जोड़े। वहीं दूसरे दिन बांग्लादेश बॉलिंग अटैक के हीरो तस्कीन अहमद रहे जिन्होंने बचे चार में से तीन विकेट चटकाए।

## अथापथु की कप्तानी में टी20 महिला विश्व कप 2024 में उतरेगी श्रीलंकाई टीम

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। श्रीलंकाई टीम की कप्तानी ऑलराउंडर चमारी अथापथु को मिली है। इस टीम में बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा को भी शामिल किया गया है। रानावीरा की काफी समय बाद वापसी हुई है। उन्हें अंतिम बार महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 के लिए टीम में शामिल किया गया था। इनोका ने श्रीलंका के लिए 82 टी20आई खेलों में 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं। इसके अलावा टीम में इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी और कविशा दिलहारी को भी स्पिनर के तौर पर जगह मिली है। उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अमा कंचना को तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया गया है। बल्लेबाजी की कमान चमारी और कविशा के अलावा, विशमी गुणरत्ने और हर्षिता समाविक्रमा के पास रहेगी। श्रीलंकाई टीम 2024 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ खेलेगी। श्रीलंकाई टीम अपना पहला मैच 3 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगी।

श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है : चमारी अथापथु (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता माधवी, नीलाक्षी डी सिल्वा, इनोका राणावीरा, हसीनी परेरा, कविशा दिलहारी, सचिनी निसानसाला, विशमी गुणारत्ने, उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अमा कंचना।

रिजर्व खिलाड़ी : कौशिनी नुथ्यांगना।

## पिछले ढाई साल में भारतीय टीम ने जीते हैं 12 टेस्ट, रोहित, विराट और अश्विन की रही है अहम भूमिका

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछले ढाई साल में 21 टेस्ट मैच खेलते हुए 12 में जीत हासिल की है जबकि सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। सबसे अहम बात ये है कि उसकी जीत में तीन खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली , शुभमन गिल और दिग्गज स्पिनर आर अश्चिन की अहम भूमिका रही है। इस दौरान रोहित ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 27 पारियों में करीब 42 की औसत से 1090 रन बनाए हैं। वहीं विराट ने 29 पारियों में 1083 रन बनाए और उनकी औसत 38.67 रही। शुभमन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने 31 पारियों में 37.17 की औसत से 1078 रन बनाए हैं। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम चार-चार शतक और तीन-तीन अर्धशतक हैं, जबकि विराट कोहली के नाम दो शतक और तीन अर्धशतक हैं। वहीं युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 2023 में पदार्पण के बाद 1028 रन बनाये हैं, जिसमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो रविचंद्रन अश्विन ने 21 मैचों में 2.81 की इकॉनमी रेट से सबसे अधिक 103 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह आते हैं। जडेजा ने 16 मैचों में 2.62 की इकॉनमी से 67 विकेट लिए हैं, जबकि बुमराह ने 12 मैचों में लगभग तीन की इकॉनमी से 58 विकेट लिए हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 18 मैचों में 44 विकेट लिए हैं। भारत ने अपनी पिछली टेस्ट सीरीज मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की थी।

### टीम की पहली पारी में बने कई रिकार्ड

भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के साथ जारी पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में एक से अधिक रिकार्ड बनाये हैं। इस मैच में एक समय भारतीय टीम ने 34 रनों पर ही 3 विकेट खो दिये थे। इसके बाद भी भारतीय टीम 376 रनों तक पहुंची। यह भारतीय टीम के साथ दूसरी बार हुआ है जब 150 से कम स्कोर पर 6 विकेट गिरे हों पर इसके बाद भी टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने 232 रन बना दिये हों। इससे पहले साल 1971 में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 70 रनों पर 6 विकेट गिरने के बाद 347 रन बना दिये थे। इस मैच में भारतीय टीम के निचले क्रम के बल्लेबाज आर अश्विन ने शतक लगाया। इसी के साथ ही अश्विन टेस्ट मैचों में 8वें नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में अब दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने इस पारी में 199 रनों की साझेदारी की जो भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ की गई पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी है। यह भारत की बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों में 7वें या उससे निचले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। इसने 2004 में ढाका में सचिन तेंदुलकर और जहीर खान के बीच 10वें विकेट के लिए हुई 133 रनों की साझेदारी को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैचों में सर्वाधिक रनों की साझेदारी शिखर धवन और मुरली विजय ने 283 रनों की बनायी थी। वहीं भारतीय टीम के खिलाफ इस मैच में बांग्लादेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 83 रन देकर 5 विकेट लिए।



मोनाको में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में जीत के बाद उत्साहित मोनाको के खिलाड़ी।

## टीम की जरुरत के हिसाब से किसी भी क्रम पर खेलने तैयार हूं : मनप्रीत



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह टीम की जरुरत के हिसाब से किसी भी स्थान पर खेलने को तैयार रहते हैं। इसी कारण कई बार वह रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी संभालते हुए भी नजर आते हैं। इसके साथ ही उनका लक्ष्य अगले ओलंपिक में भी खेलना हैं। मनप्रीत के लिए हालांकि ये आसान नहीं रहेगा क्योंकि वह 32 साल के हैं और ऐसे में उनको अगले ओलंपिक में खेलने के लिए अपनी फिननेस का विशेष ध्यान रखना होगा क्योंकि तब तक वह 36 साल के होंगे। मनप्रीत ने अब तक चार ओलंपिक खेलें है। जिसमें भारतीय टीम को दो कांस्य पदक मिले हैं।

मनप्रीत ने कहा, 'मेरा लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भी खेलना है पर सब कुछ मेरी फिटनेस पर आधारित रहेगा। अगर मैं अपनी फिटनेस बनाए रखता हूं और अच्छा प्रदर्शन करता रहता हूं तो मैं निश्चित तौर पर अगले ओलंपिक में खेलूंगा। मनप्रीत को फिटनेस को लेकर अभी तक किसी खास समस्या का सामना नहीं करना पड़ा और उन्हें उम्मीद है कि वह आगे भी अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। अभी तक 378 अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 गोल करने वाले मनप्रीत का लक्ष्य अपने इस प्रदर्शन को बनाये रखना है।

मनप्रीत ने कहा, 'मैं टीम की जरूरत के हिसाब से हमेशा हर तरह की स्थिति में खेलने के लिए तैयार रहता हूं और किसी भी पोजीशन में फिट हो जाता हूं। पेरिस ओलंपिक में ब्रिटेन के खिलाफ हुए मैच में उन्होंने रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी संभाली थी।

## बुमराह और विराट बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगेः स्टीव वॉ

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली अहम भूमिका निभाएंगे। वॉ के अनुसार इन दोनो के प्रदर्शन पर ही भारतीय टीम की जीत टिकी रहेगी। वॉ ने भारतीय टीम की जीत की संभावनाओं को लेकर कहा, भारतीय टीम के पास इस बार ऑस्ट्रेलिया में जीत दर्ज करने का अच्छा अवसर है। उनकी गेंदबाजी आक्रमण बेहद मजबूत है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों के साथ-साथ रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव जैसे बेहतरीन स्पिनर भी उनके पास हैं। वहीं बल्लेबाजी में उसके पास विराट जैसा अनुभवी बल्लेबाज है।

वॉ ने कहा कि बुमराह पर भारतीय टीम की जीत का दारोमदार रहेगा। बुमराह एक उत्कृष्ट गेंदबाज है और जितना अधिक विकेट वह लेगा, उतना ही टीम दबाव बनाने में सफल रहेगी। वहीं कोहली पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रहेगी। वॉ ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पास भी एक शानदार टीम है और उसका गेंदबाजी आक्रमण भी बेहतरीन है। ऐसे में विश्व की दो शीर्ष स्तर की टीमों के बीच होने वाला ये मुकाबला बेहतर रोमांचक होगा। ऐसे में मुझे उम्मीद रहेगी कि यह एक बेहतरीन सीरीज रहेगी।

भारतीय टीम ने पिछले एक दशक से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। इसमें साल 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर मिली दो ऐतिहासिक जीत भी शामिल हैं। भारतीय टीम को आने वाले समय में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज के अलावा कुल दस टेस्ट मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ अंतिम बार सीरीज 2014-15 में जीती थी, जबकि भारतीय धरती पर उसे अंतिम जीत 2004-05 में मिली थी।



चीन में जापान के ओहोरी आया महिलाओं के एकल दौर में रिटर्न शॉट लगाते हुए।

## गंभीर की कोचिंग में टीम और सफलताएं हासिल करेगी : द्रविड़



बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने नये कोच गौतम गंभीर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में टीम और अधिक सफलता हासिल करेगी। द्रविड़ ने कहा कि गंभीर को काफी अनुभव है, ऐसे में उनके आने से भारतीय टीम को लाभ होगा। साथ ही कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर भी गंभीर को लंबा अनुभव है जिसका भी लाभ उन्हें मिलेगा। उन्होंने आईपीएल में काफी कोचिंग की है। मुझे भरोसा है कि वह भारतीय टीम के कोच की भूमिका में सफल साबित होंगे। द्रविड़ के कोच रहते हुए भारतीय टीम ने खेल के तीनों प्रारूप में अच्छी सफलता हासिल की थी। टीम ने 24 टेस्ट में 14 में जीत दर्ज की जबकि 53 में से 36 एकदिवसीय और 70 में से 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत दर्ज की थी हालांकि टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा पर इस साल टी20 विश्व कप में टीम जीती थी। गंभीर का भारतीय टीम के साथ कार्यकाल पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर शुरू हुआ जहां भारतीय टीम को टी20 सीरीज में जीत मिली जबकि एकदिवसीय श्रृंखला में उसे हार का सामना करना पड़ा। गंभीर ने भारतीय टीम के लिए 164 टेस्ट में 13288 और 344 एकदिवसीय में 10889 रन बनाये हैं। द्रविड़ ने कहा, ''कोई भी कोच हालातों से निपटने के लिए अपने अनुभव और ज्ञान का इस्तेमाल करता है। मुझे भरोसा है कि गंभीर भी अपने सहयोगी स्टाफ के साथ जो भी फैसले लेंगे उससे टीम को लाभ ही होगा। भारतीय टीम को अगले कुछ महीने में करीब दस टेस्ट मैच खेलने हैं बांग्लादेश के अलावा उसे न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अगले साल इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है।

### बल्लेबाजी का आनंद लेने का प्रयास कर रहा था : यशस्वी

बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि बल्लेबाजी के लिए उतरने के दौरान वह सोच रहे थे कि इस विकेट पर किस प्रकार खेलना फायदेमंद रहेगा जिससे कि रन बन सकें। साथ ही कहा कि वह बल्लेबाजी का आनंद लेने का प्रयास कर रहे थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि जिस तरह से मैं गेंद को छोड़ रहा था, वह मेरे लिए काफी अच्छा था।

इस मैच में यशस्वी ने आक्रामक रुख अपनाया जबकि वह आमतौर पर ऐसे नहीं खेलते हैं। इस प्राकर इस क्रिकेटर ने अपनी बल्लेबाजी का एक और पक्ष दिखाया। साथ ही कहा, मैं बस यह सोच रहा था कि अगर मुझे अवसर मिले तो मैं कहां रन बना सकता हूं। यह सब मेरी मानसिकता पर निर्भर करता है, मैं कैसे खेलना चाहता हूं और मेरी टीम को क्या चाहिए। मैं हमेशा सोचता हूं कि मेरी टीम के लिए क्या अधिक अहम है। मैं उस लक्ष्य के बारे में सोचता हूं जो मैं कर सकता हूं और उसे हासिल करने का प्रयास करता हूं। जायसवाल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पिच दिन के अंत में आसान हो गई थी। यह इतना आसान नहीं था, पर मैं प्रत्येक गेंद का सामना करने और उसे ध्यान से देखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था, उस समय मैं यही सोच रहा था।

## भारतीय पहलवान संग्राम मिक्स्ड मार्शल आर्ट में उतरने को तैयार, पाकिस्तान के नासिर से होगा पहला मुकाबला



त्बिलिसी (ईएमएस)। भारत के हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह यूरोपियन यूनिवर्सिटी में होने वाली गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर से मुकाबले को तैयार हैं। पहलवान संग्राम इसी के साथ ही मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) में उतरेंगे। अभी वह अपने इस पहले एमएमए मुकाबले के लिए 2-3 किलोग्राम वजन बढ़ाने में लगे हुए हैं। संग्राम ने कहा कि तैयारी का हर पल अहम होता है। मैं इस मुकाबले के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं, जो भगवान ने मुझे दिया है।

साथ ही कहा कि मैं परिणाम की परवाह किए बिना शानदार प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं उत्साहित हूं और चाहता हूं कि मेरा डेब्यू यादगार बने। मैं जीतने के बारे में इतना जुनूनी नहीं हूं, बल्कि अपने साथियों और प्रशंसकों का सम्मान चाहता हूं। संग्राम जीएएमए में मुख्य फाइट कार्ड के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान हैं। उनका मुकाबला 93 किलोग्राम वर्ग के एमएमए मुकाबले में पाक खिलाड़ी से होगा। उन्होंने कहा, इस तरह के प्रतिष्ठित मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि आप वैश्विक आयोजनों में भाग लेते समय अपने देश को नहीं देखते हैं, तो कुछ कमी है। मैं यहां पहुंचने वाला पहला भारतीय पुरुष पहलवान बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मेरा लक्ष्य जीत के साथ ही अपने देश को गौरवान्वित करना है। जॉर्जिया में होने वाली इस चैंपियनशिप में मेजबानों के अलावा आर्मेनिया, अजरबैजान, पाकिस्तान और यूक्रेन सहित 5 अन्य देश भी शामिल होंगे। संग्राम को उम्मीद है कि एमएमएस में उनकी यात्रा भारत के युवाओं को इस खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि यह खेल उन युवाओं के लिए है जो अपने जुनून को आगे बढ़ाने और सक्रिय रहने की इच्छा रखते हैं।

## चहल के शानदार प्रदर्शन से इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में नॉर्थम्पटनशर जीती

नॉर्थम्पटन (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल का इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है। चहल ने यहां लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट लिए हैं। उनके इस प्रदर्शन से नॉर्थम्पटनशर ने लीसेस्टरशर को नौ विकेट से हरा दिया। चहल ने पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट जबकि दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए थे। इस प्रकार इस स्पिनर ने नौवी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी एक पारी में पांच विकेट लिए हैं। नॉर्थम्पटनशर ने यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर को दूसरी पारी में 316 रनों पर ही आउट कर दिया। इसके बाद नॉर्थम्पटनशर को जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और उसने ये लक्ष्य 30.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर ने नाबाद 68 जबकि जॉर्ज बार्टलेट ने 54 रन बनाये। चहल ने इससे पहले डर्बीशर के खिलाफ हुए मुकाबले में भी दो पारियों में 45 रन देकर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

## दिलीप ट्रॉफी में सैमसन ने लगाया शतक

अनंतपुर (ईएमएस)। ईशान किशन की जगह दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया डी में शामिल विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने शानदार शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया है। ये प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सैमसन का पहला शतक है। सैमसन ने अपनी आक्रामक पारी के दौरान 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सैमसन ने इंडिया बी के खिलाफ मुकाबले में ये शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर हाल में पहुंचाया। ये सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक है। सैमसन को ईशान के चोटग्रस्त होकर बाहर होने से दलीप ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया था। सैमसन ने पहले राउंड में बाहर होने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन ही बनाए थे। अब इस शतक के साथ ही सैमसन ने एक बार फिर टीम इंडिया में जगह के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

## बाबर आजम लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेजी से 30 वां शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

लाहौर (ईएमएस)। पिछले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम आजकल घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियंस लीग में खेल रहे हैं। यहां बाबर ने शतक लगाकर अपने आलोचकों को जवाब देने का प्रयास किया है। उनका ये शतक काफी समय बाद आया है। बाबर इस शतक के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 30वां शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं और उन्होंने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। बाबर चैंपियंस कप में स्टालियंस टीम की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने 100 गेंदों में नाबाद 104 रन बनाये।

बाबर के नाबाद शतक के बल पर स्टालियंस ने डॉल्फिन टीम के खिलाफ 50 ओवर में ही 271 रन बना दिये। इसके बाद स्टालियंस के गेंदबाजों ने डॉल्फिन के बल्लेबाजों को समेट दिया और टीम सस्ते में ही सिमट गयी। इस प्रकार स्टालियंस ने यह मैच 174 रनों से जीत लिया। आजम ने 180 पारियों में अपना 30वां लिस्ट ए क्रिकेट का शतक लगाया जबकि विराट ने ये आंकड़ा 199 पारियां में हासिल किया था। इस सूची में साउथ अफ्रीका के अनुभवी क्रिकेटर हाशिम अमला भी शामिल हैं। उन्होंने 259 पारियों में ही ये उपलबब्धि हासिल की थी। वहीं न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज माटिन गुप्टिल 259 पारियों मे साथ चौथे नंबर पर रहे हैं। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 262 पारियों में लिस्ट ए क्रिकेट का 30वां शतक लगाया था।

## हेड के शानदार शतक से ऑस्ट्रेलिया ने पहले एकदिवसीय में इंग्लैंड को हराया

नौटिंघम (ईएमएस)। ओपनर ट्रेविस हेड के शानदार शतक के बाद मार्नस लैबुशेन के ऑलराउंड प्रदर्श से ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में मेजबान इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इस प्रकार 5 मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 1-0 की बढ़त मिल गयी है। ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय में यह लगातार 13वीं जीत है। इसमें हेड ने 154 रन की नाबाद पारी खेली जबकि लैबुशेन ने 3 विकेट के साथ ही 77 रन बनाये। इस मैच में जीत के लिए मिले 316 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 44 ओवरों में ही हासिल कर लिया। हेड ने 129 गेंदों पर नाबाद 154 रन बनाए जिसमें 20 चौके और 5 छक्के शामिल थे, वहीं लैबुशेन ने 61 गेंदों पर 77 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 148 रन बनाये। वहीं कप्तान मिचेल मार्श 10 रन बनाकर आउट हुए जबकि स्टीवन स्मिथ ने 32 रन बनाये। कैमरन ग्रीन ने 32 रन बनाये। वहीं इंग्लैंड की ओर से मैथ्यू पॉट्स, लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बाथेल ने एक एक विकेट लिया.

## अश्विन और जडेज ने शानदार साझेदारी की : सचिन

मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बांग्लादेश के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी के लिए आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा की प्रशंसा की है। अश्विन और जडेजा ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन रिकार्ड साझेदारी कर भारतीय टीम को संकट से उबारा। अश्विन ने इस दौर शतक लगाया जबकि जडेजा ने अर्धशतक। यह अश्विन के टेस्ट करियर का छठवां शतक था। इन दोनो की बल्लेबाजी देखकर उत्साहित हुए तेंदुलकर ने कहा, अश्विन और रवींद्र जडेजा की पारी ने एक बार फिर भारत के लिए मैच का रुख बदल दिया। यह ऑलराउंड जोड़ी टीम में काफी अहम स्थान रखती है। इन दोनो की साझेदारी गजब की रही। भारतीय टीम ने इस मैच में 144 रनों पर ही 6 विकेट खो दिए थे। इसके बाद भारतीय टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जो टीम को आगे ले जा सकें। ऐसे में इन दोनों ने मिलकर 195 रन की साझेदारी की और भारत का स्कोर पहले दिन का खेल खत्म होने तक 339 रन पर पहुंचा दिया। पहले दिन जहां अश्विन ने 102 वही जडेजा भी 86 रन बनाये। इसके अलावा यशस्वी जायस्वाल ने भी अर्धशतक लगाया।

# सेंसेक्स 84,694 और निफ्टी ने 25,849 का ऑलटाइम हाई बनायाः बाजार 1359 अंक चढ़कर बंद, रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही

**मुंबईः** ग्लोबल बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बाद सेंसेक्स ने 20 सितंबर को 84,694 का और निफ्टी ने 25,849 का नया ऑलटाइम हाई बनाया। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1359 अंक की तेजी के साथ 84,544 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 375 अंक की तेजी रही, यह 25,790 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 44 में तेजी और 6 में गिरावट रही।



### रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.05% की तेजी रही

एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.05% की तेजी रही। वहीं, ऑटो सेक्टर में 1.88%, मेटल में 1.65%, फाइनेंशियल सर्विस में 1.58% और एफएमसीजी में 1.38% की तेजी रही। केवल पीएसयू बैंक में 0.09% की गिरावट रही।

### बाजार में तेजी के 3 प्रमुख कारण

- अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती के बाद एनालिस्ट्स का मानना है कि अगली मीटिंग में भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती कर सकता है।
- मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने पिछले कुछ दिनों की मुनाफावसूली के बाद आज इसमें खरीदारी देखी गई। बीएसई मिडकैप में आज 1.16% और स्मॉलकैप में 1.37% की तेजी रही।
- फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने से ग्लोबल मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी। इससे भारतीय भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी और बढ़ने की उम्मीद है।

### जापान के निक्केई में 1.53% की तेजी रही

आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को सबसे ज्यादा चढ़ाया। जबकि, एसबीआई, टीसीएस, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस ने बाजार को नीचे खींचा।

एशियाई बाजार में आज तेजी है। जापान के निक्केई में 1.53% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.36% की तेजी रही। चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में भी 0.029% चढ़कर बंद हुआ।

19 सितंबर को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस1.26% बढ़कर 42,025 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नैस्डैक 2.51% बढ़कर 18,013 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 1.70% चढ़ा है। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 19 सितंबर को 2,547 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भी 2,012 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### सोना 220 बढ़कर 73,202 पर पहुंचा, चांदी 88,612 रुपए प्रति किलो बिक रही

सोने की कीमतों में 20 सितंबर को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, शुक्रवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 220 रुपए बढ़कर 73,705 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 73,485 रुपए प्रति दस ग्राम थे।
वहीं चांदी में आज बढ़त है। ये 194 रुपए बढ़कर 88,612 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी 88,418 रुपए पर थी। इस साल सोना मई में 74,222 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 29 मई को 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### इस साल सोने में अब तक साढ़े 10 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी

आईबीजेए के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 10,353 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 73,705 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 88,612 रुपए पर पहुंच गए हैं।

# स्पाइसजेट के 3 विमान इंजन का उपयोग बंद करने के आदेश के खिलाफ एयरलाइन की अपील खारिज

**याचिका में, स्पाइसजेट को पट्टा समझौते की समाप्ति पर तीनों इंजन वापस करने का निर्देश देने की मांग की गई थी**




उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को शुक्रवार को बरकरार रखा, जिसमें स्पाइसजेट एयरलाइन को पट्टादाताओं को भुगतान में चूक के कारण तीन विमान इंजन का उपयोग बंद करने का निर्देश दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के 11 सितंबर के निर्णय के खिलाफ विमानन कंपनी की अपील खारिज कर दी। पीठ ने कहा, हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। यह एक सही आदेश है।

उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने तीन विमान इंजन का उपयोग बंद करने और उन्हें पट्टादाताओं को सौंपने संबंधी एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि विमानन कंपनी ने बकाये के भुगतान के लिए किये गए अंतरिम समझौते का उल्लंघन किया है। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 14 अगस्त को स्पाइसजेट को निर्देश दिया था कि वह तीनों इंजन का उपयोग 16 अगस्त तक बंद कर दे और उन्हें उनके पट्टादाताओं–टीम फ्रांस 01 एसएएस और सनबर्ड फ्रांस 02 एसएएस को वापस सौंप दे।

उच्च न्यायालय में, न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने तीनों विमान इंजन का उपयोग बंद करने और उन्हें पट्टादाताओं को सौंपने संबंधी एकल पीठ के 14 अगस्त के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए स्पाइसजेट की अपील का निस्तारण कर दिया था। स्पाइसजेट ने एकल पीठ के 14 अगस्त के आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि स्पाइसजेट 'डिफॉल्टर' है और पिछला एवं वर्तमान बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। एकल न्यायाधीश ने पट्टादाताओं की एक याचिका पर यह आदेश पारित किया था। याचिका में, स्पाइसजेट को पट्टा समझौते की समाप्ति पर तीनों इंजन वापस करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

# रेपो रेट में 2025 से पहले कटौती की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में यूएस फेडरल रिजर्व की ओर से नीतगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इसी तरह के कदम पर विचार कर सकता है, लेकिन इस साल ऐसा होने के आसार कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार संभावित रूप से फरवरी 2025 तक दर में भारत का केंद्रीय बैंक कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जिसे हम खुदरा महंगाई दर कहते हैं अगस्त 2024 में सालाना आधार पर 3.65 प्रतिशत के करीब पहुंचते हुए पांच साल के निचले स्तर पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में आरबीआई की ओर से किसी भी दर कटौती की उम्मीद कम है।

अब तक के अनुमानों के अनुसार 2025 की शुरुआत में संभवतः फरवरी में दर कटौती का फैसला लिया जा सकता है। बीते बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी. श्रीनिवासुलु शेट्टी ने भी साक्षात्कार में ऐसा ही अनुमान जताया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र के लिए तरलता की चुनौतियां बनी रहेंगी क्योंकि सरकारी नकदी शेष धीरे-धीरे बैंकिंग प्रणाली से बाहर निकल रही है।

सितंबर और अक्तूबर में मुद्रास्फीति में अपेक्षित उछाल के बावजूद, आने वाले महीनों में सीपीआई मुद्रास्फीति के 5 प्रतिशत से नीचे या उसके करीब रहने का अनुमान है। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। इस तरह, यह आरबीआई के 4-6 प्रतिशत के लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी।

### फेड के ब्याज दर कटौती से भारत में विदेशी निवेश पर नहीं होगा असरः आर्थिक सचिव

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती का भारत में विदेशी निवेश पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि फेडरल रिजर्व ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा फैसला किया है। लेकिन आरबीआई भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर कटौती का फैसला करेगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक का फैसला भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। हमें देखना होगा कि अमेरिकी ब्याज दरों का स्तर कहां है? अन्य बाजार कैसा व्यवहार करते हैं। फेडरल रिजर्व ने बुधवार देर रात चार साल बाद ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती की थी। सेठ ने कहा कि भारत में ब्याज दर में कटौती पर फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उचित समय पर लेगी।
एमपीसी का फैसला इस पर आधारित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक अगले महीने होनी है। फरवरी, 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं हुआ है और यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है। भारत के एक आर्थिक सलाहकार ने कहा कि फेडरल रिजर्व के कदम का असर भारत पर कम होगा, क्योंकि नीतिगत दर पहले से ही बहुत ज्यादा थी। भारतीय शेयर बाजार पहले से ही निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कुल मिलाकर दर में कटौती उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है।

## लॉफिंग ज़ोन



संता और उसके दो दोस्त शराबखाने में बातें कर रहे थे। वे अपनी पत्नियों पर कितना रौब चलाते थे इसी विषय पर बात कर रहे थे। पूरे गप्प के दौरान संता खामोश रहा। थोड़ी देर बाद एक दोस्त संता की तरफ मुड़ते हुए बोला, संता तुम अपने बारे में भी कुछ बताओ। तुम अपनी बीवी पर कैसे रौब जमाते हो?

संता ने कहा, हां मैं बताता हूं। पिछली रात उसने मेरे सामने घुटने ही टेक दिए थे।

दोनों दोस्त बहुत हैरान हुए।

अच्छा! फिर क्या हुआ? दोस्तों ने संता से पूछा।

फिर उसने मुझसे कहा, चारपाई के नीचे से निकल कर बाहर आओ और एक मर्द की तरह लड़ो।

☺ ☺ ☺

आज ही खरीदें हमारे फार्म की गाय के दूध से बना 100 फीसदी शुद्ध घी।

मिलावट साबित करनेवाले को 1000 रुपए इनाम दिया जाएगा। हमारी ईमानदारी का सबूत यह है कि पिछले महीने 12 व्यक्तियों को हमने यह इनाम दिया है।

☺ ☺ ☺

## आज का इतिहास

1949 पश्चिम जर्मनी अस्तित्व में आया.
1949 चीन जनवादी गणराज्य बना.
1964 माल्टा स्वतंत्र हुआ.
1966 मिहिर सेन ने बास्पोरस चैनल तैर कर पार किया.
1970 फलीस्तीनी छापामारों ने जार्डन के दूसरे सबसे बड़े शहर इर्बिड पर कब्जा कर लिया.
1985 मैक्सिको के चार राज्यों में भूकंप से दो हजार से अधिक लोग मारे गए.
1988 बर्मा में जनरल मांग प्रधानमंत्री बने.
1989 श्रृंगेरी शारदा मठ के आध्यात्मिक जगतगुरु अभिनव विद्या तीर्थ स्वामी का निधन.
1990 ताइवान में इस सदी का सबसे जबरदस्त और विनाशकारी भूकंप, 2013 से अधिक लोगों की मृत्यु व 4000 से अधिक घायल.
1994 उद्योगपति रामकृष्ण बजाजा का निधन.
2001 भारत के पहले स्वदेश निर्मित पोत से पोत पर प्रहार करने वाले प्रक्षेपास्त्र धनुष का सफल परीक्षण.

## दैनिक पंचांग

**21 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.29 बजे से |
| चंद्र | मेष में | तुला | 07.44 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 09.59 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.15 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.20 बजे से |
| शुक्र | तुला में | कुंभ | 16.06 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 17.39 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 20.50 बजे से |
| | | मिथुन | 22.48 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | कर्क | 01.01 बजे से |
| | | सिंह | 03.17 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 265 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 18.14 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 00.36 बजे रात्र को समाप्त। **योग** व्याघात 11.36 बजे को समाप्त। **करण** बव 07.42 बजे, बालव 18.14 बजे तदनन्तर कौलव 04.55 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 36' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872109 **जूलियन दिन** 2460574.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 17 **विशेष** गणेश चतुर्थी व्रत, महा भरणी, चतुर्थी श्राद्ध, संत गणेश प्रसाद वर्णी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 6694



**बाएँ से दाएँ**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

**शब्द पहेली - 6693 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6235

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 19 | 21 | | 36 | 16 | 14 | 19 | |
| 14 | | 7 | | | | 5 | | 9 | 26 |
| 15 | 7 | | 3 | | 8 | | 7 | | 20 |
| 12 | | 2 | | | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | | | 4 | | 12 |
| | 21 | 15 | 16 | 30 | | 21 | 16 | 16 | |

**अंकजाल 6234 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 20 | 17 | 24 | | 33 | 15 | 19 | 12 | |
| 20 | 7 | 5 | 8 | | 5 | 4 | 9 | 2 | 20 |
| 15 | 7 | 5 | 3 | | 8 | 2 | 7 | 3 | 20 |
| 12 | 4 | 2 | 6 | | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | | 8 | 7 | 3 | 18 |
| | 21 | 13 | 15 | 28 | | 23 | 19 | 17 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5179

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 3 | | 5 | 6 | 2 |
| 6 | **37** | | **32** | | **26** | |
| 5 | 2 | | 4 | 1 | | 3 |
| | **32** | 4 | **32** | | **32** | |
| 3 | 6 | | | 7 | | 5 |
| 7 | **33** | 2 | **29** | 6 | **40** | 7 |
| | | 5 | 1 | | 4 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5178 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 7 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | **28** | 2 | **38** | 2 | **31** | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | **28** | 3 | **36** | 5 | **38** | 6 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 7 | **34** | 5 | **29** | 3 | **35** | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली -4539

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 45 | | 2 | | 20 | = | 47 |
| | | | | | | | | |
| 64 | | 55 | | 47 | | 35 | = | 21 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 3 | | 40 | | 2 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 36 | | 32 | | 10 | | 10 | = | 41 / 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली -4538**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | + | 40 | - | 45 | - | 32 | = | 23 |
| - | | + | | + | | ÷ | | + |
| 30 | ÷ | 6 | + | 45 | x | 1 | = | 50 |
| - | | + | | - | | - | | - |
| 30 | x | 3 | - | 70 | x | 2 | = | 40 |
| + | | - | | - | | + | | - |
| 15 | - | 10 | x | 5 | + | 5 | = | 30 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 15 | + | 39 | - | 15 | - | 35 | = | 3 / 4 |

## शब्दजाल - 6226

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | रि | का | स | मा | न | न | प | क |
| न | का | क | वि | इं | डो | ने | ग | ति | मा | न |
| अ | दा | श | ल | मा | ग | स | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | मा | ब | न | स | पा | ह | लि | ल |
| त | अ | अ | सौ | न | जा | मे | ह | मा | न | दे |
| अ | भि | नु | मो | व | प | वा | स्ता | ह | यु | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | प | ला | य | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | न | ई | मा | न | जू | दे |
| र | प्र | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | अ | प | श |
| बां | स | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | क | र |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'मान' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अनुमान, प्रकाशमान, ईमान, मेहमान, प्रतिमान, विमान, पलायमान, समान, गतिमान, अभिमान

**शब्दजाल - 6225 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा पूर्वी पंचायत स्थित दुग्दा पूर्वी फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का हुआ समापन



चंद्रपुरा : दुग्दा पूर्वी फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन दुग्दा पूर्वी पंचायत स्थित फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। आज समापन तथा फाइनल मैच के दौरान मधु डीह बोकारो की टीम तथा अलक डीहा बोकारो की टीम आमने-सामने हुई जिसमें अलक डीहा बोकारो की टीम एक गोल से जीतकर विजेता बना उप विजेता मधु डीह की टीम बनी विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के तौर पर कप और 20000 नगद तथा उपविजेता टीम को कप तथा 13000 रुपए नगद मुख्य अतिथि जिला परिषद संतोष कुमार पांडे तथा विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश तिवारी ने प्रदान किया। तथा तीसरे नंबर की टीम झरना बस्ती के खिलाड़ियों को 4000 नगद तथा चौथे नंबर के लिए बोकारो झरिया की नदिया क्लब को 3000 नगद पुरस्कार दिया गया । मुख्य अतिथि जिला परिषद संतोष कुमार पांडे ने कहा कि की खेल से जहां स्वस्थ तथा सभ्य समाज का निर्माण होता है वही। आर्थिक रूप से समृद्धि के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं देखने को मिल रही है। जिसे रोजगार के तौर पर तेजी से खेल विकसित हो रहा है ।इसलिए आज की युवा पीढ़ी के लोगों में खेल की प्रति रुझान बढ़ रहा है वर्तमान में सरकार तथा जिला प्रशासन की भी भूमिका खेल के प्रति काफी झुकाव देखने को मिल रही है। खेल मैदान तथा स्टेडियम का निर्माण तेजी से हो रहा है। आने वाला समय में मेरी तरफ से जो भी स्टेडियम के विकास के लिए होगा वह मैं करूंगा।

## भाजपा चाहे कितनों ही परिवर्तन यात्रा करे उनके झांसे में अब राज्य के दलित आदिवासी मूलवासी झारखण्डी समाज नहीं आने वाले हैं- विजय शंकर नायक



**रांची** : उपरोक्त का बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें कही। इन्होंने यह अभी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 17 वर्ष के कार्यकाल को झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी झारखंडी समाज ने देखा है और उनके चाल चरित्र को समझा है भाजपा अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। अब झारखंडी समाज उनके झांसे मे नही आने वाले है चाहे लाख परिवर्तन यात्रा कर ले अब झारखंड की सत्ता मिलने वाली नही है । श्री नायक ने यह भी कहा कि भाजपा सत्ता मे आने के लिए अपने जनसंघ काल से पार्टी मे रह कर कार्य करने वाले नेताओ को दरकिनार कर दुसरे पार्टी से आये बोरो नेताओ को तरजीह देने का कार्य रही है जिससे भाजपा के अंदर ही खेमेबाजी और गुटबाजी शुरू हो गई है एक तरफ पुराने वैसे भाजपा के नेता है जो पार्टी के लिए समर्पित भाव से पार्टी से जुड़े हूए है तो दुसरी ओर झाविमो,जेएमएम, कांग्रेस, से आये भाजपा के नेता है जो भाजपा को हाइजैक कर लिये है ।भाजपा पार्टी के अंदर जबरदस्त खिचातानी चल रही है जिसका खामियाजा भाजपा को आने वाले विधानसभा के चुनाव मे भीतरघात से भुगतना पड़ेगा ।

## 10 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है माउंटेन व्यू नेशनल स्कूल




अखिलेश पांडेय

चौपारण (हजारीबाग) प्रखंड के रानिक मोड़ में अवस्थित माउंटेन व्यू नेशनल स्कूल अपने स्थापना कल से ही शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। विद्यालय सुयोग्य और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में यहां पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सुशिक्षित बनाकर शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का काम कर रहा है। यह विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित अंग्रेजी माध्यम से बच्चों शिक्षित कर ज्ञान के आलोक से आलोकित करने में संलग्न है। विद्यालय के संचालक विनोद कुमार ने बताया कि हम सब का यह सम्मिलित प्रयास होता है कि यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराकर उनके शैक्षिक गतिविधियों को उन्नत बनाने की दिशा में अग्रसर करना। समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। संचालक विनोद कुमार ने बताया कि इस विद्यालय का उद्देश्य है यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनका संपूर्ण बौद्धिक विकास करना। इतना ही नहीं कई प्रकार के प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के मानसिक और बौद्धिक स्तर को को उन्नत बनाने के लिए पूरा विद्यालय परिवार निरंतर प्रयत्नशील है। विशेष रूप से विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार गुप्ता एवं उप प्राचार्या रेखा कुमारी के अनुशासन पूर्ण मार्गदर्शन छात्रों में मानसिक बौद्धिक का और अनुशासनात्मक गतिविधियों का प्रतिरोपण करने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के शिक्षकों में साजन कुमार, नीतीश वर्णवाल, मोनिका कुमारी, खुशबू कुमारी, शैली कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रगति कुमारी, अरविंद कुमार समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के सम्मिलित प्रयास से यह विद्यालय शिक्षा के नए कृतिमान गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। विद्यालय के सभी कर्मी मिलजुल कर समवेत रूप से निरंतर विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर में गुणात्मक प्रगति लाने के लिए प्रयासरत हैं । ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए यह विद्यालय किसी वरदान से कम नहीं है। विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि शीघ्र ही इस विद्यालय को उत्क्रमित कर अष्टम वर्ग से दशम वर्ग तक की शिक्षा मुहैया कराई जाएगी।

## कुच्चू शारदीय दुर्गा पूजा सह जतरा मेला के अध्यक्ष अरविन्द कुमार चुने गए



ओरमांझी(मोहसीनआलम):कुच्चू मंदिर प्रांगण बाजार टांड में शारदीय दुर्गा पूजा सह जतरा मेला के सफल आयोजन क्रो लेकर बैठक हुई.जिसमें 2024-26 तक के लिए कमिटी की गठन हुई, कमिटी के अध्यक्ष अरविन्द कुमार चुने गए,वहीं उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो,नेवालाल महतो, बालक महतो, महेन्द्र महतो,राकेश कुमार , महामंत्री नागेन्द्र प्रसाद,प्रेम कुमार कोषाध्यक्ष संजय कुमार साहू, संरक्षक,रामटहल चौधरी,आदित्य प्रसाद साहू,मेघनाथ साहू ,रामप्यारे महतो, कुलदीप प्रसाद,कार्यकारणी सदस्य अमित राज, शशिभूषण कुमार,नितीश कुमार,सोनू कुमार,विवेक राज, मनीष रोहन,विक्की कुमार,कुंदन कुमार, इत्यादि बनाए गए।

# तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का शुभारंभ

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी ने किया उद्घाटन

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस शो को आयोजन ओलंपिया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी ने संयुक्त रूप से किया।




मौके पर श्री सेठ ने कहा कि रांची में पहली बार कोई कंपनी माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन कर रही है। इस तरह के आयोजन से बिजनेस में लाभ होगा। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खनन और उद्योग क्षेत्र में काम करने वाले कम्पनियों को झारखंड बुलाएं तभी और बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विशेषकर रांची जिसके अगल बगल माइनिंग का बहुत बड़ा क्षेत्र स्थित है। खलारी, सिंहभूम समेत अन्य जगहों में तब सबसे बड़ा काम होगा तभी बेहतर होगा। माइनिंग फेयर में सबसे बड़ी बात यह है कि रिंग रोड हो या अन्य जगह जो बड़ी बड़ी चीजें काम आती है। रिंग रोड का काम पूरा हो गया। अब आउटर रिंग रोड बनेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखकर दिया है। आउटर रिंग रोड बनेगा उसमें बड़ी बड़ी विकास कार्यों के इन्फ्रास्ट्रक्चर में उसके आधुनिकीकरण में उपयोग होगा।

### खनिज संपदा के प्रति रोजगार के अवसर पैदा होंगेः डॉ महुआ मांजी

विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी ने कहा कि झारखंड ऐसा प्रदेश है जहां कोयला, लोहा, बॉक्साइट समेत तमाम तरह के खनिज संपदा पाए जाते है। लेकिन सबसे नीचे पायदान में रहने वाला राज्य हमारा झारखण्ड है। सीएम हेमन्त सोरेन का मानना है कि झारखंड की सबसे समृद्ध राज्य बनाना है। इसे आगे बढ़ाना है। ऐसे आयोजनों से झारखण्ड वासी जागरूक होंगे और खनिज संपदा के प्रति रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कोयला के बंद खदानों का मत्स्य पालन समेत अन्य कार्य करके रोजगार के अवसर पैदा किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र में विजय छापरिया ने स्वागत भाषण दिया। धन्यवाद महामंत्री विजय मेवाड़ ने दिया। मौके पर ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी, संयोजक सत्य प्रकाश पांडेय, जेएमएम के फरीद खान, धर्मेंद्र सिंह, नंद किशोर चंदेल, विनोद अग्रवाल, नीतू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल

इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही है।। इस शो में प्रवेश निःशुल्क है। शो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। आम जनता भी शो में शामिल हो सकते हैं। तीन दिवसीय माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक खनन तकनीकें, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने वाले नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे। आगंतुक भारी वाहन जैसे जेसीबी , निर्माण उपकरण और अत्याधुनिक खनन उपकरणों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन देख सकेंगे।

## आने वाले चुनाव में यह भ्रस्ट सरकार का परिवर्तन सुनिश्चित : सी पी सिंह

### परिवर्तन संकल्प यात्रा के निमित रांची महानगर की सभी तैयारियाँ पूरी

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : भाजपा राँची महानगर अद्यक्ष *वरुण साहू* की अध्यक्षता में, राँची महानगर मे *"परिवर्तन संकल्प यात्रा"* के स्वागत तथा हरमु मैदान में होने वाले समापन समारोह के निमित भाजपा के राँची महानगर कार्यालय में तैयारी बैठक आहूत की गई। इस बैठक में परिवर्तन यात्रा की विस्तृत जानकारी पदाधिकारियों को तथा यात्रा से सम्बंधित कार्यकर्ताओं को दी गई, कार्यकर्ताओं को कार्य और जिम्मेदारियों का निर्धारण भी इस महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक में किया गया।




कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि झारखंड को प्रकृति ने प्राकृतिक संसाधनों के रूप मैं भरपूर प्यार दिया है लेकिन वर्तमान की हेमंत सरकार ने झारखंड को सिर्फ लूटने और खसोटने का काम किया आज झारखंड में अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है परंतु झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के भयानक चेहरे को पहचान चुकी है और अब परिवर्तन संकल्प यात्रा के माध्यम से इस सरकार को उखाड़ फेंकने का और झारखंड में नए परिवर्तन का संकल्प ले चुकी है ।

*श्री साहू* ने यह भी कहा कि आगामी दिनों में पूरे झारखंड भर में होने वाले परिवर्तन संकल्प यात्रा राज्य में होने वाले चुनाव मैं बिगुल फूंकने का काम करेगी ।

मौके ऊपर उपस्थित रांची के विधायक *सी पी सिंह* ने कहा की झारखंड की जनता ने इस सरकार क्रूरता को बहुत बर्दाश्त कर लिया अब झारखंड में नए बदलाव की जरूरत है और आने वाले चुनाव में यह बदलाव सुनिश्चित है ।

बैठक का संचालन बलराम सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र वर्मा ने किया।

राँची महानगर इस विशेष कामकाजी बैठक में मुख्य रूप से राँची विधायक सी पी सिंह, प्रवासी जौनपुर के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, शशि भूषण भगत, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विश्वजीत कुमार सिंह, रोमित नारायण सिंह, राजू सिंह, अनिता वर्मा, विनय सिंह, बसंत दास, अनिता वर्मा, संजीव चौधरी, सुरेश प्रसाद, बल साय महतो, पूनम जैसवाल, रोशन शर्मा, सोनू सिंह,बिना मिश्रा, विशाल अगरवाल, राम लगन राम, उमेश यादव, सुभाष अगरवाल, विकाश रवि, तरुण जसवाल, नयन परमार, विशाल अगरवाल, दीपम बनर्जी, अश्वनी सुखीजा, पायल सोनी उपस्थित रहे।

## झारखंड हाईकोर्ट में घुसपैठ मामले पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची** : घुसपैठ के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में चल रही याचिका पर दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। अदालत ने फैसले को सुरक्षित रख लिया है। फैसला सुनाने की तारीख अभी तय नहीं हुई है। आज सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन के साथ वर्चुअल मोड में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल शामिल हुए। सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत से कहा कि केंद्र सरकार की ओर से इससे संबंधित कोई आंकड़ा शपथ पत्र के माध्यम से नहीं दिया गया है। अदालत में उनकी ओर से यह भी जानकारी दी गई कि इस तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कपिल सिब्बल ने कहा कि इस याचिका का इस्तेमाल पॉलिटिकल एजेंडा के रूप में हो रहा है। राज्य में आने वाले कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इस विषय को मुद्दा बनाया जा रहा है। इस पर केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि केंद्र अदालत में घुसपैठ से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत कर चुका है। केंद्र की ओर से बताया गया है कि संथाल परगना के जिलों में किस तरह से आदिवासियों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने बताया कि अंतिम जनसंख्या के आधार पर तैयार आंकड़े कोर्ट में दिए गए हैं। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि राज्य में घुसपैठियों की पहचान के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। इसे लेकर आगामी 30 सितंबर को केंद्रीय गृह सचिव और राज्य के मुख्य सचिव के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली में होने वाली है। बैठक में घुसपैठ के मसले पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों के संबंध में विचार होगा।

## स्वच्छता हमारे जीवन शैली का प्रमुख हिस्सा बननी चाहिए - डॉ ब्रजेश

### स्वच्छता अपनाकर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं- डॉ सी पी महतो

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : राँची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में आर यू की एन एस एस इकाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के चौथे दिवस के अवसर पर स्वच्छता संगोष्ठी सह शपथ कार्यक्रम विश्वविद्यालय भूगर्भ शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ चक्रधर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में भूगर्भ शास्त्र विभाग के सभागार मे आयोजित की गई।




संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन शैली का प्रमुख हिस्सा बनानी चाहिए एवं स्वच्छता को सेवा भाव से कार्य कर समाज मे सकारात्मकता लानी चाहिए।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ चक्रधर प्रसाद महतो ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं।उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वयं से शुरुआत कर अन्य को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी को एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ भारती द्विवेदी, डॉ किशोर सुरीन, डॉ तारकेश्वर सिंह मुंडा, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ शिल्पी आभा खलखो ने भी संबोधित किया।

संगोष्ठी का सफल सन्चालन दिवाकर आनंद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चंचल लकड़ा ने किया।

संगोष्ठी के पश्चात बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर स्तिथ झंडोत्तोलन ग्राउंड में स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं सभी ने स्वच्छता ही सेवा को अपने जीवन में प्रमुख स्थान देने का संकल्प लिया।

## बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने कि व संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। उपस्थित किशोरी एवं किशोर को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में बीटीटी प्रकाश पंडित ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्देश्य एवं सात कंपोनेंट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर डॉ रत्ना रानी ने 40 किशोरियों के बीच सेनेटरी नैपकिन पैड का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रधान लिपिक सोनी रविदास, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, भावेश कुमार सिंह, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, फैमिली वर्कर विशाल कुमार, बीटीटी नरोत्तम कुमार, सहिया साथी सुनीता देवी, गुंजा देवी, पूनम देवी, क्रांति देवी, पार्वती देवी, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी देवी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## बाबूलाल मरांडी की कार्यसमिति में सबसे कम उम्र के रजनीश पांडेय बने सोशल मीडिया सह प्रभारी

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** :भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपनी घोषित प्रदेश कार्यसमिति में कई युवाओं को स्थान दिया है। इस कार्यसमिति में 27 वर्षीय **रजनीश पांडेय** को प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे सोशल मीडिया के जरिये पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे।



रजनीश पांडेय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रांची से पूरी की है और वे पिछले कुछ वर्षों से भाजपा के विभिन्न स्तरों पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। रजनीश इससे पहले भाजपा के रांची ज़िला में सोशल मीडिया प्रभारी के तौर पर कार्यरत थे और उनकी सक्रियता और रणनीति की बदौलत पार्टी को डिजिटल माध्यमों में मजबूती मिली है। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि संगठन की युवा टीम को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष महत्व दिया जा रहा है। वर्तमान समय में सोशल मीडिया एक प्रभावी साधन बन चुका है, जिससे पार्टी की नीतियों और योजनाओं को तेजी से जनता के बीच पहुंचाया जा सकता है।

रजनीश पांडेय ने बताया कि आगामी विधानसभा सभा चुनाव में सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों को और सशक्त रूप से प्रचारित किया जाएगा। इसके अलावा, वह डिजिटल माध्यमों पर भी पार्टी को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

रजनीश पांडेय को यह जिम्मेदारी मिलना प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा नेतृत्व युवा शक्ति को संगठन में महत्वपूर्ण स्थान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मेसरा पुलिस ने स्वणरिखा नदी से अज्ञात युवक का शव निकाला

ओरमांझी:राजधानी रांची के मेसरा थाना क्षेत्र के BIT इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल नंबर नौ के पूछे स्वर्ण रेखा नदी से एक नदी में तेरता हुआ सड़ा गला शव क्रो मेसरा पुलिस ने शुक्रवार क्रो बड़ी मुस्कक्त के बाद बाहर निकालाऔर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया,पानी में उफ़ला शव बृहस्पतिवार की संध्या लगभग 6 बजे क्रो ही देखा गया था,जिसके बाद इस की सूचना स्थानीय पुलिस क्रो दी गई,घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस टीम अंधेरा के वजह से शव क्रो बाहर नहीं निकल पाई थी,शव नदी में ही पड़ा था,शव पूरा फुला अवस्था में था,जो काफ़ी बदबू दे रहा था,इस संबंध में मेसरा ओपी प्रभारी रोशन कुमार ने बताया की स्थानीय लोगों द्वारा मामले की जानकारी मिली थी, घटना स्थल पर पहुंचे थे तो अंधेरा हो गया था,शव काफ़ी दूर पर था, वहीं उन्होंने बताया की शव क्रो देख यह प्रतीत होता हैं की शव पिछले तीन दिन पहले लगातार हो रहें तेज बारिस में बह कर इधर आ गया होगा.




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।